शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 103 | गुवाहाटी | रविवार, 6 नवंबर, 2022 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

सेना की पहल पर पहली बार राइजिंग सन वॉटर फेस्टिवल का आयोजन पेज 3
आज भारत बहुत बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बनता जा रहा : अश्विनी वैष्णव पेज 4
समय पर निर्णय, टीम वर्क और जन-जागरूकता से हर महामारी से बचाव... पेज 5
अलग्व में सरकार की नीतियों के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन पेज 8

## रूस की मदद कर रहा अमेरिका, ईरान के ड्रोन ने खोली पोल



**वॉशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच आठ महीने से अधिक समय से चल रहे युद्ध का कोई हल नहीं निकल सका है। रूस ने मिसाइलों के हमलों से यूक्रेन को पूरी तरह से तबाह कर दिया है, लेकिन यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की रूसी प्रेसिडेंट के सामने डटे हुए हैं। रूस तरह-तरह के हथियारों का प्रयोग कर रहा है, जिसमें ईरान के ड्रोन भी शामिल हैं। एक नई रिसर्च से पता चला है कि अमेरिका जैसे पश्चिमी देश भले ही सामने से रूस को जमकर कोस रहे हों, लेकिन पर्दे के पीछे से उनकी मदद भी कर रहे हैं। दरअसल, रूस द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे ईरानी ड्रोन्स में वेस्टर्न कंपोनेंट्स भी शामिल हैं, जिसकी वजह से यूक्रेन में बड़ी संख्या में निर्दोष नागरिकों की मौत हो गई। ब्रिटेन स्थित एक एक्सपर्ट ने चेतावनी दी है कि जटिल और अभेद्य आपूर्ति नेटवर्क के माध्यम से तेहरान को उपकरण बेचने वाली निजी कंपनियों को रोकना वर्तमान में बेहद मुश्किल है। यूएस समर्थित रेडियो फ्री यूरोप के जांच विभाग, स्कीम्स की एक जांच ने सुझाव दिया कि ईरान के बड़े पैमाने पर उत्पादित मोहजर -6 लड़ाकू ड्रोन में अमेरिका और यूरोपीय संघ दोनों के कुछ कंपोनेंट्स शामिल हैं। इसके अलावा, घातक हथियारों में चीन के भी कुछ चीजें शामिल हैं। हांगकांग में बना एक रियल-टाइम मिनी कैमरा भी है। यूक्रेन के इंटेलिजेंस का मानना है कि मोहजर -6 में उत्तरी अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान और ताइवान में स्थित 30 से अधिक विभिन्न प्रौद्योगिकी कंपनियों के कंपोनेंट्स शामिल हैं। अपने निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए पत्रकारों ने एक मोहजर -6 ड्रोन के कुछ हिस्सों को भी देखा, जिसे यूक्रेनी सेना ने काला सागर के ऊपर माइकोलायिव क्षेत्र के तटीय शहर ओचाकिव के करीब -शेष पृष्ठ दो पर

## भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पूरे राज्य में मनाई गई 11वीं पुण्यतिथि



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** सुधाकंठ के रूप में विख्यात भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की 11वीं पुण्यतिथि शनिवार को गुवाहाटी समेत पूरे राज्य में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाई गई। पूरे राज्य के प्रत्येक जिला के विभिन्न इलाकों में डॉ. हजारिका को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अनेक जगहों पर प्रिय कलाकार की स्मृति में तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित किए। गुवाहाटी में भी भूपेन हजारिका के समाधिक्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रमों के साथ सुधाकंठ की पुण्यतिथि मनाई गई। विश्व प्रसिद्ध कलाकार भूपेन दा की 11वीं पुण्यतिथि को जालुकबाड़ी स्थित उनकी समाधिक्षेत्र में असम सरकार के तत्वावधान में एक स्मरण सभा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। न्यू गुवाहाटी के गणेश मंदिर, गौहाटी विश्वविद्यालय, दिघलीपुखरी -शेष पृष्ठ दो पर

पूर्वांचल केशरी
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## जल जीवन योजना में 2024 तक राज्य के 63 लाख परिवार होंगे शामिल : जयंत मल्ल





फाइल फोटो

**जोरहाट ( हि.स. )।** जोरहाट जिला के पटिया गांव में शनिवार को राज्य के जन स्वास्थ्य तकनीकी विभाग के मंत्री जयंत मल्लबरुवा ने फकला जलापूर्ति योजना का शुभारंभ किया। तीन पंचायतों को कवर करने की महत्वाकांक्षी योजना से 5,000 लोग लाभान्वित होंगे। मंत्री मल्लबरुवा ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत असम में 38 प्रतिशत काम हो चुका है। इस योजना के तहत 2024 तक 63 लाख परिवारों को मुफ्त पेयजल आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने एआईयूडीएफ के अध्यक्ष एवं सांसद पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अजमल 2026 में सरकार बनाने का दावा करते हैं, यह असमिया जाति के लिए एक भयानक संकेत है। अब असमिया लोगों को जागरूक होना होगा, क्योंकि असम वीरों की धरती है और अजमल कभी भी असमियों को हरा नहीं पाएंगे। उन्होंने असम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगली पीढ़ी के सामने बदन (विश्वासघाती) के नाम से पहचाने जाएंगे। भूपेन बोरा के साथ जो हैं, वे सभी घुसपैठिया बांग्लादेशी मूल के हैं। वहीं, भाजपा नेता एवं विधायक रूपज्योति कुर्मी ने कहा कि यह सोचने का विषय है कि क्या अजमल असम से सांसद की सीट जीत पाएंगे या नहीं। अजमल व्यापार और वाणिज्य के लिए हैं, वह सांसद पूंजी को खर्च करने में सक्षम नहीं हैं। असमिया लोगों को उन्हें जीतने का अधिकार नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 में कांग्रेस विपक्ष की भूमिका में नहीं होगी। विपक्ष की सीट पर दूसरी पार्टियां बैठेंगी। कांग्रेस का भारत जोड़ो आंदोलन उल्टा शुरू हो गया है, इसकी शुरुआत ऊपरी असम से होनी चाहिए थी, लेकिन इसकी शुरुआत धुबड़ी से हुई है, ऐसी पार्टी कैसे सुधरेगी। इस अवसर पर सांसद तपन गोगोई, विधायक हितेंद्र नाथ गोस्वामी और राज्यसभा सांसद कामाख्या प्रसाद तासा भी मौजूद थे।

## खालिस्तानी कनेक्शन : सुधीर की हत्या का आतंकी लखबी ने ली जिम्मेदारी



**अमृतसर।** अमृतसर में हिंदू नेता सुधीर सूरी की शुक्रवार को सरेआम गोलियां मार कर हत्या करने के मामले में अब आतंकी कनैक्शन जुड़ गया है। कनाडा में बैठे भगोड़े खालिस्तानी आतंकी लखबीर लांडा ने सोशल मीडिया पर सूरी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। आतंकी लखीबर ने फेसबुक पर लंडा हरिके अकाउंट से पोस्ट कर कहा है कि जो सिख कौम या किसी भी अन्य धर्म के बारे में बुरा बोलते हैं, वे सभी तैयारी रखें। सभी की बारी आएगी। सिक्योरिटी लेकर यह ना समझें कि बच जाएंगे। अभी तो -शेष पृष्ठ दो पर

## एआईयूडीएफ बनेगा महागठबंधन का हिस्सा : अजमल

**गुवाहाटी।** बदरुद्दीन अजमल एक बार फिर से फिर से ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के अध्यक्ष के रूप में चुने गए हैं। विभिन्न जिलों के पार्टी नेताओं और सहयोगी संगठनों की उपस्थिति में गुवाहाटी में पार्टी की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान अजमल को सर्वसम्मति से फिर से अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष के रूप में चुने जाने के बाद अजमल ने कहा कि एआईयूडीएफ भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ -शेष पृष्ठ दो पर

Door graph
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## रूपशिखा के घर पहुंचे डीजीपी



**दरंग ( हि.स. )।** रूपशिखा नाथ के संबंध में खबर प्रसारित होते ही डीजीपी भास्कर ज्योति महंत शनिवार को रूपशिखा के घर पहुंचे। दरंग जिला मुख्यालय शहर मंगलदै के ज्योतिनगर की रूपशिखा ने जेएनयू में 7वां स्थान हासिल किया है। रूपशिखा के माता-पिता दोनों पुलिस विभाग की स्पेशल सेल में कार्यरत हैं। रुपशिखा जेएनयू में जगह पाने में खासतौर पर सक्षम हुई हैं। वह अपने हाथों से कलम भी नहीं उठा पाती है। वहीं पानी की गिलास भी अपने हाथों से नहीं उठा पाती है, ऐसे में वह दिल्ली -शेष पृष्ठ दो पर

## जन-गण-मन जैसा वंदेमारतम का सम्मान करना हर भारतीय का कर्तव्य : केंद्र



**नई दिल्ली।** राष्ट्र जन गण मन और राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का दर्जा एक समान है और नागरिकों को दोनों ही बराबर सम्मान देना चाहिए। केंद्र सरकार ने दिल्ली हाई कोर्ट में दाखिल एक जनहित याचिका पर जवाब देते हुए यह बात कही है। इस अर्जी में मांग की गई थी कि वंदे मातरम को भी वही दर्जा और सम्मान मिलना चाहिए, जो राष्ट्र गान को दिया जाता है। इसके अलावा राष्ट्रीय गीत के सम्मान को लेकर गाइडलाइंस तैयार करने की भी मांग की गई थी। इस पर हाई कोर्ट ने होम मिनिस्ट्री, शिक्षा मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय एवं कानून मंत्रालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। इस अर्जी में यह भी मांग की गई है कि केंद्र -शेष पृष्ठ दो पर

सुप्रभात
*किसी भी कार्य में पल भर का भी विलंब ना करें।*
– आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

#### सिक्किम यात्रा पूरी कर राष्ट्रपति दिल्ली रवाना

**गंगटोक ( हि.स. )।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सिक्किम की अपनी दो दिवसीय यात्रा समाप्त करके दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। अपनी दो दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन आज राष्ट्रपति ने दक्षिण सिक्किम के नामची में सिद्धेश्वर धाम का दौरा किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल सिक्किम पहुंचीं थीं। राजधानी गंगटोक में उनके सम्मान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज सुबह राष्ट्रपति हेलीकॉप्टर से दक्षिण सिक्किम के नामची में सिद्धेश्वर धाम पहुंचीं। नामची हेलीपैड -शेष पृष्ठ दो पर

#### आरएसएस ने आज का कार्यक्रम किया स्थगित

**चेन्नई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने छह नवंबर को होने वाले अपने निर्धारित मार्च और अन्य कार्यक्रमों को स्थगित करने और मद्रास उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश के आदेश के खिलाफ अपील करने का फैसला किया है जिसमें शर्तों के साथ कार्यक्रमों की अनुमति दी गई है। संघ के एक सूत्र ने शनिवार को पुष्टि की कि संगठन ने रूट मार्च और जनसभाओं को स्थगित करने का फैसला किया है, जिन्हें उच्च -शेष पृष्ठ दो पर

## कश्मीर में लश्कर के दो आतंकी गिरफ्तार, हथियार बरामद



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। सोपोर पुलिस ने 2 आतंकवादियों को पकड़ा है, जो लश्कर-ए-तैएबा से जुड़े हुए थे। इनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है, जिसमें 1 पिस्टल, 1 पिस्टल मैगजीन, पिस्टल राउंड और ग्रेनेड शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई बारामूला पुलिस के साथ मिलकर मिलकर की गई। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जी रही है। इससे पहले शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर -शेष पृष्ठ दो पर

## कांग्रेस यानि भ्रष्टाचार, स्वार्थ और भाई-भतीजावाद की गारंटी : मोदी



**सोलन/नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वार्थी समूहों के खिलाफ हिमाचल की जनता को आगाह करते हुए कहा कि खुद को *कट्टर ईमानदार* कहने वाले सबसे ज्यादा भ्रष्ट हैं। कांग्रेस को भ्रष्टाचार, स्वार्थ और भाई-भतीजावाद की राजनीति की गारंटी बताते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल में फिर से डबल इंजन वाली सरकार बनेगी। मोदी ने हिमाचल के सोलन में *विजय संकल्प रैली* को संबोधित करते हुए कहा कि ये लोग खुद को कट्टर ईमानदार कहते हैं, लेकिन सबसे बड़े भ्रष्टाचारी यही होते हैं। ये लोग समाज को तोड़ने के लिए, देश की एकता को तोड़ने के लिए साजिशें रचते हैं। हिमाचल को ऐसे स्वार्थी समूह से खुद को बचाकर रखना है। हिमाचल के लोग ये भी -शेष पृष्ठ दो पर

## ननकाना साहिब जा रही विशेष ट्रेन के नौ डिब्बे पटरी से उतरे



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में गुरु नानक जयंती समारोह में शामिल होने के लिए सिख तीर्थयात्रियों को ननकाना साहिब ले जा रही विशेष ट्रेन के नौ डिब्बे शनिवार को पटरी से उतर गए। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। गुरु नानक की जयंती 8 नवंबर को मनाई जाएगी। पाकिस्तान रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि सिख तीर्थयात्रियों को लेकर विशेष ट्रेन कराची से ननकाना साहिब जा रही थी और इसी दौरान पंजाब प्रांत के शोरकोट और पीर महल रेलवे स्टेशन के बीच उसके नौ -शेष पृष्ठ दो पर

## धरती के करीब मिला सूरज से दस गुना ज्यादा है बड़ा ब्लैक होल



**लंदन।** ब्लैक होल्स को ब्रह्मांड का सबसे बड़ा विलेन माना जाता है। कहा जाता है कि इन ब्लैक होल्स से लाइट तक नहीं गुजर सकती। अब यह ब्लैक होल्स धरती के इतने करीब आ पहुंची हैं, जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की थी। एस्ट्रोनॉमर्स का कहना है ब्लैक होल्स बहुत खतरनाक हैं और सूरज से पांच से लेकर 100 गुना तक ज्यादा बड़ी हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, केवल मिल्की वे में ही इनकी संख्या 100 मिलियन से ज्यादा हैं। यह खोज रॉयल एस्ट्रोनामिकल सोसायटी के मंथली इश्यू में पब्लिश हुई है। धरती के सबसे करीब जिस ब्लैक होल को स्पॉट किया गया है, वह सूरज से 10 गुना ज्यादा बड़ा है। यह नक्षत्र मंडल में करीब 1600 प्रकाश वर्ष की दूरी पर है। यह पिछले रिकॉर्ड की तुलना में धरती के तीन गुना ज्यादा करीब है। खगोलविदों ने हवाई पर मौजूद -शेष पृष्ठ दो पर



देश-विदेश की छोटी-बड़ी खबरों के लिए देखें :
विकसित भारत समाचार
E-Paper : www.goodluckpublications.com
www.vbslive.in

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

## पुलिस पर हमले में शामिल आठ आरोपी गिरफ्तार

**मोतिहारी ( हिंस )।** जिले के रामगढवा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में शराब के विरूद्ध छापेमारी करने गई पुलिस पर शराब कारोबारियों द्वारा किये गए हमले को लेकर आरोपितों की धरपकड़ के लिए की गई छापेमारी के दौरान आठ आरोपियो की गिरफ्तारी की गई है। रामगढ़वा थानाध्यक्ष इंद्रजीत पासवान ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की शिनाख्त करते हुए शुक्रवार की देर रात रघुनाथपुर कांड में संलिप्त आठ आरोपियों को गिरफतार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जिसमे रघुनाथपुर गांव निवासी बुन्नीलाल पंडित, दिनेश पंडित, उपेंद्र पंडित, अनूप पंडित, अफजल अंसारी, इदरीश अंसारी, राजू पंडित, व अप्राथमिकी अभियुक्त इमरान कुरैशी, रामगढ़वा के निवासी है। जबकि अन्य लोगो की पहचान के बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

### *ट्विटर में छंटनी पर एलन मस्क की सफाई, कहा–*

# कंपनी को हर दिन हो रहा लाखों डॉलर का नुकसान



भारत समेत दुनियाभर में माइक्रो-ब्लॉगिंग मंच ट्विटर के कर्मचारियों की छंटनी के बीच इसके नए मालिक उद्योगपति एलन मस्क ने अपने कदम को सही ठहराते हुए कहा है कि कंपनी के हर दिन लाखों डॉलर का नुकसान झेलने की स्थिति में उनके पास छंटनी के अलावा कोई विकल्प ही नहीं बचा था। ट्विटर को अप्रैल-जून की तिमाही में 27 करोड़ डॉलर का शुद्ध घाटा हुआ था जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में उसे 6.6 करोड़ डॉलर का लाभ हुआ था। मस्क ने शनिवार को एक ट्वीट में कहा कि ट्विटर के कार्यबल में कटौती का जहां तक सवाल है तो कंपनी के 40 लाख डॉलर प्रतिदिन का नुकसान उठा रही है तो दुर्भाग्य से हमारे पास कोई विकल्प नहीं रहा। उन्होंने आगे लिखा कि कंपनी से निकलने वाले लोगों को तीन महीने की क्षतिपूर्ति पैकेज की पेशकश की गई थी जो कानूनी रूप से जरूरी सीमा से 50 फीसदी अधिक है। मस्क ने 44 अरब डॉलर में ट्विटर का अधिग्रहण करने के बाद बड़े पैमाने पर छंटनी शुरू की है। ट्विटर ने वैश्विक स्तर पर कार्यबल में कमी करने की योजना के तहत भारत में अपने ज्यादातर कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। इस छंटनी से पहले भारत में कंपनी के 200 से अधिक कर्मचारी काम रहे थे। हालांकि, यह अभी स्पष्ट नहीं है कि भारत में नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों को क्षतिपूर्ति के तौर पर कितना भुगतान किया गया है। इस बीच, मस्क ने कंपनी की आय में कमी के लिए *एक्टिविस्ट* को जिम्मेदार ठहराया है। मस्क ने कहा कि एक्टिविस्ट समूह ने विज्ञापनदाताओं पर भारी दबाव बनाया, जिससे ट्विटर की आय में भारी कमी हुई। यहां तक कि सामग्री की निगरानी से भी कुछ नहीं बदला। हमने एक्टिविस्ट को खुद करने के लिए सबकुछ किया। वे अमेरिका में अभिव्यक्ति की आजादी को कुचलने की कोशिश कर रहे हैं। मस्क ने पिछले हफ्ते ट्विटर का अधिग्रहण सौदा पूरा करने के साथ ही इसके मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पराग अग्रवाल और कुछ अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को निकाल दिया था।

# जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए विकसित देशों से मदद मांगेगा भारत



**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए भारत विकसित देशों से मदद मांगेगा। काप-27 (कांफ्रेंस आफ पार्टीज- 27) की बैठक से पहले केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि भारत विकासशील देशों के लिए वित्त और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की मांग भी विकसित देशों से करेगा ताकि इन देशों को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में मदद मिल सके। भूपेंद्र यादव ने कहा कि भारत वह उन कुछ देशों में से एक है, जिसने पेरिस में निर्धारित 2015 के लक्ष्यों को पूरा किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाइफ मिशन के माध्यम से पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि काप-27 में वित्त, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और क्षमता निर्माण के मामले में कार्रवाई होनी चाहिए। यह हमारा समग्र दृष्टिकोण है। बता दें कि मिस्त्र में 6 से 18 नवंबर तक होने जा रही काप-27 बैठक में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और 100 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों के भाग लेने की उम्मीद है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी इसमें शामिल होंगे या नहीं। आगामी छह से 18 नवंबर के बीच मिस्र के शर्म अल-शेख में 27वां संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी-27) आयोजित होना है। इसका उद्देश्य जलवायु आपदा की ओर ध्यान आकृष्ट करना और जलवायु परिवर्तन को रोकने की दिशा में प्रयासों को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर बढ़ते वैश्विक तापमान, बेमौसम बाढ़ एवं सूखा, पानी की कमी, पैदावार में गिरावट, खाद्य असुरक्षा और जैव वैविधता का ह्रास, प्रदूषण और बढ़ती गरीबी तथा विस्थापन से जूझती दुनिया एकजुट होकर मानवता की रक्षा के निमित्त धरती की सुरक्षा के लिए एकजुटता दिखाएगी।

## हम लोगों को वायु प्रदूषण को लेकर जागरूक कर रहे हैं : नीतीश

**पटना ( हिंस )।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से प्रेस कांफ्रेंस में बिहार का नाम लेने के बाद बिहार में प्रदूषण और वायु की गुणवत्ता को लेकर नयी बहस छिड़ गई है। केजरीवाल के बयान पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रतिक्रिया दी है। शनिवार को एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि 2018 से ही हम लोगों को वायु प्रदूषण को लेकर जागरूक कर रहे हैं। इस बार भी पराली जलाने को लेकर मना किया गया था। इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश भी दिया गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि वायु प्रदूषण को लेकर हम बहुत पहले से लोगों को जागरूक कर रहे हैं। 2018 से ही पराली जलाने को मना किया जा रहा है। इस बारे में आप भी पूरी जानकारी ले लीजिए। वहीं, दिल्ली में वायु प्रदूषण उसके बगल के राज्य में पराली जलाने से भी बढ़ता है। ये बात बिल्कुल सच है। इसमें कोई शक नहीं है। उल्लेखनीय है कि वायु प्रदूषण को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रेस वार्त्ता की। इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि प्रदूषण केवल दिल्ली और पंजाब की समस्या नहीं है। यह पूरे भारत की समस्या है। केजरीवाल ने बिहार के पं. चंपारण, बेतिया, मोतिहारी और अन्य जिले का नाम लिया।

# पाकिस्तान में सड़कों पर उतरे इमरान खान के समर्थक



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इमरान खान पर हुए जानलेवा हमले को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इमरान खान पर हत्या के प्रयास के बाद से उनके समर्थक सड़क पर उतर आए हैं। प्रदर्शनकारियों ने इस्लामाबाद के यातायात को प्रभावित कर दिया और पुलिस पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। जुमे की नमाज के बाद एकत्रित लोगों ने कई स्थानों पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और पुतले जलाए। पुलिस प्रशासन ने उनसे वाहनों में आग न लगाने का अनुरोध किया है। इस्लामाबाद पुलिस ने ट्वीट कर कहा कि प्रदर्शनकारियों ने शहर के यातायात को प्रभावित कर दिया है। प्रदर्शनकारियों से वाहनों में आग न लगाने का अनुरोध किया जाता है। इसके साथ ही रावलपिंडी प्रशासन ने भी पथराव को रोकने के लिए प्रदर्शनकारियों से अनुरोध किया है। इमरान खान के खिलाफ हत्या के प्रयास के कुछ घंटे बाद लोगों ने खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर में कोर कमांडर हाउस के सामने भी विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच पाकिस्तान सरकार ने पंजाब के प्रशासन से हत्या की साजिश की तह में जाकर जांच करने के लिए कहा है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को गुरुवार शाम उस समय गोली मार दी गई, जब वह अपने कंटेनर में सवार होकर आजादी मार्च निकाल रहे थे। यह आजादी मार्च वजीराबाद के अल्लाहवाला चौक पर था। तभी उनपर जानलेवा हमला हो गया। घटना में सात लोगों के घायल होने और एक व्यक्ति के मारे जाने की पुष्टि की है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान मुअज्जम नवाज के रूप में हुई है। रैली के दौरान गोली चलाने वाले संदिग्ध शूटर को पंजाब पुलिस ने पकड़ लिया है। हमलावर ने स्वीकार किया कि वह इमरान खान को मारना चाहता था क्योंकि वह जनता को गुमराह कर रहे हैं।

# *पृष्ठ एक का शेष*

### *रूस की मदद कर ...*

मार गिराया था। रॉयल यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टीट्यूट (आरयूएसआई) के एक रिसर्च फेलो डॉ सिद्धार्थ कौशल ने बताया कि इसी तरह के सबूत थे कि यूक्रेन में रूस द्वारा आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले एक ड्रोन शहेद -136 में वेस्टर्न देशों के पार्ट्स फिट थे। उन्होंने समझाया, यदि आप उदाहरण के लिए देखते हैं, जो इंजन इसे शक्ति देता है, यह चीनी इंजनों का कॉम्बिनेशन है और अधिक महत्वपूर्ण मिशनों के लिए, आप इसे ताइवान या जर्मन इंजन के लिए स्वैप कर सकते हैं। डॉ. कौशल ने बताया कि ईरान हाल के वर्षों में सैन्य ड्रोन डिजाइन करने में तेजी से कुशल हो गया है और रूस ने हाल के समय में वहां से ड्रोन खरीदे भी हैं।

### *भारत रत्न डॉ. भूपेन...*

समेत शहर में विभिन्न सांस्कृतिक दल, संगठन और संस्थानों ने आज सुधाकंठ को श्रद्धांजलि दी और उनको श्रद्धा के साथ स्मरण किया। सुधाकांत की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों में चित्रांकन प्रतियोगिता, भूपेंद्र संगीत प्रतियोगिता का अयोजन किया गया था। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा, केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल के साथ ही अन्य मंत्रियों, नेताओं और प्रमुख हस्तियों ने भारत रत्न डॉ. हजारिका को याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। असमीया संगीत को विश्व मंच पर ले जाने वाले सुधाकंठ ने न केवल असमिया में, बल्कि बंगाली और हिंदी सहित विभिन्न भारतीय भाषाओं में भी गीत गाया है। सुधाकंठ का संगीत बांग्लादेश के साथ-साथ असम में भी बहुत लोकप्रिय है। उल्लेखनीय है कि संगीत में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. भूपेन हजारिका को 1975 में राष्ट्रीय पुरस्कार, 1977 में पद्मश्री और 1992 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें 2009 में असम रत्न और सन 2012 में पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया था। डॉ. भूपेन हजारिका को सन 2019 में मरणोपरांत भारत सरकार द्वारा देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उन्हें देश-विदेश में विभिन्न पुरस्कारों से भी नवाजा गया। 5 नवंबर, 2011 को मुंबई के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।

### *रूपशिखा के घर...*

जाकर कैसे अपनी पढ़ाई करेगी, इसको लेकर चर्चा हो रही है। रूपशिखा की खबर मीडिया में प्रसारित होने के तुरंत बाद राज्य के पुलिस महानिदेशक भास्कर ज्योति महंत रूपशिखा के आवास पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि रूपशिखा के लिए उसकी मां ने छुट्टी मांगी थी। डीजीपी ने संवाददाताओं से कहा कि वह रूपशिखा के पढ़ने के लिए हर तरह की सुविधाएं मुहैया कराएंगे। डीजीपी ने रुपशिखा को 50 हजार रुपए नकद भी सौंपे।

### *खालिस्तानी कनेक्शन : सुधीर ...*

शुरुआत हुई है, हक लेना अभी बाकी है। पुलिस जांच कर रही है कि फेसबुक पोस्ट में कितनी सच्चाई है। हालांकि पिछले दिनों अमृतसर से पकड़े गए तीन आतंकी और तरनतारन में कपड़ा व्यापारी की हत्या में पकड़ गए आतंकियों ने लखबीर लांडा के लिए काम करने का खुलासा किया था। आतंकियों ने बताया कि उन्हें अमृतसर में हिंदू नेता सुधीर सूरी की हत्या करने के लिए कहा गया था। ऐसे में इस हत्या में आतंकी कनैक्शन जुड़ा होने की संभावना बढ़ गई है। अमृतसर के एस.पी. विशालजीत सिंह का कहना है कि इस पोस्ट की पुलिस जांच कर रही है। लखबीर सिंह उर्फ लांडा कनाडा में बैठकर भारत खासकर पंजाब में आतंक फैला रहा है। पंजाब के कई मामलों में वांछित लखबीर साल 2017 में कनाडा भाग गया था। पंजाब पुलिस के अनुसार 33 वर्षीय लखबीर सिंह उर्फ लांडा एक गैंगस्टर है, जो मूलरूप से तरनतारन जिले के हरिके का रहने वाला है। फिलहाल वह कनाडा के सास्काटून में रहता है। लंडा पाकिस्तान में बैठे आतंकी हरमिंदर सिंह उर्फ रिंदा के साथ मिलकर पंजाब में आतंकी नेटवर्क चला रहा है। मोहाली में पंजाब पुलिस के इंटेलिजेंस विंग के हेडक्वार्टर पर हुए आरपीजी हमले में लखबीर सिंह का नाम सामने आया था। तरनतारन में हुए कपड़ा व्यापारी की हत्या में भी लखबीर का नाम सामने आया था। पंजाब में उसके खिलाफ 20 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने सुधीर सूरी के शरीर का सिटी स्कैन करवाया है। इसमें सूरी को चार गोलियां लगने की बात पता चली है। दो गोलियां छाती पर, एक पेट के पास और एक गोली कंधे से लग कर निकल गई है। भारी सुरक्षा प्रबंधों के बीच पुलिस हिंदू नेता का पोस्टमार्टम करवाने के लिए शव सरकारी मेडिकल कालेज के मोर्चरी हाउस में ले गई। पोस्टमार्टम करने के लिए तीन डॉक्टरों का बोर्ड बनाया गया है। शिवसेना (टकसाली) नेता सुधीर सूरी की जघन्य हत्या के बाद अमृतसर में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। हिंदू संगठनों ने आज पंजाब बंद का आह्वान किया है। शिवसैनिक दुकानें बंद करवाने को लेकर लोगों से बहस कर रहे हैं। पंजाब में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। हिंदू नेताओं और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### *एआईयूडीएफ बनेगा ...*

लड़ने के लिए, अखिल भारतीय स्तर के विपक्षी गठबंधन में शामिल होने के लिए तैयार है। नीतीश कुमार द्वारा बनाए जा रहे अखिल भारतीय महागठबंधन का हमने स्वागत किया। उन्होंने बताया नीतीश कुमार जल्द ही असम का दौरा करेंगे। एआईयूडीएफ प्रमुख ने कहा कि हमें उम्मीद है कि ममता बनर्जी और कांग्रेस इस महागठबंधन में शामिल होंगे। उन्होंने हिजाब मुद्दे और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार की आलोचना की।

### *जन-गण-मन जैसा ...*

और राज्य सरकारों को आदेश दिया जाए कि वे तय करें कि हर वर्किंग डे पर स्कूलों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में जन गण मन और वंदे मातरम गाया जाए। इसके अलावा संविधान सभा में 24 जनवरी, 1950 को पारित प्रस्ताव के मुताबिक दोनों के सम्मान के लिए गाइडलाइंस तय की जाएं। याचिकाकर्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने कहा कि भारत राज्यों का संघ है। यह फेडरेशन नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी एक ही राष्ट्रीयता है और वह भारतीयता है। हम में से सभी की जिम्मेदारी है कि वंदे मातरम का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि देश को एक रखने के लिए यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह एक राष्ट्रीय नीति तैयार करे ताकि जन गण मन और वंदे मातरम का सम्मान किया जा सके। याची ने कहा कि यह बात समझ से परे है कि कैसे वंदे मातरम से किसी की भावनाएं आहत हो सकती हैं, जबकि दोनों को ही संविधान निर्माताओं ने चुना है। उन्होंने कहा कि जन गण मन में राष्ट्र की भावना सामने आती है। वहीं वंदे मातरम में राष्ट्र का चरित्र, उसकी जीवन शैली की अभिव्यक्ति होती है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि हर भारतीय वंदे मातरम का सम्मान करे। ऐसा नहीं हो सकता कि कोई वंदे मातरम गाने से इनकार कर दे। अश्विनी उपाध्याय ने अपनी अर्जी में कहा कि वंदे मातरम पूरे देश का विचार था। आजादी के आंदोलन की यह अभिव्यक्ति था। शहर-शहर में होने वाली रैलियों में वंदे मातरम का जयघोष होता था। एक वक्त में अंग्रेजों ने वंदे मातरम के जय घोष से डरकर इस पर बैन लगा दिया था। यही नहीं इसका उल्लंघन करने पर क्रांतिकारियों को जेल में भी डाल दिया जाता था। अर्जी में कहा गया कि रवींद्रनाथ टैगोर ने 1896 में कलकत्ता में कांग्रेस के एक सेशन में वंदे मातरम गाया था। इसके बाद 1901 में कांग्रेस के सेशन में दक्षिण चरण सेन ने भी वंदे मातरम गाया था। यही नहीं 1905 में एक बार फिर से बनारस में आयोजित कांग्रेस के सेशन में सरला देवी ने वंदे मातरम गाया था। लाला लाजपत राय ने लाहौर से इसी नाम से अखबार का प्रकाश किया था।

### *कश्मीर में लश्कर के ...*

के पुंछ जिले में सेना ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया। इस दौरान एक आतंकवादी का शव बरामद हुआ, जिसके पास से हथियार और गोला-बारूद मिले। सैनिकों ने पुंछ सेक्टर के नकारकोट इलाके में पठानी सूट में तीन घुसपैठियों की संदग्धि गतिविधि करते हुए देखा। इसके बाद सेना की ओर से ऑपरेशन चलाया गया। पुंछ ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर राजेश बष्टि और पुलिस उप महानिरीक्षक (राजौरी-पुंछ) डॉ. हसीब मुगल ने इस घटना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब घुसपैठियों को भारतीय सेना ने चुनौती दी गई, तो उन्होंने अंधाधुध गोलीबारी की। सेना की ओर से जवाबी कार्रवाई की गई जिसमें तीनों आतंकवादी घायल हो गए। घने जंगल होने के कारण सेना के जवानों के लिए कठिनाई भरा काम था। जवानों को घायल आतंकवादियों में एक आतंकवादी का शव मिला और उसके पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि एलओसी के पास हथियार और युद्ध में इस्तेमाल किए जाने वाले कई अन्य सामान भी बरामद किए गए। इसके अलावा एलओसी की ओर जाते हुए रास्ते में खून के निशान भी दिखाई दिए।

### *कांग्रेस यानि भ्रष्टाचार...*

जानता हैं कि कांग्रेस का मतलब है भ्रष्टाचार की गारंटी, कांग्रेस का मतलब है स्वार्थ भरी राजनीति की गारंटी। उन्होंने कहा कि भाजपा का काम भी पक्का है और इरादा भी पक्का है वहीं कांग्रेस में अनिश्चितता है, अनिर्णय है, अराजकता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल को आज सबसे ज्यादा जरुरत राज्य को स्थायित्व देने वाली भाजपा सरकार की है। स्थिर सरकार में विकास भी तेज होता है और जनता के प्रति अपनी जवाबदेही के प्रति भी सरकार गंभीर रहती है। उन्होंने कहा कि 2014 में जब केंद्र में स्थिर सरकार बनी तो भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई शुरू हुई। आतंकवाद और नक्सलवाद पर काबू पाया गया और नार्थ ईस्ट में शांति स्थापित हुई। कांग्रेस शासन में अनिश्चितता, अनिर्णय और अराजकता का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस के बरसों के शासन में हमारे यहां ऐसे अनेक स्वार्थ तत्व और समूह पैदा हो गए हैं जो भारत को स्थिर नहीं देखना चाहते, भारत में स्थिर सरकार नहीं देखना चाहते। देश के छोटे राज्य हमेशा इन स्वार्थी समूहों के निशाने पर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर जैसे अनेक छोटे राज्यों ने अब स्थिर सरकार की ओर अपना मुंह मोड़ लिया है। उत्तर प्रदेश में भी यही परंपरा हो गई थी, लेकिन वहां के लोगों ने रिवाज बदल दिया, वहां भी योगी आदित्यनाथ की दोबारा सरकार ला दी। प्रधानमंत्री ने सोलन के साथ अपने जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा कि मैं देश में रहूं या विदेश में, हिमाचल के साथ मेरा लगाव बना रहता है। हिमाचल के लोगों का जो स्नेह है, मैं इस ऋण को कभी चुका नहीं सकता। लेकिन हिमाचल का विकास कर, हिमाचल के लोगों का जीवन आसान बनाकर, मैं अपना दायित्व निभाने के लिए हर पल तैयार हूं। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के किसानों के बैंक खातों में 2000 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। इसका लाभ 9 लाख किसानों को पहुंचा है। यानी उनके जीवन में बहुत बड़े बदलाव की ताकत आई है। उन्होंने कहा कि आज यूरिया की एक बोरी हम 2000 रुपए में विदेश से लाते हैं। लेकिन यह बोरी हम किसानों को 270 रुपए से भी कम दाम में दी जाती है। कुछ लोग 100 रुपए की छूट देते हैं तो 1000 रुपए का विज्ञापन छपवा देते हैं। ऐसे लोगों से भी हिमाचल के लोगों को सतर्क रहना है।

### *ननकाना साहिब जा...*

डिब्बे पटरी से उतर गए। उन्होंने कहा कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। पाकिस्तान रेलवे ने ट्वीट कर कहा कि हादसे के बाद यात्रियों के प्रस्थान की व्यवस्था की गई है जबकि बाकी बचे सिख तीर्थयात्रियों को ननकाना साहिब रवाना करने के इंतजाम किए जा रहे हैं। हालांकि, यह पता नहीं चल सका है कि ट्रेन में भारत के सिख तीर्थयात्री भी सवार थे या नहीं। इस बीच, संघीय मंत्री ख्वाजा साद रफीक ने घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की है।

### *धरती के करीब मिला...*

जेमिनी नॉर्थ टेलीस्कोप का इस्तेमाल कर इस ब्लैकहोल का पता लगाया है। यह इंटरनेशनल जेमिनी ऑब्जर्वेटरी में लगाए गए जुड़वें टेलीस्कोप्स में से एक है। यह टेलीस्कोप्स ब्लैक होल्स की गति को जानने के लिए लगाए गए हैं। एक खगोलविद करीम एल-बद्री जो कि इस रिसर्च पेपर के प्रमुख लेखक हैं, उन्होंने इस स्थित को समझाया है। करीम के मुताबिक सोलर सिस्टम में जहां पर सूरज हैं, वहां ब्लैक होल को रख दीजिए। इसके बाद जहां धरती है वहां पर सूरज को रख दीजिए, पूरा सिस्टम आपके समझ में आ जाएगा। टीम ने मूल रूप से यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के गैया अंतरिक्ष यान से डेटा का विश्लेषण करके संभावित ब्लैक होल सिस्टम की पहचान की। इसके बाद जेमिनी मल्टी-ऑब्जेक्ट स्पेक्ट्रोग्राफ उपकरण इस्तेमाल किया। फिर कहीं जाकर, ब्लैक होल की पहचान हुई जो हमारे सूर्य की तुलना में करीब 10 गुना बड़ा है।

### *सिक्किम यात्रा ...*

पर राज्यपाल गंगा प्रसाद, मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग, मंत्रियों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति ने सिद्धेश्वर धाम का दौरा किया, जहां शिव मंदिर में पुजारियों द्वारा *रुद्राभिषेक पूजा* की गई। इसके बाद राष्ट्रपति ने कौशल विकास विभाग के तहत स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्थापित स्टालों का दौरा किया। राष्ट्रपति ने स्वयं सहायता समूहों के 26 सदस्यों और सिक्किम की महिला उद्यमियों से बातचीत भी की। इसके बाद वह दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। इस मौके पर नामची हेलीपैड पर राज्यपाल गंगा प्रसाद, मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग, उनकी पत्नी कृष्ण राई, मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पदभार ग्रहण करने के बाद सिक्किम का यह पहला दौरा था। इस दौरान उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जिला अस्पताल और अन्य संस्थानों की आधारशिला भी रखी।

### *आरएसएस ने ...*

न्यायालय ने पूरे तमिलनाडु में 44 स्थानों पर आयोजित करने की अनुमति दी थी, जबकि आरएसएस 50 जगहों पर चाहता था। तमिलनाडु के परमीशन ना मिलने पर आरएसएस ने मद्रास हाईकोर्ट का रुख किया था। पुलिस ने महज तीन जगहों पर मार्च करने की अनुमति दी थी बाकी 23 जगहों में जनसभा करने की उम्मीद तभी दी जाएगी जब इनडोर सभाएं स्टेडियम के अंदर करने का वादा किया जाएगा। फिलहाल आरएसएस की मद्रास कोर्ट में अपील के बाद शुक्रवार को बड़ी राहत मिली और 50 में से 44 स्थानों पर रूट मार्च करने की राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को परमीशन दे दी। न्यायमूर्ति जी के इलांथिरैयन की एकल पीठ ने शुक्रवार को आरएसएस को कुछ शर्तों के साथ तमिलनाडु में छह नवंबर को रूट मार्च निकालने और 44 स्थानों पर जनसभाएं करने की अनुमति दी थी। उनमें से एक ने निर्धारित किया कि जुलूस और जनसभाएं मैदान या स्टेडियम जैसे परिसर में आयोजित की जानी चाहिए। न्यायाधीश ने कहा कि छह स्थानों पर रैली की अनुमति नहीं दी जा सकती जहां स्थिति अनुकूल नहीं है - कोयंबटूर, मेट्टुपालयम और पोलाची; तिरुपुर जिले में पल्लादम, कन्याकुमारी में अरुमानई और नागरकोइल। आरएसएस ने 50 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अदालत की मंजूरी मांगी थी। अन्य बातों के अलावा, न्यायाधीश ने कहा कि कोई भी कार्यक्रम के दौरान न तो गीत गाएगा और न ही किसी व्यक्ति, जाति और धर्म के बारे में बुरा बोलेगा। वे किसी भी कारण से केंद्र सरकार द्वारा प्रतिबंधित संगठनों के पक्ष में कुछ भी बात या व्यक्त नहीं करेंगे। उन्हें देश की संप्रभुता और अखंडता को भंग करने वाले किसी भी कार्य में शामिल नहीं होना चाहिए। प्रतिभागी कोई लाठी, लाठी या हथियार नहीं लाएंगे जिससे किसी को चोट लग सकती है।

## *स्वर्वेद भाष्य*




**चतुर्थ मंडल** **तृतीय अध्याय**

**( भक्ति )**

**जीवन मृतक होय कर, लगे भक्ति पथ सार।**
**सत्य दया सन्तोष शिल, चढ़े ज्ञान कर धार॥ 35 ॥**

**शब्दार्थ :** (जीवन मृतक) जीते जी मरना।

**भाष्य :** संसार के सर्व आश-बंधन को छोड़कर भक्ति के सत पथ पर आरुढ़ होना चाहिए। जिसको संसार की कामना लगी है, वह संसार में जीता है। जिसको किसी प्रकार की कामना नहीं, वह तीव्र वैराग्यवान भक्ति के महापथ पर निर्विघ्न चलकर लक्ष्य को प्राप्त करता है। सत्य, दया, संतोष और शील को धारण कर ही ज्ञान के ऊंचे पथ पर चढ़ना चाहिए।

**प्रथम त्रिगुण को जान कर, पीछे निरगुण सन्त।**
**अगुण निर्गुण की भक्ति है, मिले पुरातन कन्त॥ 36 ॥**

**शब्दार्थ :** (त्रिगुण) सत, रज, तम (अगुण) गुणरहित।

**भाष्य :** प्रथम त्रिगुणों को जानकर इसका त्याग करके संत गुणातीत होता है। गुणरहित हो कर ही निर्गुण प्रभु की भक्ति होती है, जिसके द्वारा अनादि परमप्रभु प्राप्त होता है।





## लापता पर्वतारोही मरा और दावो की तलाश के लिए फिर से अभियान शुरू करने की मांग

**इटानगर ( हिंस )।** ऑल टागिन स्टूडेंट यूनियन (एटीएसयू) ने राज्य सरकार से मांग की कि वह लापता पर्वतारोही तापी मरा और उनके सहायक निकू दाओ की तलाशी के लिए मौसम के अनुकूल होने पर फिस अभियान चलाने की मांग की है। एटीएसयू ने सरकार से मरा और दावो के परिजनों की मांगों को पूरा करने का आह्वान किया है। अरुणाचल प्रेस क्लब में शनिवार को यहां मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए, एटीएसयू के अध्यक्ष तड़ाक पकाबा ने कहा कि तापी मरा और निकू दावो के परिवार के सदस्य पिछले कुछ दिनों से धरने पर बैठे हैं, लेकिन राज्य सरकार और खेल और युवा मामलों के विभाग की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आ रही है। मरा और दावो के लापता होने के मामले पर भी राज्य सरकार कोई कदम नहीं उठा रही है। प्रारंभिक खोज और बचाव अभियान ईस्ट कामेंग जिले के जिला प्रशासन द्वारा चलाया गया था, जिसे भविष्य की कार्रवाई के बारे में बिना किसी बयान के अचानक बंद कर दिया गया था। वहीं राज्य सरकार की ओर से भी कोई प्रतिक्रिया साझा नहीं की गयी। उन्होंने राज्य सरकार से एक विशेषज्ञ बचाव कमेटी का गठन करने का अनुरोध किया। जिसमें स्थानीय पर्वतारोहियों को शामिल करके मरा और दावो की तलाश के लिए फिर से अभियान शुरू करने की अपील की। साथ ही राजधानी के आईजी पार्क के टेनिस कोर्ट में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे परिवार के सदस्यों की मांगों को सरकार पूरा करे। ईस्ट कामेंग जिल प्रशासन द्वारा चलाए गए खोज और बचाव अभियान में साजिश का आरोप लगाते हुए, पकाबा ने राज्य सरकार से जिला उपायुक्त पी अभिषेक के खिलाफ जांच करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने की अपील की। दोनों पर्वतारोहियों की पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी (पीएलए) के द्वारा अपहरण की संभावना जताते हुए उन्होंने राज्य सरकार से केंद्र सरकार से संवाद करने की अपील की ताकि केंद्र सरकार चीन से संवाद कर सके। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि एटीएसयू ने राज्य सरकार को अपनी मांग पर प्रतिक्रिया के लिए 7 दिन का समय दिया है, जिसे राज्य के मुख्यमंत्री को सौंपा गया था।

# सेना की पहल पर पहली बार राइजिंग सन वॉटर फेस्टिवल का आयोजन

**रि-भोई ( मेघालय ) ( हिंस )।** भारतीय सेना की पहल पर पहली बार पूर्वोत्तर में मेघालय के उमियाम झील में राइजिंग सन वाटर फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इसका आयोजन भारतीय सेना के पूर्वी कमान और गजराज कोर और हेर हॉर्न डिवीजन की मेजबानी में किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रमों के तहत आयोजित फेस्टिवल का शनिवार को समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा और भारतीय सेना की पूर्वी कमान के जीओसी राणा प्रताप कलिता उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ. सरमा ने कहा कि वह पूर्वोत्तर में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भारतीय सेना को धन्यवाद देते हैं। मुख्यमंत्री ने रोइंग और नौकायन रेगटा के लिए एक साथ



लाने और उनकी भागीदारी और रोमांचक प्रदर्शन के लिए एक साझा मंच प्रदान करने के लिए देश के विभिन्न क्लबों और खिलाड़ियोंके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुझे यह देखकर प्रसन्नता हो रही है कि यह महोत्सव पूर्वोत्तर के साथ-साथ देश की विविध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि उमियाम झील में वाटर फेस्ट के इस उद्घाटन संस्करण में 22 क्लबों से लगभग 200 प्रवेश पत्र प्राप्त हुए। हमें इस आशाजनक जल खेल को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना होगा। मैं ईमानदारी से इस संबंध में मेघालय सरकार का सहयोग चाहता हूं। मुझे विश्वास है कि इससे आने वाले दिनों में पूर्वोत्तर में वाटर स्पोर्ट्स की लोकप्रियता और प्रोत्साहन में एक नई शुरूआत होगी। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत की सुंदर सांस्कृतिक कलाओं के ऐसे आयोजनों से राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन होगा। इस दौरान नौसेना कर्मियों द्वारा विशेष साहसिक कार्य प्रदर्शित किए गए। उधर गायिका रूपाली कश्यप ने आज यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दी। शो का लुत्फ उठा रहे दर्शक उनके बिहू गीत पर थिरकने के लिए मजबूर हो गए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एवं जीओसी कलिता के साथ पूर्वी कमान के एयर मार्शल सुजीत पुष्पाकर टरका, एयर ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल डीएस राणा, पूर्वी वायु कमान, डीएस राणा, जीओसी 4 कोर के मेजर जनरल एस मुरुगेसन के साथ जीओसी 21 माउंटेन डिवीजन के अधिकारी और सैन्य कर्मी उपस्थित थे।

## एसएसबी की 6वीं वाहिनी ने मनाया सतर्कता जागरुकता सप्ताह



**कोकराझाड़ ( असम ) ( हिंस )।** कोकराझाड़ जिला के रानीगुली स्थित सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 6वीं वाहिनी द्वारा गत 31 अक्तूबर से 6 नवंबर तक *भ्रष्टाचार मुक्त भारत, विकसित भारत* विषय पर सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाया जा रहा है। सतर्कता जागरुकता सप्ताह के अवसर पर एसएसबी 6वीं वाहिनी मुख्यालय तथा सभी सीमा चौकियों सरलपारा, नहरानी, शाशिपुर, टुकराबस्ती, ढोलखोला, सोनापुर एवं दादगीरी में 31 अक्तूबर को बलकर्मियों ओर आम नागरिकों ने शपथ ग्रहण में भाग लिया। वहीं 03 एवं 04 नवंबर को प्रश्नोत्तरी, निबंध और उदघोष (नारा) लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। सीमावर्ती ग्राम सभाओं के नागरिकों के साथ सभा कर उन्हें भ्रष्टाचार मुक्त भारत के बारे में बताया गया। इस अवसर पर एसएसबी की 6वीं वाहिनी मुख्यालय रानीगुली एवं सीमा चौकियों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. एलएम सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी (कमांडिग अधिकारी) लोकेश कुमार सिंह, उप कमांडेंट संजीव कुमार, उप कमांडेंट प्रभाकर कुमार वैद्य, उप कमांडेंट नरेंद्र सोपान कुटे, सहायक कमांडेंट सुकुमार देववर्मा, आम नागरिकों ने एवं 300 से अधिक बल कार्मिकों ने भाग किया। निरंतर इसके तहत कार्यक्रम किए जा रहे है।

## पंद्रह करोड़ रुपए का नशीला टेबलेट बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार



**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के सोनापुर थानांतर्गत इलाके से पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाकर भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीला याबा टेबलेट समेत एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। सोनापुर की एसीपी सुकन्या दास ने शनिवार को बताया कि गुवाहाटी के संयुक्त पुलिस कमिश्नर पार्थ सारथी महंत के नेतृत्व में सोनापुर इलाके से 60 हजार याबा टेबलेट बरामद किया गया है। जब्त प्रतिबंधित नशीले टेबलेट की कीमत 15 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। जिसे मणिपुर से गुवाहाटी होंडा आई20 कार (डीएल-07सीके-8778) के जरिए तस्करी की जा रही थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने सोनापुर टोल प्लाजा के पास से वाहन को जब्त किया। इस मामले में मणिपुर के थाउबोल जिला के अजमल खान नामक ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार ड्रग्स तस्कर से सघन पूछताछ कर रही है।

## पूसीरे के वर्कशॉपों में डिब्बों और वैगनों के ओवरहालिंग में उल्लेखनीय वृद्धि

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) के अंतर्गत न्यू बंगाईगांव और डिब्रुगढ़ के रॉलिंग स्टॉक वर्कशॉपों में ट्रेन डिब्बों और गुड्स वैगनों के रखरखाव में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। दोनों वर्कशॉपों ने इस वित्तीय वर्ष में अप्रैल से अक्तूबर की अवधि के दौरान लक्ष्य से ज्यादा डिब्बों और वैगनों की आवधिक ओवरहालिंग (पीओएच) आउटटर्न प्रदान की है। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने शनिवार को एक बयान में बताया कि ट्रेन संचालन के लिए सुरक्षा सर्वोपरि है। पूसीरे ने सुरक्षित ट्रेन संचालन और यात्रियों को सुगमता प्रदान करने के लिए डिब्बों और वैगनों के नियमित रखरखाव सहित कई पहल की हैं। न्यू बंगाईगांव वर्कशॉप ने इस वर्ष अप्रैल से अक्तूबर तक की अवधि में 252 के निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले 260 गैर-वातानुकूलित और वातानुकूलित पारंपरिक डिब्बों का आवधिक ओवरहालिंग (पीओएच) किया है। इसी तरह इस अवधि के



लिए डिब्रुगढ़ वर्कशॉप में पारंपरिक डिब्बों के लिए पीओएच का 252 के निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले आउटटर्न 259 हुआ। न्यू बंगाईगांव वर्कशॉप में इस अवधि के दौरान 56 के लक्ष्य के मुकाबले 58 डेमू डिब्बों और 980 के लक्ष्य के मुकाबले 1005 बीजी गुड्स वैगनों का पीओएच किया गया। दोनों रॉलिंग स्टॉक वर्कशॉप ने पहले ही एलएचबी (लिंके हॉफमैन बुश) कोचों के नवीनीकरण और उनका आवधिक ओवरहालिंग क्षमता बढ़ाने के लिए बुनियादी ढांचे में वृद्धि का काम किया है। न्यू बंगाईगांव वर्कशॉप में एलएचबी डिब्बों का आवधिक ओवरहालिंग आउटटर्न 21 डिब्बों के मासिक लक्ष्य के मुकाबले अप्रैल से अक्तूबर के दौरान 140 तक पहुंच गया है। डिब्रुगढ़ वर्कशॉप ने इस अवधि के दौरान 26 डिब्बे प्रति माह के लक्ष्य के मुकाबले 190 एलएचबी डिब्बों की आवधिक ओवरहालिंग आउटटर्न हासिल की है। वर्कशॉप में निर्धारित रखरखाव कार्यक्रम के अनुसार ट्रेन के डिब्बों और गुड्स वैगनों का रखरखाव और मरम्मत की जाती है। ओवरहालिंग (पीओएच) के अलावा समय-समय पर ट्रेन के डिब्बों के लिए नियमित रूप से निर्धारित अंतराल पर मध्यवर्ती ओवरहालिंग (आईओएच) भी किया जाता है। न्यू बंगाईगांव वर्कशॉप ने इस वर्ष अप्रैल- अक्तूबर के दौरान डिब्बों के 384 सेटों का मध्यवर्ती ओवरहालिंग आउटटर्न हासिल किया जबकि डिब्रुगढ़ वर्कशॉप ने डिब्बों के 211 सेटों का। पीओएच एवं आईओएच के दौरान, ट्रेन के डिब्बों के अंडर गियर सहित उसके सभी पार्टों के क्षरण, संरचनात्मक क्षति और स्थिरता की सूक्ष्मता से जांच की जाती है और डिब्बों की फिटनेस सुनिश्चित की जाती है। यात्रियों को आरामदायक यात्रा प्रदान करने और संचालन में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डिब्बों और वैगनों की ओवरहालिंग की जाती है।

## 49 क्विंटल बर्मा की अवैध सुपारी जब्त चालक गिरफ्तार

**कार्बी आंग्लांग ( हिंस )।** राज्य में अवैध बर्मीज (म्यांमार) सुपारी सिंडिकेट की गतिविधियां जारी है। मणिपुर से नगालैंड के डिमापुर सीमा के रास्ते असम के कार्बी आंग्लांग में राष्ट्रीय राजमार्ग-39 के रास्ते तस्करों के एक समूह द्वारा अवैध रूप से बर्मीज सुपारी की तस्करी की जा रही है। इस बार कार्टून के नीचे बर्मीज सुपारी की बोरियों को छुपा कर तस्करी की जा रही थी। शनिवार को पुलिस ने गुप्त सूत्रों के आधार पर डिमापुर की ओर से असम में प्रवेश करते समय समय बोकाजान के खटखटी पुलिस ने छापेमारी कर एक ट्रक से भारी मात्रा में सुपारी जब्त की है। पुलिस ने ट्रक (एचआर-69सी-0579) से सुपारी की 63 बोरियों को जब्त करने के साथ चालक को गिरफ्तार कर लिया है। खटखटी पुलिस ने ट्रक से 49 क्विंटल सुपारी जब्त की है।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर सीसुब ने किया साइकिल रैली का आयोजन



**गुवाहाटी ( हिंस )।** प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के निर्देश पर 31 अक्तूबर से 6 नवंबर तक सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) गुवाहाटी (पटगांव) फ्रंटियर मुख्यालय एवं अन्तर्निहित वाहिनियों एवं सेक्टर मुख्यालयों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय *भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत* चुना गया है। शनिवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 के दौरान कार्यक्रमों की श्रृंखला में सीसुब गुवाहाटी फ्रंटियर के महानिरीक्षक कमलजीत सिंह बन्याल के मार्गदर्शन में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली गुवाहाटी फ्रंटियर मुख्यालय के मुख्य द्वार से शुरू होकर रानीगेट, वीआईपी चौक, काहिकुची, आजरा पुलिस स्टेशन के रास्ते बीएसएफ परिसर में संपन्न हुई। साइकिल रैली में फ्रंटियर मुख्यालय, प्रथम बटालियन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), एयर विंग गुवाहाटी और कम्पोजिट हॉस्पिटल पटगांव के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महानिरीक्षक बन्याल ने कहा कि भारत को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए सभी को सामूहिक रूप से भाग लेना चाहिए। इस लक्ष्य को जन-जन में जागरूकता फैलाकर हासिल किया जा सकता है।

## लोक निर्माण विभाग का कंप्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय, असम की टीम ने कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग सिलचर क्षेत्रीय सड़क मंडल के कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी राज्य के विशेष डीजीपी जीपी सिंह ने दी। जीपी सिंह ने बताया कि शनिवार को सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय, असम की एक टीम ने शिकायतकर्ता के श्रम लाइसेंस को संसाधित करने के लिए शिकायतकर्ता से ली गई रिश्वत के पैसे के साथ कंप्यूटर ऑपरेटर सिबाश घोष को रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर जा रही है।

## लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी ग्रेटर का कैंसर पीड़ित बच्चों को अमूल दूध वितरित




**गुवाहाटी ( विभास )।** अपने स्थाई प्रोजेक्ट *कोशिश एक आशा* के तहत लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी ग्रेटर ने आज सेंट ज्युडस इंडिया चाइल्ड केयर सेंटर, काला पहाड़ में कैंसर से पीड़ित बच्चों के लिए 84 लीटर अमूल दूध प्रदान किया। इस कार्यक्रम की संयोजक लायन बिमला जाजोदिया एवं लायन रन्जना जाजू के विषेश प्रयासों से आज का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। क्लब के जनसंपर्क अधिकारी लायन रतन खाखोलिया ने बताया कि आज के कार्यक्रम को एक शुभचिन्तक ने गुप्तरुप से स्वेच्छापूर्वक प्रायोजित किया। क्लब की अध्यक्ष लायन बेला नाउका ने आज के कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## साधना मंदिर में बही श्याम प्रभु के भजनों की गंगा



**गुवाहाटी ( विभास )।** फैंसी बाजार के एमएस रोड स्थित साधना मंदिर प्रांगण में शनिवार को खाटू नरेश श्री श्याम प्रभु के भजनों की गंगा बही, जिसमें श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूमते नजर आए। श्री श्याम परिवार गुवाहाटी के तत्वावधान में चल रहे तीन दिवसीय श्री श्याम कार्तिक महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को आमंत्रित कलाकारों ने अपने-अपने भजनों के पुष्प दरबार में अर्पित किए। कोलकाता के गायक कलाकार सुरज शर्मा ने अपने भजनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इससे पूर्व कार्तिक महोत्सव के उपलक्ष में खाटू नरेश श्री श्याम प्रभु का आज तुलसी के पत्तो से अलौकिक श्रृंगार किया गया जो भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। आयोजकों ने बताया कि महोत्सव के महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार की सुबह 9 बजे से सुंदरकांड पाठ एवं 1 बजे से स्थानीय कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुती दी गई। महोत्सव के अंतिम दिन 6 नवंबर को शाम 4.15 बजे से कोलकाता से रोहित शर्मा, अभिषेक माधव व जयपुर से अभिषेक नामा अपने-अपने भजनों के पुष्प दरबार में अर्पित करेंगे। इसके पश्चात अमृत भंडारे का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के दूसरे दिन बड़ी संख्या में भक्तों ने श्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। आयोजन को सफल बनाने के लिए श्री श्याम परिवार के सभी सदस्य जुटे हुए हैं। तीन दिवसीय श्री श्याम परिवार का कार्तिक महोत्सव कार्यक्रम का समापन रविवार कि रात महा आरती व प्रसाद वितरण के साथ होगा।

# दीपतेश्वरी आंचलिक रास महोत्सव की तैयारियां पूरी

**रंगिया ( विभास )।** रंगिया महकमा के अंतर्गत नकुल स्थित ऐतिहासिक दीपतेश्वरी आंचलिक रास महोत्सव का इस वर्ष 47 वां आयोजन आगामी 7 नवंबर से 16 नवंबर तक 10 दिवशीय व्यापक कार्यक्रमों के साथ किया जाएगा। महोत्सव के सुचारू रूप से संचालन हेतु अध्यक्ष-रंगिया के विधायक भवेश कलिता, कार्यवाहक अध्यक्ष- विद्याधर कलिता, मुख्य सचिव-दिनेश कलिता, सह-सचिव- हिमांशु नाथ और विभिन्न उपसमितियों सहित एक शक्तिशाली समिति का गठन किया गया है। वहीं आयोजन समिति द्वारा रास महोत्सव की सभी तैयारियां प्राय: पूरी कर ली गई है। दूसरी ओर मूर्तिकार मूर्तियों को अंतिम रूप देने में दिन-रात जुटे हुए है। मिली जानकारी के अनुसार महोत्सव के अंतर्गत आगामी 7 नवंबर, सोमवार को दीपतेश्वरी आंचलिक रास हरिमंदिर समिति के अध्यक्ष नृपेन चंद्र नाथ द्वारा ध्वजारोहण के साथ सुबह 10 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इसके पश्चात आयोजन समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष विद्याधर कलिता और मंदिर समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष निरंजन डेका द्वारा स्मृति तर्पण और इसके बाद क्रमश: पौध



रोपण, पानी तोलन व शोभा यात्रा, अस्थायी कार्यालय का उद्घाटन विभिन्न आमंत्रित अतिथियों द्वारा किया जाएगा। वही संध्या 5 बजे पूजा प्रारंभ तथा इसके पश्चात क्रमश: आतिशबाजी प्रदर्शन, रास महोत्सव के मुख्य द्वार का उद्घाटन, मुख्य मंडप द्वार का उद्घाटन, मंदिर में दीप प्रज्जवलन, प्रदर्शनी द्वार का उद्घाटन व दीप प्रज्जवलन, वाणिज्यिक क्षेत्र द्वार का उद्घाटन के साथ उद्घाटन बैठक आयोजित की जाएगी। इस मौके पर विभिन्न आमंत्रित अतिथियों के अलावा रंगिया के विधायक भवेश कलिता और कमलपुर के विधायक दिगंत कलिता उपस्थित होंगे। उद्घाटन बैठक के पश्चात रात्रि 8 बजे दक्षिन बरदल के शुप्रशिद्ध नागरा नाम गायक रमेन नाथ द्वारा नागरा नाम परिवेशन किया जाएगा तथा 9 बजे पुष्पांजलि और 9.30 बजे प्रसाद वितरण और भोग ग्रहण किया जाएगा। आयोजन समिति ने जानकारी दी है कि महोत्सव के बाकी सभी दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसमें इसबार पुतला थियेटर प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आयतिर नाम, भागवत पाठ, दिहा नाम प्रतियोगिता, सृष्टिशील नृत्य प्रतियोगिता, उजापालि प्रदर्शन, आवाहन थियेटर द्वारा नाटक प्रदर्शन, आवाहन थियेटर द्वारा नाटक प्रदर्शन, राज्य स्तरीय नागरा नाम प्रतियोगिता, सांस्कृतिक संध्या आदि मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। समिति द्वारा महोत्सव को व्यवस्थित और शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करने में सभी के सहयोग और मार्गदर्शन की कामना की गई है। इसके अलावा महोत्सव समिति ने आयोजन स्थल किसी भी तरह का जुआ और शराब के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। वहीं दीपतेश्वरी आंचलिक रास हरिमंदिर समिति के अध्यक्ष और कार्यवाहक अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष महेंद्र महंत, मुख्य सचिव प्रफुल्ल दास, सह-सचिव परेश चंद्र नाथ, कोषाध्यक्ष गोरांगो कुमार नाथ और आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा महोत्सव में सभी भक्तों की उपस्थिति और सहयोगिता की कामना की गई है।

# आज भारत बहुत बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बनता जा रहा : अश्विनी वैष्णव

-रेलमंत्री ने बीएचयू में थिंक इंडिया नेशनल कन्वेंशन का किया उद्घाटन



**वाराणसी, (हि.स.)।** रेल एवं संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के शताब्दी भवन में आयोजित थिंक इंडिया नेशनल कन्वेंशन-2022 का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल रेलमंत्री ने कहा कि दस साल पहले रेल के साथ अन्य क्षेत्रों में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग नहीं थी, आज भारत बहुत बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बनता जा रहा है। इस समय विश्व का दूसरा मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग करने वाला भारत है। अब हम किसी दूसरे देश पर निर्भर नहीं हैं वरन अन्य देशों को मदद कर रहे हैं। रेल मंत्री वैष्णव ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री का विजन है अब इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस हो या ट्रेनों में लगने वाले उपकरण की डिजाइन, सब भारत में ही बनेगा। रेल मंत्री ने आगामी 25 साल तक रेलवे के विकास के लिए लांच किए जाने वाले परियोजनाओं पर प्रजेंटेशन देकर बताया कि अगले दीपावली तक भारत के 100 विश्वविद्यालय 5जी नेटवर्क से लैस हो जाएंगे। पूरे देश में जनवरी से टावर लगाने के काम में तेजी आएगी। भारत तेजी से नई तकनीक के साथ आगे बढ़ता जा रहा है। नए भारत का निर्माण हो रहा है। इसमें युवा वैज्ञानिकों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान होगी। वह चाहे क्षेत्र रेलवे का हो या फिर संचार का। मेक इन इंडिया से भारत में कई प्रोजेक्ट चल रहे हैं। इसका देश को फायदा हो रहा है। कार्यक्रम में विक्रम सारा भाई अंतरिक्ष केंद्र के निदेशक डॉ. एस. उन्नीकृष्णन समेत देशभर के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में आईआईटी बीएचयू निदेशक प्रो.प्रमोद जैन, बरेका की महाप्रबंधक अंजली गोयल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय महासचिव निधि त्रिपाठी की भी मौजूदगी रही।

**राहुल और केजरीवाल पर साधा निशाना** - रेल मंत्री वैष्णव ने इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। रेल मंत्री ने फनी वीडियो का उल्लेख कर एक चिप दिखाते हुए कहा कि इससे लाखों चिप्स निकल सकती हैं। 'पोटैटो चिप्स नहीं बल्कि सिलिकॉन चिप्स'। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल और 'मेक इन इंडिया' का प्रोग्राम लांच किया था। तब विपक्षी दलों के नेताओं ने खूब सवाल उठाए थे। तब राहुल गांधी कहते थे कि सब जगह बब्बर शेर है। पार्लियामेंट में बब्बर शेर है। आज उसी 'मेक इन इंडिया' की वजह से इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग देश में बढ़ रही है। उन्होंने अरविंद केजरीवाल पर भी जमकर हमला बोला। रेल मंत्री के इस तेवर पर हाल में बैठे लोग तालियां बजाते रहे।

## गुजरात में भाजपा की बी टीम की तरह काम कर ही आप : कांग्रेस



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि गुजरात में आम आदमी पार्टी (आप) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बी टीम की तरह काम कर रही है। कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा और गुजरात कांग्रेस प्रभारी रघु शर्मा ने कहा कि आप नेता गुजरात में चार्टर प्लेन से कैश लेकर जा रहे हैं और भाजपा सरकार उन्हें रोक नहीं रही है। खेड़ा ने कहा कि आप विधानसभा उम्मीदवारों का नाम कमलम यानी गुजरात भाजपा मुख्यालय तय कर रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार के हवाई जहाज में दिल्ली के मुख्यमंत्री और पंजाब के मुख्यमंत्री थैले भरकर पैसे ले जा रहे हैं और उन्हें रोका तक नहीं जा रहा है। खेड़ा ने कहा कि ये सरकारी तंत्र का दुरुपयोग है, ये पैसा कहां से आ रहा है, कैश में कैसे आ रहा है? इस मुद्दे पर कोई बात नहीं हो रही है।

## दिल्ली में एक्यूआई ने पार किया 400 का स्तर, तरन-तारन में इससे से भी खराब स्थिति

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** देश में ठंड बढ़ते ही वायु प्रदूषण की समस्या भी बढ़ने लगती है। कई शहरों में एयर क्वालिटी बदतर होती जा रही है। उत्तर भारत के ज्यादातर शहरों में यही स्थिति है। इन शहरों में एक्यूआई इतना ज्यादा हो गई है कि सांस लेना भी मुश्कल हो गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और नोएडा में आज फिर एक्यूआई औसत के लिहाज से हवा की गुणवत्ता काफी खराब है। वहीं पंजाब में पराली के धुएं के चलते राज्य के कई शहरों में एक्यूआई स्तर खतरनाक हो गया है। साल दर साल दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है। दिल्ली के एक्यूआई 400 के स्तर को पार कर गई है। पंजाब में पराली के धुएं के चलते वहां के कई शहर भी इस समय वायु प्रदूषण की मार झेल रहे हैं। पंजाब के तरन तारन जिले में स्थित खेम करन देश में आज वायु प्रदूषण (औसत) की सूची में टॉप पर है। तरन तारन में एक्यूआई 421 दर्ज किया गया है। झारखंड के साहेबगंज जिले स्थित राजमहल में आज एक्यूआई की स्थित काफी खराब है। यहां एक्यूआई 409 देखा गया है। देश की राजधानी दिल्ली में हर साल की तरह इस बार भी प्रदूषण से सांस लेना दूभर हो गया है। वायु प्रदूषण के हालात ऐसे हैं कि बच्चों के स्कूल तक बंद हो गए हैं। दिल्ली सरकार के कर्मचारियों को घर से काम करने को कहा गया है। दिल्ली में एक्यूआई 402 आंका गया है। पंजाब के मुक्तसर साहिब जिले में स्थित मलोट में भी वायु प्रदूषण बढ़ता दिख रहा है। यहां का एक्यूआई 358 देखा गया। लोगों को सांस लेने तक में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बिहार की राजधानी पटना में भी हवा की गुणवत्ता काफी खराब हुई है। यहां एक्यूआई 452 दर्ज किया गया है। पंजाब का अबोहर शहर भी टॉप 10 की सूची में शुमार है। यहां एक्यूआई 344 आंका गया है। राजस्थान के भिवाड़ी में वायु प्रदूषण बढ़ गया है। यहां एक्यूआई 343 दर्ज किया गया है। उत्तर प्रदेश के नोएडा में भी दिल्ली के प्रदूषण का असर दिख रहा है। यहां एक्यूआई 342 देखा गया। बिहार का पूर्णिया भी टॉप 10 प्रदूषित शहरों में आ गया है। यहां का एक्यूआई आज 341 दर्ज किया गया है। हरियाणा के रोहतक में भी इस समय वायु की गुणवत्ता खराब देखी जा रही है। यहां का एक्यूआई 340 आंका गया है। बता दें कि किसी भी क्षेत्र में 0 से 50 के बीच एक्यूआई को सबसे अच्छा माना जाता है। वहीं 51 से 100 तक को संतोषजनक श्रेणी में रखा गया है। अगर एक्यूआई 101 से 200 के बीच है, तो यह मध्यम और 201 से 300 तक रहने पर इसे खराब श्रेणी में माना जाता है। दूसरी ओर 301 से 400 तक के एक्यूआई को बहुत खराब स्तर का माना जाता है और 401 से 500 के बीच के एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है, जहां सांस लेना भी दूभर हो जाता है।

## नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार जापान की यात्रा पर, अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू देखेंगे



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** नौसेनाध्यक्ष (सीएनएस) एडमिरल आर हरि कुमार शनिवार को पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर जापान रवाना हुए। वह 06 नवंबर को योकोसुका में जापानी नौसेना का अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू (आईएफआर) देखेंगे। आईएफआर में शामिल होने के लिए भारत के दो युद्धपोत पहले ही जापान पहुंच चुके हैं। वह क्वाड देशों के मालाबार अभ्यास के उद्घाटन समारोह में भी शामिल होंगे। साथ ही पश्चिमी प्रशांत नौसेना संगोष्ठी (डब्ल्यूपीएनएस) में पर्यवेक्षक के रूप में हिस्सा लेंगे। जापान समुद्री आत्मरक्षा बल (जेएमएसडीएफ) अपनी 70वीं वर्षगांठ मनाने के लिए 06 नवंबर को योकोसुका में अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू (आईएफआर) आयोजित कर रहा है। जापान के प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा अंतरराष्ट्रीय बेड़े की समीक्षा करेंगे, जिसमें 13 देशों के 40 जहाजों और पनडुब्बियों की भागीदारी होगी। आईएफआर में अपनी ताकत का प्रदर्शन करने के लिए भारतीय नौसेना के दो युद्धपोत आईएनएस शिवालिक और कमोर्टा पहले ही जापान पहुंच चुके हैं। आईएफआर और मालाबार एक्सरसाइज में शिरकत के लिए अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के युद्धपोत भी जापान पहुंचने शुरू हो गए हैं। नौसेना प्रमुख यात्रा के दौरान 07-08 नवंबर को योकोहामा में 18वीं पश्चिमी प्रशांत नौसेना संगोष्ठी (डब्ल्यूपीएनएस) में पर्यवेक्षक के रूप में हिस्सा लेंगे, जिसकी मेजबानी डब्ल्यूपीएनएस के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में जापान कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू और नौसेना संगोष्ठी में भारत और भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व करने के अलावा एडमिरल हरि कुमार क्वाड देशों के साथ योकोसुका में होने वाले मालाबार अभ्यास के उद्घाटन समारोह में भी उपस्थित रहेंगे। चार देशों के इस समुद्री अभ्यास को हिंद-प्रशांत में चीन की बढ़ती नौसैनिक शक्ति के खिलाफ एक मजबूत सुरक्षा कवच के रूप में देखा जा रहा है। क्वाड समूह के सदस्यों भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका की नौसेनाओं के साथ होने वाले मालाबार अभ्यास के 26वें संस्करण की मेजबानी भी इस साल जापान कर रहा है। चीन को परेशान करने वाले यह सालाना नौसैन्य अभ्यास 8 से 18 नवंबर के बीच योकोसुका में होगा। इसमें भारत के दो युद्धपोत आईएनएस शिवालिक और कमोर्टा हिस्सा लेकर अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगे। भारत के पी-8आई टोही विमान भी मालाबार युद्धाभ्यास में हिस्सा लेंगे। पूर्वी बेड़े के कमांडर रियर एडमिरल संजय भल्ला यूएस सेवेंथ फ्लीट और कमांडर एस्कॉर्ट फोर्स 3 के साथ परिचालन चर्चा करेंगे। समुद्री नौसैन्य अभ्यास की मालाबार की शुरूआत वर्ष 1992 में भारत और अमेरिकी नौसेना के बीच हुई थी। 2015 में जापानी समुद्री आत्मरक्षा बल भी मालाबार अभ्यास में स्थायी सदस्य के रूप में शामिल हो गया। इसके बाद 2020 के अभ्यास संस्करण में रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना ने भी इसमें हिस्सा लिया। अब क्वाड्रीलैटरल सिक्योरिटी डायलॉग (क्यूयूएडी-क्वाड) में भारत-प्रशांत क्षेत्र की चार प्रमुख नौसेनाएं भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हैं। इंडो-पैसेफिक क्षेत्र में होने वाली मालाबार एक्सरसाइज एक साल जापान में होती है तो एक साल भारत में और एक साल प्रशांत महासागर में किसी अमेरिकी नौसैनिक बेस के करीब। इन बहुराष्ट्रीय आयोजनों में भारतीय नौसेना के स्वदेशी जहाजों की उपस्थिति अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय शिपयार्ड की जहाज निर्माण क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक अवसर होगा। एडमिरल आर हरि कुमार आईएफआर, डब्ल्यूपीएनएस और मालाबार में भाग लेने वाले लगभग 30 देशों के अपने समकक्षों और प्रतिनिधिमंडल के अन्य प्रमुखों के साथ बातचीत करेंगे। सीएनएस की यह जापान यात्रा दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय द्विपक्षीय रक्षा संबंधों के साथ-साथ बहुपक्षीय गतिविधियों में भारत के सक्रिय समर्थन और भागीदारी का प्रतीक है।

## गैंगस्टर लंडा ने ली शिवसेना नेता सूरी की हत्या की जिम्मेदारी

**चंडीगढ़, (हि. स.)।** गैंगस्टर लंडा ने अमृतसर में शिवसेना नेता सुधीर सूरी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। पुलिस ने इस संबंध में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गैंगस्टर लंडा ने कहा है की सूरी को उसके भाइयों ने मारा है। पंजाब पुलिस की सुरक्षा लेने से कुछ नही होगा। सूरी को निपटा दिया गया और पुलिस कुछ नहीं कर पाई। इस बीच पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने देररात घटनास्थल का दौरा किया। इसके बाद अमृतसर में पुलिस अधिकारियों से बैठक में कानून-व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया। पुलिस ने सुबह अमृतसर, होशियारपुर, गुरदासपुर, पठानकोट, जालंधर आदि जिलों में नाके लगाकर बाहर से आने वाले सभी रास्तों को सील कर दिया है। सूरी के शव का आज पोस्टमार्टम किया जाएगा।

## युवाओं को रोजगार देने को लेकर गंभीर नहीं है मोदी सरकार : खड़गे

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि केन्द्र सरकार युवाओं को रोजगार देने के मामले को लेकर गंभीर नहीं है। खड़गे ने शनिवार को ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर वर्ष दो करोड़ लोगों को सरकारी नौकरी देने का वादा किया था लेकिन यह सरकार केन्द्र सरकार में खाली पड़े 10 लाख सरकारी पदों को बीते आठ वर्षों में भरने में विफल रही है। इस सरकार को युवाओं के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी द्वारा किए वादे के अनुसार बीते आठ वर्ष में 16 करोड़ लोगों को नौकरियां मिलनी चाहिए थी लेकिन यह सरकार अपने वादे को भूल गई है। उन्होंने कहा कि इन दिनों मेक इन इंडिया और स्किल इंडिया के बारे में बात नहीं हो रही है। खड़गे ने कहा कि भाजपा सरकार अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए भी कोई काम नहीं कर रही है। इस बात को सरकार ने संसद में खुद स्वीकार किया है कि एससी, एसटी और ओबीसी के रिक्त पड़े पदों को अभी भरा नहीं गया है।



## चुनावों के डर के कारण भाजपा सुकेश चंद्रशेखर जैसे महाठग का सहारा ले रही है: सौरभ भारद्वाज



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** आम आदमी पार्टी के विधायक सौरभ भारद्वाज ने पार्टी मुख्यालय में आज प्रेस वार्ता कर कहा कि गुजरात विधानसभा और दिल्ली के एमसीडी चुनावों को लेकर भाजपा घबराई हुई है। उनकी घबराहट और छटपटाहट इस बात से नजर आ रही है कि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और बड़े-बड़े नेताओं को सुकेश चंद्रशेखर जैसे महाठग का सहारा लेना पड़ रहा है। चुनाव घोषित होने के बाद सुकेश चंद्रशेखर भाजपा के स्टार कैंपेनर बन गए हैं। उनका सहारा लेकर भाजपा का चुनाव लड़ रही है। भारद्वाज ने कहा कि रैनबैक्सी के मालिक शिवेंद्र सिंह जब अपने भाई के साथ जेल के अंदर बंद थे, तब सुकेश चंद्रशेखर ने उनकी पत्नी से पैसे मांगे थे। शिवेंद्र सिंह की पत्नी अदिति सिंह ने 215 करोड रुपए सुकेश चंद्रशेखर के नाम पर दिए। उस वक्त सुकेश चंद्रशेखर जेल में बंद थे तो उनके पास में पैसा आ नहीं सकता था। लॉ सेक्रेट्री, होम सेक्रेट्री और भारत के गृह मंत्री अमित शाह के नाम पर 215 करोड रुपए सुकेश चंद्रशेखर ने रुपए मांगे थे। भाजपा से पूछना चाहता हूं कि देश के गृह मंत्री के नाम पर 215 करोड़ रुपए लिए गए, वह पैसा अमित शाह ने कहां पर रखा है।

## रेलमंत्री ने काशी रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण, प्रस्तावित आईएमएस का ले आउट देखा

**वाराणसी, (हि.स.)।** रेल एवं संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को काशी स्टेशन पर इंटर मॉडल स्टेशन प्रोजेक्ट के तहत चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। विकास कार्यों का जायजा लेने के बाद रेलमंत्री ने काशी स्टेशन पर प्रस्तावित इंटर मॉडल स्टेशन का ले आउट देखा। इसके बाद कर्मचारियों और अफसरों से मुलाकात की। राजघाट स्थित मालवीय पुल का निरीक्षण कर नमो घाट (खिड़कियाघाट) पर जाकर ब्रिज का व्यू देखा। इस दौरान उन्होंने बताया कि गंगा में रेलवे की चार लाइन और उसके ऊपर सिक्स लेन हाई-वे वाला पुल जल्द बनेगा। पुल निर्माण की समय सीमा पर उन्होंने कहा कि यह एक बड़ा प्रोजेक्ट है और इसको पूरा होने में थोड़ा समय लगेगा। पूर्वांचल की जनता को जल्द ही यह सौगात मिलेगी। रेलमंत्री ने बताया काशी रेलवे स्टेशन महत्वपूर्ण स्टेशन है। इसका रि-डेवलपमेंट आर्थिक गतिविधियों के उद्देश्य से 350 करोड़ रुपये से किया जाएगा। इस स्टेशन का पुनर्विकास काशी की धार्मिक संस्कृति को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। काशी रेलवे स्टेशन जल, थल और वायु मार्ग से कनेक्ट होगा। उन्होंने बताया कि काशी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य में अधिकतम ढाई से तीन साल लगेंगे। इसमें एक महत्वपूर्ण बात यह रहेगी कि इनलैंड वाटर-वे की जेटी भी काशी स्टेशन के साथ जुड़ती हुई बनेगी। उससे यहां का कंप्लीट इंटर मॉडल डेवलपमेंट होगा। रेलमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। उन्हीं की प्रेरणा से देश में प्रत्येक दिन रेलवे 12 किलोमीटर नई पटरी बिछा रहा है। बनारस में बुलेट ट्रेन के सर्वे के लिए काम लगातार चल रहा है। अहमदाबाद-मुम्बई रूट पर बुलेट ट्रेन का कार्य गति पर है, अध्ययन चल रहा है। इसी तर्ज पर वाराणसी-नई दिल्ली के बीच बुलेट ट्रेन चलाने की परिकल्पना को साकार किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल, पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक मिश्र, डीआरएम सुरेश कुमार सपरा, पूर्वोत्तर रेलवे डीआरएम रामश्रय पांडेय सहित रेलवे के अन्य अफसर उपस्थित रहे। दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर आये रेलमंत्री शुक्रवार शाम बाबतपुर स्थित लालबहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे। एयरपोर्ट पर रेलवे के अधिकारियों के साथ भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पर ही मछलीशहर सांसद बीपी सरोज ने जफराबाद व बाबतपुर में एफओबी बनाने व बाबतपुर में शटल एक्सप्रेस के ठहराव संबंधी मांग पत्र सौंपा। रेलमंत्री देर शाम सड़क मार्ग से बरेका गेस्ट हाउस पहुंचे और रात्रि विश्राम किया।

# उमा भारती ने किया पारिवारिक बंधन से मुक्त होने का ऐलान, कहलाएंगी 'दीदी मां'

**भोपाल, (हि.स.)।** भाजपा की तेज तर्रार नेत्री और मप्र की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने पारिवारिक बंधन से मुक्त होने का ऐलान किया है। उन्होंने ट्विटर के जरिए कहा है कि वह परिवारजनों को सभी बंधनों से मुक्त करती हैं और खुद भी पारिवारिक बंधनों से मुक्त हो रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की कि अब वह 'दीदी मां' कहलाएंगी। उमा भारती ने शुक्रवार देर रात एक के बाद एक 17 ट्वीट किए, जिनमें उन्होंने अपने पारिवारिक और आध्यात्मिक जीवन को लेकर अहम बातें लिखी हैं। उन्होंने लिखा कि मेरे गुरु ने आदेश दिया था कि मैं समस्त निजी संबंधों एवं संबोधनों का परित्याग करके मैं मात्र दीदी मां कहलाऊं और समस्त विश्व समुदाय मेरा परिवार बने। मैंने भी निश्चय किया था कि अपने संन्यास दीक्षा के 30वें वर्ष के दिन मैं उनकी आज्ञा का पालन करने में लग जाऊंगी। उन्होंने 17 नवम्बर 1992 को उडुपी, कर्नाटक के कृष्ण भक्ति संप्रदाय के महान संत श्रीविश्वेश तीर्थ महाराज (पेजावर स्वामी) से अमरकंटक में नर्मदा के तट पर संन्यास की दीक्षा ली थी। उन्होंने कहा कि जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज ही अब उनके गुरु हैं। उमा भारती ने ट्वीट के माध्यम से कहा कि मेरी संन्यास दीक्षा के समय पर मेरे गुरु ने मुझसे एवं मैंने अपने गुरु से तीन प्रश्न किए। उसके बाद ही मेरी संन्यास की दीक्षा हुई। ये तीन प्रश्न हैं, (1)- 1977 में आनंदमयी मां के द्वारा प्रयाग के कुंभ में ली गई ब्रह्मचर्य दीक्षा का क्या मैंने अनुशरण किया है? (2)- क्या प्रत्येक गुरु पूर्णिमा को मैं उनके पास पहुंच सकूंगी? (3) मठ की परंपराओं का आगे अनुशरण कर सकूंगी? तीनों प्रश्न के उत्तर में मेरी स्वीकारोक्ति के बाद मैंने उनसे तीन प्रश्न किए, (1)- क्या उन्होंने ईश्वर को देखा है? (2)- मठ की परंपराओं के अनुशरण में मुझसे कभी कोई भूल हो गई तो क्या मुझे उनका क्षमादान मिलेगा? (3)- क्या मुझे आज से राजनीति त्याग देना चाहिए? उन्होंने कहा कि पहले दो प्रश्नों के अनुकूल उत्तर गुरु जी द्वारा मिलने के बाद मेरे तीसरे प्रश्न का उनका उत्तर जटिल था। उन्होंने कहा था कि राजनीति में मैं जिस भी पद पर रहूं, मुझे एवं मेरी जानकारी में सहयोगियों को रिश्वतखोरी व भ्रष्टाचार से दूर रहना होगा। इसके बाद मेरी संन्यास दीक्षा हुई। मेरा मुंडन हुआ, मैंने स्वयं का पिंडदान किया। मेरा नया नामकरण संस्कार हुआ, मैं उमा भारती की जगह उमाश्री भारती हो गई। उमा भारती ने कहा कि मैं जिस जाति, कुल एवं परिवार में पैदा हुई उस पर मुझे गर्व है। मेरे निजी जीवन एवं राजनीति में वह मेरा आधार एवं सहयोगी बने रहे। हम चार भाई-दो बहनें थे, जिसमें से तीन का स्वगारोहण हुआ है। मेरे पिता गुलाब सिंह लोधी एक खुशहाल किसान थे, मेरी मां बेटी बाई कृष्ण भक्त परम सात्विक जीवन जीने वाली महिला थीं। मैं घर में सबसे छोटी हूं। यद्यपि मेरे पिता के अधिकतर मित्र कम्युनिस्ट थे किंतु मुझसे ठीक बड़े भाई अमृत सिंह लोधी, हर्बल सिंह लोधी, स्वामी प्रसाद लोधी तथा कन्हैयालाल लोधी सभी जनसंघ एवं भाजपा से मेरे राजनीति में आने से पहले ही जुड़ गए थे। मेरे अधिकतर भतीजे बाल स्वयंसेवक हैं। मुझे गर्व है कि मेरे परिवार ने ऐसा कोई काम नहीं किया जिससे मेरा लज्जा से सिर झुके। इसके उल्टे उन्होंने मेरी राजनीति के कारण बहुत कष्ट उठाए। उन लोगों पर झूठे केस बने, उन्हें जेल भेजा गया। मेरे भतीजे हमेशा सहमे हुए से एवं चिंतित से रहे कि उनके किसी कृत्य से मेरी राजनीति ना प्रभावित हो जाए। वह मेरे लिए सहारा बने रहे और मैं उन पर बोझ बनी रही। उमा भारती ने आगे लिखा कि संयोग से जैन मुनि आचार्य विद्यासागर जी महाराज भी कर्नाटक के हैं, अब वही मेरे लिए गुरु हैं। उन्होंने मुझे आज्ञा दी है कि समस्त निजी संबंधों एवं संबोधनों का परित्याग करके मैं मात्र दीदी मां कहलाऊं एवं अपने भारती नाम को सार्थक करने के लिए भारत के सभी नागरिकों को अंगीकार करूं। संपूर्ण विश्व समुदाय ही मेरा परिवार बने। मैंने भी निश्चय किया था कि अपने संन्यास दीक्षा के 30वें वर्ष के दिन मैं उनकी आज्ञा का पालन करने लग जाऊंगी। यह आज्ञा उन्होंने मुझे 17 मार्च, 2022 को रहली, जिला सागर में सार्वजनिक तौर पर माइक से घोषणा करके सभी मुनिजनों के सामने दी थी। उमा भारती ने कहा कि मैं अपने परिवारजनों को सभी बंधनों से मुक्त करती हूं एवं मैं स्वयं भी 17 तारीख को मुक्त हो जाऊंगी। मेरा संसार एवं परिवार बहुत व्यापक हो चुका है। अब मैं सारे विश्व समुदाय की दीदी मां हूं। मेरा निजी कोई परिवार नहीं है। अपने माता-पिता के दिए हुए उच्चतम संस्कार, अपने गुरु की नसीहत, अपनी जाति एवं कुल की मयार्दा, अपनी पार्टी की विचारधारा तथा देश के लिए मेरी जिम्मेदारी इससे मैं अपने आप को कभी मुक्त नहीं करूंगी।



# समय पर निर्णय, टीम वर्क और जन-जागरुकता से हर महामारी से बचाव संभव : योगी

**– बाबा राघवदास मेडिकल कालेज के स्वर्ण जयंती में बोले यूपी के मुख्यमंत्री योगी**




**गोरखपुर, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर स्थित बीआरडी मेडिकल कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि समय से लिए गए निर्णय, टीम वर्क और बचाव के उपाय पर लोगों को प्रेरित करने का कार्य किसी भी महामारी को नियंत्रित करने के लिए काफी है। योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि कोरोना महामारी ने हमारे सामने कई उदाहरण पेश किए हैं। वे गोरखपुर में बीआरडी मेडिकल कॉलेज के स्वर्ण जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। योगी ने कहा कि कोरोना महामारी ने हमारे सामने कई उदाहरण पेश किए हैं। समय से लिए गए निर्णय, टीम वर्क और अगर हम बचाव के उपाय पर ध्यान देने के लिए लोगों को प्रेरित कर सकें तो बड़ी से बड़ी महामारी को भी नियंत्रित किया जा सकता है। बता दें कि बीआरडी मेडिकल कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री एनेक्सी भवन सभागार में उद्यमियों व व्यापारियों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान गोरखपुर के औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर भी चर्चा होगी। साथ ही औद्योगिक विकास के मार्ग में आने वाली व्यावहारिक दिक्कतों पर भी चर्चा होगी। उद्यमियों से विकास को लेकर सुझाव भी लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री, व्यापारियों से भी उनकी समस्याएं सुनने के साथ ही उनका फीडबैक लेंगे। करीब एक घंटे के इस कार्यक्रम में उद्यमियों एवं व्यापारियों को अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा। संवाद कार्यक्रम से पहले उपायुक्त कार्यालय में उद्यमियों की बैठक भी बुलाए जाने की संभावना है।

# आईआईटी कानपुर और समाज कल्याण मंत्रालय करेंगे साथ काम

**– आईआईटी कानपुर के सहयोग से समाज कल्याण विभाग कराएगा डाटा एनालिसिस**

**– लाभ-राशि के प्रवाह का परीक्षण कर संदिग्ध ट्रांजेक्शन को चिन्हित किया जाएगा**

**– डाटा की गोपनीयता, सुरक्षा एवं शुचिता के लिए ब्लाक चेन तकनीक पर होगी रिसर्च**



**लखनऊ, (हि.स.)।** समाज कल्याण मंत्रालय और आईआईटी कानपुर अब मिलकर, नवीन तकनीक का प्रयोग कर स्कीम के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार पर रोक लगाएंगे। आईआईटी के सहयोग से विभागीय डाटा की एनालिसिस की जाएगी ताकि बेहतर नीतिगत फैसले लिए जा सकें। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए यह बातें समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने शनिवार को कही है। वीडियो कांफ्रेंसिंग में आईआईटी से डा. मणींद्र अग्रवाल और डा. निशीथ श्रीवास्तव के साथ राज्य मंत्री असीम अरुण मौजूद रहे। इनके अलावा प्रमुख सचिव,समाज कल्याण डॉ. हरि ओम, सचिव, समीर वर्मा व निदेशक समाज कल्याण राकेश कुमार ने भाग लिया। मंत्री ने वीडियों कांफ्रेंसिंग में कहा कि लाभार्थियों के डाटा को सुरक्षित रखने और निजता (प्राइवेसी) के उच्चतम मानक को फालो किया जाएगा जिसके लिए आईआईटी सलाहकार का काम करेगा। इस प्रकार की व्यवस्था स्थापित की जाएगी, जिसमें सिस्टम स्वयं संभावित गड़बड़ियों को चिन्हित करेगा और जमीनी परीक्षण के लिए रहेगा। नागरिक सेवाओं को सुलभ और आसान बनाने के लिए काम करेंगे।

# अब और अच्छे से चलेंगे बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभागः गुलाब देवी



**हाथरस, (हि.स.)।** जिले में शनिवार को आयोजित 14 में मंडलीय युवा सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में आई माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने बेसिक तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग महानिदेशक स्कूल शिक्षा के अधीन होने पर कहा है कि दोनों ही शिक्षा विभाग और अच्छे तरीके से चलेंगे। दोनों विभाग पूरे नियंत्रण में रहेंगे और सारी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित चलेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान पर उन्होंने कहा कि हमारी हर जगह तैयारी चल रही है। काफी बड़ी संख्या में हमारे विद्यालय तैयार हैं, डिजिटल को लेकर जो कुछ जरूरत है वह सब मौजूद हैं। बोर्ड परीक्षा को लेकर गुलाब देवी ने कहा बोर्ड परीक्षा पूरी तरह से नकल विहीन कराई जाएगी। कोई भी बच्चा कहीं पर भी नकल नहीं कर सकता है, इस तरह की व्यवस्था की गई है। पहले भी नकल माफिया के इरादों पर विभाग ने पानी फेर दिया था। उन्होंने बताया कि बच्चों के विकास के लिए तमाम तरह के पोर्टल शुरू किए गए हैं। जिनसे बच्चों के व्यक्तित्व का विकास होगा। गुलाब देवी ने बागला कॉलेज के मैदान में आयोजित माध्यमिक शिक्षा विभाग के 14 में मंडलीय युवा सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में आई थीं। उन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान उनके साथ निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग सरिता तिवारी भी मौजूद रहीं।

# इंजन के पावर में आई तकनीकी कमी से दस मिनट तक खड़ी रही झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस

**–ट्रेन खड़ी होने जाम में फंसे रहे वाहन सवार**

**–पीछे आ रही मालगाड़ी 15 मिनट तक आउटर पर खड़ी रही**



**औरैया, (हि. स.)।** दिल्ली हावड़ा रूट पर स्थित कंचौसी रेलवे स्टेशन और पूर्वी क्रासिंग के बीच इंजन की पावर खराब होने से हटिया से आनंदविहार (टर्मिनल) जा रही झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस लगभग दस मिनट तक खड़ी रही। अचानक ट्रेन खड़ी होने रेलवे कर्मियों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे रेलवे कर्मियों और लोको पायलट इंजन के पावर में आई समस्या को दूर किया और ट्रेन को गंतव्य की ओर रवाना किया। पीछे आ रही मालगाड़ी आउटर पर 15 मिनट तक खड़ी रही। ट्रेन क्रासिंग के बीच खड़ी होने से आधे घंटे तक वाहन सवार जाम में फंसे रहे।

शनिवार को हटिया से आनंदविहार (टर्मिनल) जा रही झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस क्रासिंग और रेलवे स्टेशन के बीच खड़ी हो गई। इंजन के पावर ने काम करना बंद कर दिया जिससे पूरी ट्रेन की सप्लाई चली गयी और एसी भी बंद हो गई। अचानक एसी बन्द होने से यात्री परेशान हो गए। रेलवे कर्मियों और लोको पायलट ने समस्या को दूर कर ट्रेन को गंतव्य की ओर रवाना किया गया। इस संबंध में स्टेशन मास्टर महेंद्र बाबू ने बताया कि इंजन की पावर में तकनीकी समस्या आने से ट्रेन खड़ी रही।

# रेलवे की जमीन से पटरी व्यवसायियों ने खुद हटाया अतिक्रमण

**–रेलवे प्रशासन ने 3 दिन का दिया था अल्टीमेटम**



**वाराणसी, (हि.स.)।** राजातालाब रेलवे क्रासिंग जमुआ बाजार रोड व प्रयागराज बनारस रेलवे लाइन के किनारे अतिक्रमण को पटरी व्यापारियों ने शनिवार को खुद हटा दिया। पटरी व्यापारियों को रेलवे ने अतिक्रमण हटाने के लिए तीन दिन का अल्टीमेटम दिया था। रेलवे के अफसरों ने चेताया था कि तीन दिन के बाद अतिक्रमण करने वाले पटरी व्यापारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के साथ अवैध कब्जे को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया जायेगा। ध्वस्तीकरण में आने वाला खर्च भी अतिक्रमण करने वालों से ही वसूल किया जाएगा। चेतावनी के बाद अतिक्रमणकारियों ने खुद ही इस अवैध कब्जे को हटाना शुरू कर दिया।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहुंचे रामगढ़, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की

**रामगढ़, (हि.स.)।** आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रामगढ़ पहुंच चुके हैं। जिले के चितरपुर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत उन्होंने दीप प्रज्वलित कर की। उनके साथ कार्यक्रम में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री आलमगीर आलम, श्रम नियोजन एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक ममता देवी, अंबा प्रसाद और सीएम के सचिव के श्रीनिवासन शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 300 करोड़ की लागत से 255 योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसके अतिरिक्त 119 करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण लाभुकों के बीच किया जायगा।

## पलामू में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर छह नवंबर को

**मेदिनीनगर, (हि.स.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया कि विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर झालसा के दिशा निर्देश पर छह नवम्बर को आयोजित होगा। पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाना है। इसके माध्यम से सरकार की योजनाओं आवास योजना, पेंशन योजना, स्वास्थ्य योजना, भोजन, रहन सहन, बच्चों को मिलने वाली छात्रवृत्ति, सरकार द्वारा मिलने वाले मुआवजा की भी जानकारी दी जाएगी। साथ ही लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। इसके लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी पत्र भेज दिया गया है । ताकि वे अपने-अपने प्रखंड में इसकी तैयारी करें।

# राजस्थान के बाड़मेर में तैनात बीएसएफ जवान की सड़क हादसे में मौत



**औरैया, (हि.स.)।** जनपद के फफूंद थाना क्षेत्र के गांव भरार्पुर में सदर विधायक गुड़िया कठेरिया का भतीजा बीएसएफ में तैनात था। उसकी ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे में मौत हो गई। जवान की मौत की खबर आते ही गांव व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। थाना क्षेत्र के गांव भरार्पुर निवासी धीरज कुमार (30) पुत्र महेश कठेरिया की 2012 में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) में कांस्टेबल के पद पर भर्ती हुआ था। 27 अप्रैल 2021 में फिरोजाबाद जनपद थाना शिकोहाबाद के गांव इटेली निवासी निशा से उसकी शादी हुई थी। इसी साल वह मई में एक माह की छुट्टी पर घर आया था और 22 जून को वापस भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर स्थित बाड़मेर राजस्थान के 83वीं बटालियन में ड्यूटी करने चला गया था। शुक्रवार की रात को बाड़मेर-चौहटन सड़क मार्ग पर चौहटन आगौर बस स्टैंड के पास बीएसएफ की 83वीं बटालियन से छह जवानों के साथ धीरज ऑफिशियल वर्क के लिए सेड़वा से बाड़मेर आ रहे थे। इस दौरान चौहटन कस्बे के निकट ही बीएसएफ के वाहन और सामने से तेज रफ्तार ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में सीमा सुरक्षा बल के दो जवानों में धीरज कुमार की भी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर रात्रि में जब औरैया उसके घर पर पहुंची तो पूरे गांव में मातम पसर गया। पूरे गांव व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मां आशा देवी ने बताया कि बहू निशा के पास शाम को पांच बजे फोन आया था। इसके बाद रात्रि लगभग नौ बजे हम से बात हुई, उसने कहा था 20 तारीख को हम घर पर आ जायेंगे। रात्रि में उसकी मृत्यु की खबर आ गई। मृतक जवान अपनी दो बहनों सरोज व सीखा में सबसे बड़ा था। इस खबर से घरवाले रो-रोकर बेहाल हैं, तो वहीं गांव के लोग गमगीन है। सभी देश के लाल का गांव आने का इंतजार कर रहे हैं।

# स्वच्छता में कुशीनगर को मिला प्रदेश में द्वितीय स्थान

**– नगर विकास मंत्री ने अधिशासी अधिकारी को किया पुरस्कृत**



**कुशीनगर, (हि.स.)।** जनपद में कुशीनगर नगर पालिका को स्वच्छता के लिए प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने इस उपलब्धि के लिए अधिशासी अधिकारी प्रेमशंकर गुप्त को पुरस्कृत किया। इस उपलब्धि पर नगरपालिका कर्मचारियों ने शनिवार को हर्ष जताया है। नगर निकाय निदेशालय गोमतीनगर, लखनऊ में शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन ने स्वच्छता पर स्ट्रेटेजिक वर्कशाप का आयोजन किया था। जिसमें नगर विकास मंत्री अरविंद शर्मा मुख्य अतिथि थे। मंत्री ने ह्यस्वच्छ त्योहार-2022ह्न के विजेताओं के नामों की घोषणा की एवं उनके मध्य पुरस्कार वितरित किया। अधिशासी अधिकारी ने मंत्री के हाथों पुरस्कार ग्रहण किया। पुरस्कृत होने वालों में स्वच्छता पर आर्ट के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र व अन्य निकायों के अधिकारी भी पुरस्कृत हुए। नगरपालिका के वरिष्ठ लिपिक ब्रजेश गौतम, अवर अभियंता अभिषेक सिंह, श्रवण तिवारी, परवेज आलम, उग्रसेन, समरजीत, राजेश आदि ने पुरस्कार मिलने पर खुशी जताई है। वर्कशाप की जानकारी देते हुए ईओ ने बताया कि राज्य भर नगर आयुक्त गण, अधिशासी अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न इस वर्कशाप में चार सत्र में 18 विषयों पर विस्तृत परिचर्चा हुई। मंत्री के हाथों पुरस्कृत होने से सुखद अनुभूति हुई है। इससे मनोबल बढ़ेगा और कार्य क्षेत्र में बेहतर परिणाम आयेंगे।

# गृहरक्षकों का अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी

**सहरसा, (हि.स.)।** गृहरक्षकों का अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा।दो अभ्यर्थी की हालत नाजुक होने पर सदर अस्पताल मे भर्ती कराकर इलाज किया जा रहा है। गृह रक्षक के सफल अभ्यर्थियों द्वारा गुरुवार को नियुक्ति किए जाने को लेकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर मौजूद लक्ष्मण कुमार, सुरेंद्र राम,दयानंद रजक ने बताया कि बिहार गृह रक्षा वाहिनी के सफल अभ्यर्थियों द्वारा मेधा सूची के आधार पर नियुक्ति करने की मांग की गई है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 में निकले विज्ञापन के अनुसार सफल अभ्यर्थियों का उम्र लगभग समाप्ति के कगार पर है। मेधा सूची के आधार पर हम लोगों का पुलिस वेरीफिकेशन पूर्ण होने के बावजूद अभी तक नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया है। जबकि अभ्यर्थियों की उम्र को देखते हुए सहानुभूति पूर्वक विचार कर नियुक्ति पत्र देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गृहरक्षक के सफल अभ्यर्थियों द्वारा किए जा रहे भूख हड़ताल के दौरान 2 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।जिसमें तीसरे दिन कहरा निवासी पप्पू कुमार एवं नवहट्टा निवासी श्याम पासवान की हालत काफी नाजुक हो बन गई है। जिसे अन्य सदस्यों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि धरना पर बैठे लगभग एक दर्जन लोगों का हालत खराब हो चुकी है।

लेकिन प्रशासन की तरफ से अब तक कोई सुध नहीं ली जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा नर्स एवं कंपाउंडर को भेजकर सबकी जांच कराई जा रही है। अनशन पर बैठे अनशन कारियों ने कहा कि हम लोगों की उम्र अब समाप्त हो चुकी है। ऐसे में हम लोग किसी भी विभाग में बहाली योग्य नहीं रह गए हैं। यदि हम लोगों की बहाली नहीं की जाती है तो हम लोग भूखे रहकर अपना जान दे देंगे।क्योंकि वाहिनी की बहाली में काफी अनियमितता बरती गई है। पैसे के लेनदेन कर सफल अभ्यर्थियों को दरकिनार कर कम योग्यता वाले अभ्यर्थियों की बहाली की गई है। गृह रक्षा वाहिनी के जवानों ने बताया कि महागठबंधन सरकार बनने पर लोगों को 10 लाख नौकरी देने की घोषणा की गई। जिस कारण हम लोगों को भी आशा जगी की अब हम लोगों की नियुक्ति हो जाएगी। लेकिन वर्तमान में सफल अभ्यर्थियों द्वारा गृह रक्षा वाहिनी के सफल अभ्यर्थियों द्वारा मांगे नहीं माने जाने के कारण अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल के माध्यम से नियुक्ति पत्र देने की मांग की गई है। अनशन पर बैठे गृह रक्षा वाहिनी के जवान काफी मर्माहत एवं आक्रोशित थे।

वे लोग हाथों में पेट्रोल लेकर दिखाते हुए कहा कि यदि सरकार हम लोगों के मांग को नहीं मानती है तो मजबूरन हम लोग अब आत्मदाह कर लेंगे। इस अवसर पर पंकज कुमार, शंकर ठाकुर, राजेश यादव, अनमोल कुमार, रवि शंकर कुमार, लाल कुमार, जय कृष्ण साह, रंजन रमन कुमार, ओम प्रकाश कुमार, नवीन राम, दिलीप कुमार, ओम प्रकाश यादव, भूपेंद्र कुमार, सुशील कुमार यादव, अभिलाषा कुमारी, रुबी कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

## फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में अभिषेक बना किसान और संस्कार था सफाई कर्मी

**बेगूसराय, (हि.स.)।** सेंट जोसेफ पब्लिक स्कूल में शनिवार को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न परिधान में सजकर लोगों को जागरूक होने का संदेश देते हुए बताया कि हमें अपनी सभ्यता और संस्कृति को कभी भूलना नहीं चाहिए। अपने सभ्यता और संस्कृति का निर्वहन करते हुए अपनी जिम्मेवारी का निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। बच्चों ने शिक्षक, डॉक्टर, किसान, वैज्ञानिक, सफाई कर्मी, राजनेता और इंदिरा गांधी बनकर अपने संदेशों के माध्यम से समाज को जागरूक किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं समेत उपस्थित लोगों ने अपने जिम्मेवारी का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का शपथ भी लिया। विद्यालय के चेयरमेन अभिषेक सिंह ने कहा कि आज के दौर में लोग अपनी सभ्यता संस्कृति को भूलते जा रहे हैं, जिसका खामियाजा आज के युवा पीढ़ी भुगत रहे हैं। लोग अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के बजाय उससे दूर भागते हैं, जिसके कारण आज हमारा समाज बहुत चीजों में पिछड़ रहा है। जरूरत है अपने काम को ईमानदारी और निष्ठापूर्वक करने की, ताकि आने वाले पीढ़ी को एक नया संदेश दे सकें। इस फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने बहुत कुछ सिखाया है। प्राचार्या अनिता तलवार ने कहा की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित करने का उद्देश्य बच्चों को उनके कर्तव्य बोध से अवगत करा कर मेहनत और जिम्मेदारी का एहसास कराना हैं। इस प्रतियोगिता में किसान, डॉक्टर, अधिवक्ता, शिक्षक, राजनेता आदि से जुड़े लोगों को उनके जिम्मेदारी से अवगत कराया। सफाईकर्मी के रूप में तृतीय वर्ग के छात्र संस्कार, शिक्षक के रूप नवम वर्ग की नव्या, किसान के रूप में अभिषेक, इंदिरा गांधी के रूप में पंचम वर्ग की छात्रा वैष्णवी, डॉक्टर के रूप में चतुर्थ की छात्रा स्नेहा, वैज्ञानिक के रूप में तृतीय वर्ग की छात्रा आरोही गौतम, राजनेता के रूप में पंचम वर्ग के छात्र यश राज तथा अधिवक्ता के रूप में पंचम वर्ग की छात्रा आयुषी ने सामने आकर संदेश दिया।

# दिल्ली में बढ़ रहे प्रदूषण के पीछे आसपास के क्षेत्र, 2018 से हम पराली नहीं जलाते : नीतीश

**–सीएम ने इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस की 101वीं कौंसिल मीट एवं टेक्निकल सेमिनार का किया उद्घाटन**




**पटना, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस की 101वीं गवर्निंग कौंसिल मीट एवं टेक्निकल सेमिनार का शनिवार को दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम के पश्चात दिल्ली में प्रदूषण से संबंधित प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी चीजों के बारे में पूरी जानकारी ले लीजिए। हम सभी जगह लोगों को इसके लिए अलर्ट किए रहते हैं। वर्ष 2018 से ही हम पराली नहीं जलाने के लिए लोगों को समझाते आ रहे हैं। इसके लिए हम तो सभी को कहते रहते हैं। इस बार भी लोगों को हमने बता दिया है कि पराली नहीं जलाएं। दिल्ली में जो प्रदूषण बढ़ रहा है वो आसपास के क्षेत्रों के कारण हो रहा है, इन सभी को समझने की जरूरत है। इससे पहले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हम लोगों ने बिहार में जो निर्माण कार्य करवाया है उसको जरूर देखकर जाइएगा। बिहार म्यूजियम अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनवाया है, उसको भी एक बार देख लीजिए। हमने कहा है कि चाहे बिल्डिंग बने, सड़क बने, पुल बने कोई भी चीज बने उसका निरंतर मेंटेनेंस होना चाहिए और उसके लिए हमने कन्सर्न विभाग को ही कहा है। सीएम ने कहा कि इसके लिए जितने लोगों की बहाली करनी पड़े, कीजिए। जब मेंटेनेंस पूरे तौर पर होगा तो कभी कोई गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं रहेगी। सरदार पटेल भवन वो भी जाकर देखिए, कितना सुंदर और मजबूत बनाया गया है। नौ रिक्टर स्केल तक इस भवन को कुछ नहीं हो सकता है। यहां से सिर्फ पुलिसिंग का काम ही नहीं होगा, बल्कि आपदा प्रबंधन का काम भी यहां से होगा। यहां पर जो लोग भी रहेंगे उनको सात दिन तक किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी। अंदर जरूरत के सारे इंतजाम किए गए हैं। सीएम ने कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि 20 जगहों से आप सब लोग यहां आए हैं। आपलोगों को पता है कि हम भी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पढ़े हैं लेकिन इंजीनियर की नौकरी नहीं किए। हमको नौकरी मिल गई थी फिर भी हम नौकरी नहीं किए और आंदोलन में लग गए, जेपी मूवमेंट से जुड़ गए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री संजय कुमार झा, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, भवन निर्माण विभाग के अभियंता प्रमुख राकेश कुमार, इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस के संस्थापक अध्यक्ष ओपी गोयल, इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप मित्तल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## संपादकीय

# इमरान पर जानलेवा हमला

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान बाल-बाल बच गए। गोलीबारी सिर्फ 10 फुट की दूरी से की गई थी। एक फरिश्ते ने हमलावर को दबोच कर उसका निशाना बिगाड़ दिया। फिर भी इमरान के दोनों पांव में गोलियां लगी हैं, 9 अन्य जख्मी हुए हैं और एक शख्स की मौत हो गई है। इसे सामान्य हमला नहीं माना जा सकता। अस्पताल में इमरान का ऑपरेशन किया गया है, लिहाजा अब वह पूरी तरह खैरियत में हैं। इमरान हत्या की आशंकाएं जताते रहे थे। यहां तक कि उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम पर आरोप चस्पा किए थे कि वह उन्हें 'ईशनिंदक' मानती रही हैं, ताकि कोई कट्टरपंथी उनकी हत्या कर सके। मौजूदा हमले के पीछे इमरान ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह और खुफिया एजेंसी आईएसआई के मेजर जनरल फैसल को 'साजिशकार' करार दिया है। इमरान ने अपनी पार्टी के सलाहकार नेताओं को फोन कर यह जानकारी मीडिया से साझा करने को कहा। इमरान को पहले से ही ऐसी सूचनाएं थीं कि ये तीनों नेता उन पर हमला करवा सकते हैं। उनके खिलाफ आपराधिक केस दर्ज कराने की बात भी कही गई है। इमरान के ऐसे आरोप महज सियासत हो सकते हैं, क्योंकि उनके पास पुख्ता सबूत नहीं हैं। अलबत्ता प्रधानमंत्री समेत तमाम आला नेताओं ने इस हमले की निंदा की है और जांच बिठाने के बयान दिए हैं। इमरान और उनकी पार्टी 'तहरीक-ए-इंसाफ पाकिस्तान' (पीटीआई) ने लाहौर से राजधानी इस्लामाबाद तक 'आजादी मार्च' का आगाज किया था। मार्च अभी गुजरांवाला इलाके तक ही पहुंचा था। इमरान बार-बार अपने समर्थकों से साझा कर रहे थे कि यह जंग 'खूनी' भी साबित हो सकती है, लेकिन हमें डरना नहीं है और लड़ाई को जारी रखना है, क्योंकि यह मुल्क की नई आजादी की लड़ाई है। बेशक पाकिस्तान की हुकूमत, फौज और आईएसआई इमरान के मार्च के खिलाफ थे, लेकिन वे हमला कराने की साजिश नहीं रच सकते। वे इमरान की लोकप्रियता अच्छी तरह समझते हैं। हालिया उपचुनाव में पीटीआई ने 25 में से 22 सीटें जीत कर तय कर दिया था कि इमरान की स्वीकार्यता चरम और उफान पर है, लिहाजा फौज भी अपेक्षाकृत बचाव और खामोशी की मुद्रा में है। दरअसल पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो के 'कत्लकांड' की पुनरावृत्ति बच गई। 2007 में रावलपिंडी में बेनज़ीर के जुलूस के दौरान उन पर जानलेवा हमला किया गया था, जिसमें वह बच नहीं सकीं। इमरान पर गोलीबारी का कातिलाना हमला किया गया, लेकिन वह बाल-बाल बच गए। अस्पताल जाने से पहले इमरान ने बयान दिया था-'अल्लाह ने मुझे नई ज़िंदगी दी है। मैं दोबारा पूरी ताकत के साथ वापसी करूंगा और यह लड़ाई लड़ता रहूंगा।' बहरहाल इस हमले को पाकिस्तान और अवाम पर हमला करार दिया जा रहा है, लिहाजा पूर्व मंत्री स्तर के कुछ पीटीआई नेताओं ने 'बदला' लेने की हुंकार भी भरी है। इमरान ने भी ऐसा ही बयान दिया है। हमले की इस साज़िश और कोशिश के बाद पाकिस्तान सुलग रहा है। कई शहरों में आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं। खैबर पख्तूनख्वाह प्रांत में प्रदर्शनकारियों ने फौज के एक कोर कमांडर का आवास घेर लिया और भडक़ाऊ नारे बुलंद किए। इमरान के समर्थक सडक़ों पर बिछ-से गए हैं। जिस हमलावर से टीवी पर सवाल-जवाब दिखाया गया है, वह भी कट्टरपंथी लगता है। उसका कहना था- 'इमरान मुल्क को गुमराह कर रहा था। उन्होंने ईशनिंदा की है, लिहाजा उसे मारने को गोली चलाई थी।' हालांकि सार्वजनिक रूप से ऐसी पूछताछ असंवैधानिक और अवैध है, लेकिन आरोपित के जरिए यह सवाल बेहद महत्त्वपूर्ण है कि हमलावर के पास ऑटोमैटिक पिस्टल और मैगजीन कहां से आई? क्या वह आर्थिक तौर पर इतना सक्षम था? क्या पाकिस्तान में ऐसे हथियार और असलहा खुलेआम उपलब्ध हैं? पूर्व प्रधानमंत्री को मार कर कौन-सा लक्ष्य हासिल हो सकता था? यदि साज़िश रची गई है, तो कौन इमरान के कट्टर दुश्मन हो सकते हैं, जो कत्ल की नौबत तक पहुंच जाएं? पाकिस्तान के हालात जर्जर हैं, रोटी नसीब नहीं हैं, दुकानों पर दवाएं उपलब्ध नहीं हैं, महंगाई और बेरोजग़ारी चरम पर है।

> इमरान ने अपनी पार्टी के सलाहकार नेताओं को फोन कर यह जानकारी मीडिया से साझा करने को कहा। इमरान को पहले से ही ऐसी सूचनाएं थीं कि ये तीनों नेता उन पर हमला करवा सकते हैं। उनके खिलाफ आपराधिक केस दर्ज कराने की बात भी कही गई है। इमरान के ऐसे आरोप महज सियासत हो सकते हैं, क्योंकि उनके पास पुख्ता सबूत नहीं हैं। अलबत्ता प्रधानमंत्री समेत तमाम आला नेताओं ने इस हमले की निंदा की है और जांच बिठाने के बयान दिए हैं। इमरान और उनकी पार्टी 'तहरीक-ए-इंसाफ पाकिस्तान' (पीटीआई) ने लाहौर से राजधानी इस्लामाबाद तक 'आजादी मार्च' का आगाज किया था।

## कुछ अलग

# मोरबी पुल टूटने की सजा किसे?

**गुजरात** के मोरबी में जो पुल टूटा है, उसमें लगभग पौने दो सौ लोगों की जान चली गई और सैकड़ों लोग घायल हो गए। मृतकों के परिजनों को केंद्र और गुजरात की सरकारें 6-6 लाख रु. का मुआवजा दे रही हैं और घायलों को 50-50 हजार का लेकिन यहां मूल प्रश्न यह है कि क्या सरकार की जिम्मेदारी सिर्फ इतनी ही है? जो लोग मरे हैं, उनके परिजन 6 लाख रु. के ब्याज से अपना घर कैसे चलाएंगे? कई परिवार बिल्कुल अनाथ हो गए हैं। सबसे ज्यादा महिलाएं और बच्चों की मौत हुई है। कोई आश्चर्य नहीं कि उस पुल के हादसे में मृतकों की संख्या अभी और बढ़ जाए। लगभग 200 साल पुराने इस पुल की हालत काफी खस्ता थी। कई बार उस पर टूट-फूट हो चुकी है। गुजरात सरकार ने इस पुल के संचालन का ठेका एक गुजराती कंपनी को दिया था। पुल पर आने वाले हर यात्री को वह 17 रुपए का टिकट बेचती थी। लगभग 100 लोगों के एक साथ पुल पर जाने की सुविधा थी लेकिन उस दिन कंपनी ने लालच में फंसकर लगभग 500 टिकट बेच दिए। पिछले सात महिने से उसकी मरम्मत का काम जारी था। अब छठ पूजा के नाम पर 26 अक्तूबर को यह पुल यात्रियों के लिए खोल दिया गया। पिछले चार-पांच दिनों में सैकड़ों लोग उस पुल पर जमा होते रहे लेकिन कल शाम वह अचानक बीच में से टूट गया। सैकड़ों लोग इसलिए मौत के घाट उतर गए और घायल हो गए कि ऐसी दुर्घटना की संभावना के विरुद्ध कोई सावधानी नहीं बरती गई। यह सावधानी किसे रखनी चाहिए थी? गुजरात सरकार को लेकिन गुजरात के अधिकारियों का कहना है कि उस पुल को खोलने की अनुमति उन्होंने नहीं दी थी। ठेकेदार ने अपनी मर्जी से ही पुल खोल दिया था। यदि ठेकेदार ने पुल खोल दिया तो स्थानीय अधिकारी क्या ऊंघ रहे थे? उन्होंने क्यों नहीं जांच की? क्यों नहीं प्रमाण-पत्र मांगा? क्यों नहीं ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की? जाहिर है कि सरकार और ठेकेदार दोनों ही इस सामूहिक हत्याकांड के लिए समान रूप से जिम्मेदार हैं। यह ठीक है कि कल शाम से गुजरात के मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार ने भी यात्रियों को बचाने में जमीन-आसमान एक कर रखा है लेकिन इस दुर्घटना ने गुजरात सरकार के मस्तक पर काला टीका लगा दिया है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के विभिन्न समारोहों में तरह-तरह के भाषण देते फिर रहे हैं लेकिन उनकी कौन सुन रहा है। टीवी दर्शक भी उनके भाषणों के बजाय मोरबी-दुर्घटना के बारे में ज्यादा देखना, सुनना और पढ़ना चाह रहे हैं। उनके इन भाषणों से भी ज्यादा उनका वह भाषण इंटरनेट पर करोड़ों लोग सुन रहे हैं, जो उन्होंने पश्चिमी बंगाल में हुए चुनाव के पहले दिया था। उस समय बंगाल में भी एक पुल टूटा था। उस समय मोदी ने कहा था कि यह दुर्घटना 'गाड' की नहीं, ममता सरकार के 'फ्राड' की है। तुकबंदी के शौकीन मोदी पर यह जुमला काफी भारी पड़ रहा है। यह असंभव नहीं कि उनके इस भाषण का उपयोग या दुरूपयोग अब 'आप पार्टी' गुजरात के आसन्न चुनाव में जमकर करेगी। पक्ष और विपक्ष के नेता मृतकों के प्रति जितनी औष्ठिक सहानुभूति बता रहे हैं, उससे ज्यादा वे एक-दूसरे पर प्रहार करने में जुटे हुए हैं। जो हुआ, सो हुआ लेकिन पुल की संचालक उस कंपनी को न केवल विसर्जित किया जाना चाहिए बल्कि उसके मालिक और दोषी प्रबंधकों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए और उसकी सारी संपत्ति छीनकर हताहतों के परिजनों में बांट दी जानी चाहिए।

> गुजरात सरकार ने इस पुल के संचालन का ठेका एक गुजराती कंपनी को दिया था। पुल पर आने वाले हर यात्री को वह 17 रुपए का टिकट बेचती थी। लगभग 100 लोगों के एक साथ पुल पर जाने की सुविधा थी लेकिन उस दिन कंपनी ने लालच में फंसकर लगभग 500 टिकट बेच दिए। पिछले सात महिने से उसकी मरम्मत का काम जारी था।

## विचार

### सरकारी कर्मचारी एवं अधिकारी भी भ्रष्टाचार के शिकार होते है

# भ्रष्टाचार मुक्ति का माध्यम बने सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र

**ललित गर्ग**

> भ्रष्टाचार की जटिल से जटिल होती स्थितियों को देखते हुए ही केंद्रीय सतर्कता आयोग ने सरकारी संस्थानों, मंत्रालयों और नागरिकों के लिए छह बिंदुओं का सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र जारी किया है, जिसमें उनसे भ्रष्टाचार मुक्त भारत की संकल्पना के साथ जुड़ने का आह्वान किया गया है। प्रतिज्ञा पत्र को आयोग ने भ्रष्टाचार मुक्त देश के लिए विशेष अभियान के तौर पर पेश किया है। राष्ट्र में भ्रष्टाचार के विरुद्ध समय-समय पर ऐसी क्रांतियां एवं प्रशासनिक उपक्रम होते रहे हैं। लेकिन उनका लक्ष्य, साधन और उद्देश्य शुद्ध न रहने से उनका दीर्घकालिक परिणाम संदिग्ध रहा है। प्रश्न है कि सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र की आवश्यकता क्यों पड़ी, क्या इसका हश्र ढाक के तीन पात ही होना है? देश को भ्रष्टाचार मुक्त करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी ही चाहिए।

**नरेन्द्र** मोदी ने सबसे पहले देश के प्रधानमंत्री बनते ही भ्रष्टाचार मुक्त भारत का संकल्प लिया। उन्होंने न खाऊंगा और न खाने दूंगा का शंखनाद किया, उनके दो बार के प्रधानमंत्री के कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर नियंत्रण पाने के लिये अनेक कठोर कदम उठाये गये है और उसके परिणाम भी देखने को मिले हैं, लेकिन भ्रष्टाचार फिर भी खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। भ्रष्टाचार की जटिल से जटिल होती स्थितियों को देखते हुए ही केंद्रीय सतर्कता आयोग ने सरकारी संस्थानों, मंत्रालयों और नागरिकों के लिए छह बिंदुओं का सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र जारी किया है, जिसमें उनसे भ्रष्टाचार मुक्त भारत की संकल्पना के साथ जुड़ने का आह्वान किया गया है। प्रतिज्ञा पत्र को आयोग ने भ्रष्टाचार मुक्त देश के लिए विशेष अभियान के तौर पर पेश किया है। राष्ट्र में भ्रष्टाचार के विरुद्ध समय-समय पर ऐसी क्रांतियां एवं प्रशासनिक उपक्रम होते रहे हैं। लेकिन उनका लक्ष्य, साधन और उद्देश्य शुद्ध न रहने से उनका दीर्घकालिक परिणाम संदिग्ध रहा है। प्रश्न है कि सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र की आवश्यकता क्यों पड़ी, क्या इसका हश्र ढाक के तीन पात ही होना है? देश को भ्रष्टाचार मुक्त करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी ही चाहिए। सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र 31 अक्टूबर से 6 नवम्बर 2022 तक आयोजित किये जाने वाले भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत के जागृति अभियान का अभिनव उपक्रम है, इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह में तंद्रा तोड़ने के लिये भैरवी तो बजाने ही पड़ेगी। ईमानदारी के अभ्युदय के लिये ही इस प्रतिज्ञा पत्र में कहा है- जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी से काम करेंगे, नियमों का पालन करेंगे। कभी रिश्वत नहीं लेंगे और न ही देंगे। सभी कार्य ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करेंगे। जनहित में कार्य करेंगे। अपने आचरण में ईमानदारी दिखाएंगे।



भ्रष्टाचार की घटना की सूचना संबंधित एजेंसी को जरूर देंगे। ये संकल्प निश्चित ही जन-जन और प्रशासन में बैठे अधिकारी एवं कर्मचारी ले ले तो भ्रष्टाचार को समाप्त होने में देर नहीं लगेगी। लेकिन छोटे-छोटे भ्रष्टाचार के साथ बड़े भ्रष्टाचार को भी नियंत्रित किया जाना जरूरी है। इसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक ऐसी क्रांति का शंखनाद किया है जिसमें प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी जैसी एजेन्सियां सक्रिय हुई हैं, जिसने न केवल विभिन्न राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं की चूलें हिला दी है बल्कि भ्रष्टाचार के प्रश्न पर भी प्रशासन-शक्ति को जागृत कर दिया है। अब प्रशासन शक्ति जाग गयी है तो राजनीतिक दलों एवं नेताओं का हिलना, आगबबूला होना एवं बौखलाना स्वाभाविक है। आम आदमी पार्टी के मंत्री सत्येन्द्र जैन की गिरफ्तारी के बाद ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को पूछताछ के लिए तलब किया है। अन्य नेता भी इसकी गिरफ्त में आये हैं। दरअसल, सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र ऐसे वक्त में जारी हुआ है, जब माना जाने लगा है कि सरकारी काम बिना लिए-दिए नहीं हो सकता है। ऐसी परिस्थितियों में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक मुहिम की जरूरत है, एक जागृति अभियान की आवश्यकता है। सरकारी जांच एजेंसी लगातार राज्यों से लेकर केंद्र में बैठे लोगों पर कार्रवाई भी कर रही है, लेकिन उसका प्रभाव ज्यादा दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि आखिर इस भ्रष्टाचार को हवा कहां से मिल रही है? कौन लोग हैं, जो शीर्ष की सख्ती के बावजूद बेखौफ हैं। कौन है जो सरकारी सेवाओं में भ्रष्टाचार को जगह दे रहे हैं? आखिर प्रशासनिक मशीनरी इसको क्यों नहीं रोक पा रही है? ये ऐसे सवाल है जिनका उत्तर ही हमें भ्रष्टाचार मुक्ति दिशा दे सकती है। रिश्वत एक नासूर है। रिश्वत देने वाला काम जल्दी होने की उम्मीद में रिश्वत दे रहा है। लेने वाला काम करने के बदले रिश्वत ले रहा है। यानी भ्रष्ट-व्यवस्था कायम हैं। काम में विलम्ब या आम आदमी को परेशान करना- यह भ्रष्टाचार को पोषित करने की जमीन है। भले ही अपेक्षित सारे काम करना सरकारी कर्मचारी-अधिकारी की जिम्मेदारी हो, फिर भी भ्रष्टाचार को शिष्टाचार एवं रिश्वत को एक तरह से सुविधा शुल्क मान लिया गया है और इसके लेन-देन को लेकर कहीं कोई अपराध बोध नहीं दिखाई देता। ऐसे में सवाल यही है कि आखिर इस भ्रष्टाचार को खत्म कैसे किया जाए? क्या सिर्फ इस तरह के प्रतिज्ञा पत्र से भ्रष्टाचार दूर होगा? असल में जरूरत है नीचे से लेकर ऊपर तक सुधार करने की। नीचे का व्यक्ति तभी सुधर सकता है, जब ऊपर बैठा हुआ व्यक्ति भी उस सुधार के लिए प्रेरित हो और भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़ा हो। भ्रष्टाचार मठे की तरह राष्ट्र में गहरा पैठा है। राष्ट्रीय स्तर पर 1971 के बाद भ्रष्टाचार ने देश में संस्थागत रूप ग्रहण कर लिया, विशेषतः राजनीतिक दलों में यह तेजी से पनपा। खुद पर भ्रष्टाचार के आरोपों के जवाब में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कहा था कि 'भ्रष्टाचार तो दुनिया भर में है। सिर्फ भारत में ही नहीं है।' पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भी कहा था कि केंद्र सरकार गरीबों के लिये दिल्ली से जब एक रूपया गांवों में भेजती है तो सिर्फ 15 पैसे ही उन तक पहुंच पाते हैं। कांग्रेसी प्रधानमंत्रियों की यह कैसी लाचारी थी, कैसी विवशता थी। विडम्बना तो यह है कि कुछ राजनीतिक दलों ने इसी भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष करके सत्ता हासिल की और सत्ता पर बैठते ही भोली-भाली एवं अनपढ़ जनता की आंखों में धूल झोंकते हुए खुलकर भ्रष्टाचार में लिप्त हो गये हैं। आजकल राष्ट्र में थोड़े-थोड़े अन्तराल के बाद ऐसे-ऐसे घोटाले, काण्ड, प्रशासनिक रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार के किस्से उद्घाटित हो रहे हैं कि अन्य सारे समाचार दूसरे नम्बर पर आ जाते हैं। पुरानी कहावत तो यह है कि "सच जब तक जूतियां पहनता है, झूठ पूरे नगर का चक्कर लगा आता है।" इसलिए शीघ्र चर्चित प्रसंगों को कई बार इस आधार पर गलत होने का अनुमान लगा लिया जाता है। पर यहां तो सभी कुछ सच है। घोटाले झूठे नहीं होते। रिश्वत झूठी नहीं होती। सरकारी कामों में लापरवाही एवं जनता को परेशान करने का प्रचलन झूठा नहीं होता। एक बड़ा सच यह है कि खुद सरकारी कर्मचारी एवं अधिकारी भी भ्रष्टाचार के शिकार होते हैं।

# लिज ट्रस से सबक लेंगे भारतीय नेता?

> राजनीति के अपराधीकरण की जड़ें विधायिका से कार्यपालिका और कार्यपालिका से न्यायपालिका की ओर बढ़ रही हैं। ऐसे आपराधिक छवि वाले नेताओं की संख्या वर्ष 2009 में 15 प्रतिशत थी जो 2014 में बढक़र 17 प्रतिशत हो गई थी। एडीआर यानी एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफोर्म्स की वर्ष 2019 की रिपोर्ट के अनुसार ऐसे नेताओं की संख्या बढक़र 19 प्रतिशत हो गई है। इनमें से लगभग 13 प्रतिशत ऐसे थे जो जघन्य अपराधों जैसे हत्या, दुष्कर्म, अपहरण आदि मामलों से संबद्ध थे। एडीआर की रिपोर्ट में जो एक गंभीर बात उजागर की गई है, वह यह है कि वर्ष 2009 में लोकसभा के कुल दसस्यों में से लगभग 30 प्रतिशत दसस्यों पर आपराधिक मामले दर्ज थे। इनकी संख्या 2014 में बढक़र 34 प्रतिशत और 2019 में 43 प्रतिशत हो गई थी। ऐसे आपराधिक छवि वाले दसस्यों की कुल संख्या में से 29 प्रतिशत ऐसे थे जो जघन्य अपराधों से संबंधित थे।

**आर्थिक** योजना के विफल हो जाने पर ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इससे चंद दिन पहले ही भारतीय मूल की ब्रिटिश गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। ब्रेवरमैन के इस्तीफे का कारण भी ट्रस की तरह कम आश्चर्यजनक नहीं है। ब्रेवरमैन ने महज इसलिए इस्तीफा दे दिया कि उन्होंने मंत्रिस्तरीय संचार के लिए अपने निजी ई-मेल का इस्तेमाल किया। मामूली से दिखाई देने वाले ऐसे मामलों में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का इस्तीफा देना ब्रिटेन के लोकतंत्र की शान बढ़ाता है। इससे पता चलता है कि ब्रिटेन में लोकतंत्र की जड़ें कितनी गहरी हैं, जहां जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता और जरा भी गलती से पद जा सकता है। क्या ऐसी गलतियों पर भारत में किसी नेता के इस्तीफे की कल्पना की जा सकती है? किसी योजना के विफल होने या सरकारी काम के लिए निजी मेल के इस्तेमाल करने जैसे साधारण दिखने वाले कारणों से भारत में किसी नेता के इस्तीफे की कल्पना भी नहीं की जा सकती। भारत में नेता इस कदर कुर्सी से चिपके रहते हैं कि सारे नियम-कायदे और नैतिकता-शुचिता बेशक दरकिनार हो जाएं, पर कुर्सी नहीं छूटनी चाहिए। भारत में हालात ब्रिटेन से एकदम उलट हैं। नेता आकंठ तक भ्रष्टाचार और अपराधों के मामलों में धंसे होने के बावजूद इस बात पर अड़े रहते हैं कि वे दूध के धुले हैं। आपराधिक आरोपों के मामले में उनका सारा जोर इस बात पर रहता है कि उनके खिलाफ सत्तारूढ़ दल ने साजिश रची है। यहां तक माफिया से नेता बने गैंगस्टर भी ऐसी ही दुहाई देते नजर आते हैं। देश में नेताओं के खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज हो जाएं, यहां तक कि उन्हें पुलिस या न्यायिक अभिरक्षा में रहना पड़े या जेल हो जाए, फिर भी वे इस बात पर अड़े रहते हैं कि वे बेकसूर हैं। उन्हें फंसाया गया है। मानो चुनाव लडऩा उनका जन्मसिद्ध अधिकार है, जब तक कि न्यायालय उन्हें दोषी मान कर सजा नहीं सुना दे। देश में ऐसे नेताओं की फेहरिस्त काफी लंबी है, जिन्होंने जेल में दिन बिताए और गंदगी की राजनीति में डुबकी लगाई। इनमें देश के सर्वोच्च पद पर आसीन रहे प्रधानमंत्री तक शामिल हैं। प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और केंद्रीय मंत्री बूटा सिंह को झारखंड मुक्ति मोर्चा घूसकांड में 3 साल जेल की सजा हुई, हालांकि बाद में हाईकोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया। बूटा सिंह बाद में बिहार के राज्यपाल भी बने। इससे पहले वर्ष 1978 में इंदिरा गांधी को संसद की अवमानना पर न सिर्फ संसद से निष्कासित किया गया बल्कि तीन दिन की जेल भी हुई। विगत 18 वर्षों में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने देश के प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के करीब 200 नेताओं के खिलाफ विभिन्न मामले दर्ज किए, पूछताछ की और अनेक नेताओं को गिरफ्तार किया। इसके अलावा राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, दिवंगत समाजवादी पार्टी प्रमुख मुलायम सिंह यादव, दूरसंचार घोटाले के आरोपी कांग्रेस के पंडित सुखराम, जयललिता, मधु कोडा, ए. राजा, मायावाती और सुखबीर सिंह बादल ऐसे चर्चित नेता रहे जिनके विरुद्ध भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई की गई। इनमें से ज्यादातर को जेल की हवा खानी पड़ी। ऐसी कार्रवाईयां नेताओं के लिए शर्म का विषय नहीं रही। आरोपी नेताओं का पूरा जोर इस बात को लेकर रहा है कि उन्हें फंसाने के लिए षड्यंत्र रचा गया है। इतना ही नहीं, सत्ता में आने पर ऐसी कार्रवाई करने वालों को हिसाब चुकता करने की धमकियां तक दी गई। लोकतंत्र का सिर झुकाने में दागी सांसदों की भी कमी नहीं है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र कहलाने वाले इस देश में संगीन अपराधों के दागी सांसदों की भरमार है। कई सांसदों के ऊपर कोर्ट में डकैती, बलात्कार, अपहरण और हत्या जैसे संगीन जुर्म के केस चल रहे हैं। इसके बाद भी इनकी राजनीतिक महत्त्वाकांक्षा में रत्ती भर कमी नहीं हुई है। देश की राजनीति से अपराध और भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए चुनाव आयोग और अदालतों का परामर्श कचरे की टोकरी की शोभा से बढ़ाते नजर आते हैं। राजनीति के अपराधीकरण की जड़ें विधायिका से कार्यपालिका और कार्यपालिका से न्यायपालिका की ओर बढ़ रही हैं। ऐसे आपराधिक छवि वाले नेताओं की संख्या वर्ष 2009 में 15 प्रतिशत थी जो 2014 में बढक़र 17 प्रतिशत हो गई थी। एडीआर यानी एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफोम्र्स की वर्ष 2019 की रिपोर्ट के अनुसार ऐसे नेताओं की संख्या बढक़र 19 प्रतिशत हो गई है। इनमें से लगभग 13 प्रतिशत ऐसे थे जो जघन्य अपराधों जैसे हत्या, दुष्कर्म, अपहरण आदि मामलों से संबद्ध थे। एडीआर की रिपोर्ट में जो एक गंभीर बात उजागर की गई है, वह यह है कि वर्ष 2009 में लोकसभा के कुल सदस्यों में से लगभग 30 प्रतिशत सदस्यों पर आपराधिक मामले दर्ज थे। इनकी संख्या 2014 में बढक़र 34 प्रतिशत और 2019 में 43 प्रतिशत हो गई थी। ऐसे आपराधिक छवि वाले सदस्यों की कुल संख्या में से 29 प्रतिशत ऐसे थे जो जघन्य अपराधों से संबंधित थे। दरअसल लालफीताशाही तथा सरकार व प्रशासन में भ्रष्टाचार की समस्या के कारण नौकरशाहों, राजनेताओं, पुलिस अधिकारियों, अपराधियों और कॉरपोरेट्स के बीच एक गठजोड़ विकसित हो चुका है। यह गठजोड़ आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को राजनीति में प्रवेश करने में सहायता करता है। देश में राजनीति और अपराध का गठजोड़ चिंता का विषय बन चुका है। उच्चतम न्यायालय ने भी समय-समय पर ऐसे कृत्यों पर रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश दिए हैं। हाल ही में न्यायालय ने राम बाबू सिंह ठाकुर बनाम सुनील अरोड़ा एवं अन्य 2021 मामले में राजनीति में बढ़ते अपराधीकरण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि देश अब धैर्य खो रहा है और राजनीति में अपराधियों के प्रभाव में कमी होने की प्रतीक्षा कर रहा है। राजनीति के अपराधीकरण से सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार में वृद्धि होती है। द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग ने जघन्य अपराधों और भ्रष्टाचार से संबंधित आरोपों का सामना कर रहे उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित करने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8 में संशोधन करने की सिफारिश की थी। ऐसी सिफारिशें फाइलों में बंद हैं।

## देश दुनीया से

# ओपीएस कैसे बना सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा

**आजकल** हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनावों की सरगर्मियां जोरों पर हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव मैदान में उतारे गए प्रत्याशियों का बारीक से बारीक आकलन जनता के दरबार में किया जा रहा है। प्रत्याशियों के अतिरिक्त बहुत से अन्य मुद्दों को लेकर भी जनता में कशमकश जारी है। ऐसा ही एक मुख्य मुद्दा पुरानी पेंशन की बहाली का है। आजकल हिमाचल प्रदेश में दो पेंशन व्यवस्थाएं लागू हैं। नई पेंशन व्यवस्था के अंतर्गत आने वाले कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना की मांग कर रहे हैं। पच्चीस-तीस वर्ष की लंबी सरकारी सेवा, आखिरी वेतन चालीस हजार रुपए और सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन मात्र दो हजार रुपए। हर महीने कर्मचारी के वेतन की कटौती और नियोक्ता द्वारा दिए जाने वाले अंशदान पर कंपनी के द्वारा स्थायी दर से ब्याज का कोई प्रावधान न होना। इसके अलावा नई पेंशन योजना के कर्मचारी अपने अंशदान में से केवल 25 प्रतिशत राशि बहुत सी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद ही निकाल पाते हैं। ये नई पेंशन योजना के कुछ ऐसे प्रावधान हैं जिनके खिलाफ हिमाचल प्रदेश के डेढ़ लाख से भी ज्यादा कर्मचारी पिछले तीन वर्षों से सडक़ों पर संघर्ष कर रहे हैं। ये कर्मचारी इस योजना के बदले पुरानी पेंशन की बहाली चाहते हैं। उपरोक्त बिंदुओं की तुलना अगर पुरानी पेंशन योजना से की जाए तो तस्वीर पूरी तरह से बदल जाती है। इस योजना के अंतर्गत आने वाले सरकारी कर्मचारी को पच्चीस वर्ष लंबी सरकारी सेवा पूरी करने पर यदि उसका आखिरी वेतन चालीस हजार रुपए हो तो उसे सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन के रूप में लगभग बीस हजार रुपए मिलेंगे जोकि नई पेंशन योजना से लगभग अठारह हजार रुपए अधिक हैं। पुरानी पेंशन योजना में सरकार अपने कर्मचारी के पैसे को प्रोविडेंट फंड के माध्यम से अपने पास सुरक्षित रखती है और उस पर एक स्थायी दर से ब्याज देने के साथ-साथ इस पैसे को जरूरत पडऩे पर आसान तरीके से निकलवाने की सुविधा भी प्रदान करती है। इन दोनों योजनाओं में मिलने वाली सुविधाओं में दिन-रात का अंतर है। एक ही दिन एक ही पद से एक ही विभाग से सेवानिवृत्त होने वाले दो कर्मचारियों की पेंशन में एक बड़ा अंतर आ जाता है, यदि एक कर्मचारी पुरानी पेंशन के अंतर्गत हो और दूसरा नई पेंशन के अंतर्गत आता हो। वर्ष 2003 से पहले नियुक्त कर्मचारी आज भी पुरानी पेंशन के अंतर्गत आते हैं, जबकि वर्ष 2003 के बाद नियुक्त कर्मचारियों पर नई पेंशन व्यवस्था लागू कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश में सरकारी नौकरी हिमाचलवासियों का सबसे मनपसंद रोजगार है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और ग्रामीण परिवेश के कारण यहां के लोग अन्य साधनों से अपनी आजीविका चलाने में खुद को असमर्थ पाते हैं। इसलिए सरकारी नौकरी के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहते हैं। हिमाचल प्रदेश में कर्मचारियों की संख्या दो लाख पचास हजार से भी अधिक है। अठारह वर्ष पहले जब पुरानी पेंशन को नए नियुक्त होने वाले कर्मचारियों के लिए बंद कर दिया गया था, उस समय इस नई योजना का विरोध नहीं किया गया क्योंकि ये केवल नए नियुक्त होने वाले कर्मचारियों पर लागू होती थी। उस समय इन कर्मचारियों का संख्या बल भी कम था और इस योजना के दुष्प्रभावों को समय बीतने के साथ ही समझा जाने लगा। इस योजना के अंतर्गत नियुक्त कर्मचारी जब सेवानिवृत्त होने लगे तब इस योजना की कमियों का कर्मचारी वर्ग ने गहराई से अध्ययन करना शुरू किया। इस योजना की कमियों के खिलाफ धीरे-धीरे कर्मचारी संगठित हुए और इस योजना के खिलाफ संघर्ष की शुरुआत की गई। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनावों में कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली की मांग को कोई तवज्जो किसी भी राजनीतिक दल के द्वारा नहीं दी गई थी क्योंकि उस समय तक भी कर्मचारी संगठित नहीं थे। वर्ष 2017 से लेकर आज तक इन पांच वर्षों में नई पेंशन योजना के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विभागों के कर्मचारियों द्वारा किए गए संघर्ष के कारण 2022 के इन विधानसभा चुनावों में यह मुद्दा सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बन चुका है। पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्षरत संगठन की पहली जीत यही है कि आज हर राजनीतिक दल, राजनीतिक दलों के नेताओं और आम जनमानस के मुंह से ओपीएस की चर्चा सुनने को मिल रही है।

> छत्तीसगढ़ और राजस्थान प्रदेशों की सरकारों द्वारा अपने राज्यों के कर्मचारियों की पेंशन बहाली के बाद हिमाचल में नई पेंशन योजना के अंतर्गत आने वाले कर्मचारियों की उम्मीदों को भी पंख लग चुके हैं। इस घोषणा के बाद ही हिमाचल में इस मांग के लिए कर्मचारी संगठनों ने आंदोलनों के द्वारा अपनी बात सरकार के सामने रखने की कोशिश की।

## नागरिक बोध

# देश मे हवसखोरो की बाढ़,नही रुक रही है दुष्कर्म की घटनाएं

**देश** मे लगता है हवशखोरो की बाढ़ सी आ गई है। हररोज सुबह अखबार खोलते ही दुष्कर्म की खबर किसी न किसी पन्ने पर रहती ही है। दुष्कर्म की घटना सभ्य समाज पर काला कलंक है। हवस में आदमी इतना अंधा हो जाता है। जिससे वो मासूम दुधमुंही बच्ची के साथ हैवानियत भरा कृत्य कर लेता है। गुजरात के सूरत में मात्र ढाई साल की बच्ची का अपहरण कर हवस का शिकार बना दिया। फुटपाथ पर सौ रही श्रमिक परिवार की ढाई साल की बच्ची का अपहरण कर डम्पर चालक ने उसे अपनी हवस का शिकार बना दिया। एक महिला पुलिसकर्मी की सक्रियता के चलते पुलिस ने महज आधे घन्टे में ढूंढ निकाला। गत दिन महारास्ट्र का श्रमिक परिवार फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे सौ रहा था ।रात करीब डेढ़ बजे वहा से गुजर रहा डम्पर चालक ने पीड़ति बच्ची को उठा ले गया। उसने डम्पर में बच्ची को हवस का शिकार बनाया। देश मे इस तरह की घटना बढ़ रही है। इन घटनाओं में फांसी का प्रावधान है ।लेकिन अनपढ़ कानून की खबर नही होने की वजह से इस तरह की घटना को अंजाम देते है। जब समझ आती है तब बहुत देर हो चुकी होती है। इन मासूम बालाओ के साथ गन्दी हरकत करने वाले यह समझते है कि मासूम होने के कारण किसी को कुछ कहने वाली नही है। बहुत सी घटनाओ में दुष्कर्म के बाद बच्चियों को मार देते है। गुजरात की ही बात नही है ।देश के हर राज्य में मासूम बालाओ के साथ व्यभिचार होता है ।यह देश के माथे पर कलंक समान है। पुलिस की निषक्रियता का जीता जागता उदाहरण है। भारत मे इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए युवाओ को मोबाइल में परोसी जाने वाली अश्लील फिल्मों से दूर रखना होगा। मोबाइल और इंटरनेट का विस्तार बढ़ने के बाद ऐसी घटनाएं बढ़ी है। बरेली में छोटी बहन के सामने ही किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म किया गया। फरीदपुर के एक मोहल्ले की घटना में दुष्कर्मी को पुलिस ने दबोच लिया है। जयपुर में हिस्ट्रीशीटर जबरन होटल में ले जाता था। और गैंगरेप कर युवती को मार डाला। इस तरह की घटना रोज प्रकाश में आ रही है। युवाधन बर्बादी की राह पर है। ये यह सोचते है कि हम दुष्कर्म कर या किसी का जीवन बर्बाद कर खुली हवा में सांस लेकर घूमेंगे,तो यह उनकी गलतफहमी है। उनको भी जीवनभर जेल की सलाखों के पीछे काटने पड़ते है। संदिग्ध और घिनौना अपराध युवाओ को फांसी के फंदे तक ले जाते है। इस तरह की हरकतों से बाज आना चाहिए ।युवाओ को धर्म का पुट देना चाहिए। धार्मिक वातावरण और धर्म पर श्रद्धा रखनी चाहिए। दुष्कर्म की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन को सतर्क रहने की आवश्यकता है। पुलिस ही इन घटनाओं को रोकने में सफल होती है। देश में घटित होने वाली इन घटनाओं से रूह कांप उठती है। जिस मासूम की दुलार करने और क्रीड़ा करने की उम्र में कितनी बड़ी यातनाएं झेलनी पड़ती है। युवा जागृत बनकर इस तरह के कलंक को समाज से दूर करने की कोशिश करनी चाहिए। यह मत भूलो युवाओ की इस देश को बहुत जरूरत है। अपने आनन्द के लिए किसी निर्दोष की बलि चढ़ाना बन्द कर देना चाहिए। भारत की संस्कृति को याद कर घिनौनी हरकतों से बाज आए। जियो और जीने दो के इस स्लोगन को जीवन मे उतारना है।



# बढ़ेंगी इमरान की मुश्किलें, पाक सेना ने की कार्रवाई की सिफारिश, पीटीआई अध्यक्ष पद भी खतरे में

**इस्लामाबाद ।**

हालिया हमले में घायल पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की मुश्किलें और बढ़ने वाली हैं। पाकिस्तानी सेना ने एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी को बदनाम करने को लेकर इमरान के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की है। वहीं, लाहौर हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर इमरान खान को उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष पद से हटाने की मांग की गई है। पाक सेना ने शुक्रवार को पाक सरकार से आग्रह किया कि वह पीटीआई प्रमुख इमरान खान के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करे। खान ने अपनी हत्या के प्रयास में एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी के शामिल होने का आरोप लगाया है। इसे लेकर इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आरोपों का जवाब देते हुए कहा, पीटीआई अध्यक्ष द्वारा सेना व खासतौर से एक वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ निराधार और गैर-जिम्मेदाराना आरोप लगाए हैं। ये बिल्कुल अस्वीकार्य हैं। इसलिए पाक सरकार से आग्रह किया गया है कि वह इमरान खान के आरोपों की जांच करे और सेना व उसके अधिकारियों को बदनाम करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। इमरान खान को गुरुवार को पंजाब प्रांत में वजीराबाद में उनके लंबे मार्च के दौरान एक हमलावर ने गोली मारी थी। उन्हें चार गोलियां लगी थीं, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पैर में गोली लगी है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खान ने उन पर हमले को लेकर आरोप लगाया है कि पीएम शहबाज शरीफ, गृह मंत्री राना सनाउल्लाह और आईएसआई के एक शीर्ष जनरल मेजर जनरल फैसल समेत तीन लोगों के इशारे पर उन पर गोलियां चलाई गईं। खान के आरोपों का खंडन करते हुए, डीजी आईएसपीआर ने एक बयान में कहा कि पाक सेना एक पेशेवर और अनुशासित संगठन है। इसका उसे गर्व है। उसके किसी अधिकारी या कर्मचारी के गैर कानूनी कृत्यों की जांच व न्याय का पूरा तंत्र है। इमरान खान पहले ही संसद की सदस्यता और चुनाव लड़ने का अधिकार खो चुके हैं। अब उनका पीटीआई अध्यक्ष पद भी जा सकता है। पीएम रहते हुए प्राप्त सरकारी उपहारों को बेचने के मामले के दोषी ठहराए गए इमरान खान को चुनाव आयोग ने संसद की सदस्यता से बेदखल कर दिया है और चुनाव लड़ने पर भी रोक लगा दी है। लाहौर हाई कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया है ।

## न्यूज़ ब्रीफ

### जर्मन चांसलर की चीन यात्रा से गहराए मतभेद, सिद्धांतों पर कंपनियों के फायदे को तरजीह



**बर्लिन ।** जर्मनी के चांसलर ओलोफ शोल्ज की चीन यात्रा को लेकर देश में गहरे मतभेद उभर आए हैं। शोल्ज शुक्रवार को बीजिंग पहुंचेंगे। शोल्ज की इस यात्रा से यूरोपियन यूनियन (ईयू) के भीतर भी मतभेद नजर आए हैं। आरोप है कि शोल्ज ने बीजिंग जाने का फैसला कर चीन को घेरने की अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों की रणनीति में पंक्चर कर दिया है। उधर शोल्ज समर्थकों का कहना है कि जिस समय जर्मन अर्थव्यवस्था गहरे संकट में फंस गई है, जर्मनी चीन से बिगाड़ करने का जोखिम नहीं उठा सकता। चीन और जर्मनी के बीच 2021 में 244 बिलियन डॉलर का कारोबार हुआ था। चीन जर्मनी का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है। साथ ही वह कई जर्मन कंपनियों की आमदनी का सबसे बड़ा स्रोत है। हाल में शी जिनपिंग को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए चीन का राष्ट्रपति चुना गया है। उसके ठीक बाद बीजिंग जाने के शोल्ज के फैसले को इस बात संकेत माना गया है कि जर्मनी की निगाह में चीन से रिश्ता सर्वोपरि है। शोल्ज अपने साथ एक बड़ा व्यापार प्रतिनिधिमंडल लेकर बीजिंग जा रहे हैं। इस दल में जर्मनी की सबसे बड़े कंपनियों के टॉप अधिकारी शामिल किए गए हैं। इस यात्रा के कुछ ही दिन पहले शोल्ज सरकार ने हैम्बर्ग स्थित जर्मनी के सबसे बड़े बंदरगाह चीन की सरकारी कंपनी कोस्को के निवेश को हरी झंडी दे दी। आलोचकों का कहना है कि ऐसे फैसले लेते वक्त शोल्ज ने मानव अधिकारों के मामले में चीन के रिकॉर्ड और यूक्रेन युद्ध में उसकी भूमिका को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया है। इन फैसलों की आलोचना कुछ उन दलों ने भी की है, जो शोल्ज के नेतृत्व वाले सत्ताधारी गठबंधन में शामिल हैं। फ्री डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता रीनहार्ड हाउबेन ने कहा है- हैम्बर्ग पोर्ट में कोस्को के निवेश को मंजूरी देने के बाद अब चांसलर को यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि जर्मन कंपनियों को भी चीन के इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश की इजाजत मिले।

### चीन की नई करतूत, गलवां में मारे गए सैनिकों के नाम पर पुलों-गांवों के नाम रखे

**बीजिंग ।** चीन ने शिनजियांग और तिब्बत प्रांतों को जोड़ने वाले राजमार्ग से लगे पुलों और गांवों का नाम



गलवां में मारे गए सैनिकों के नाम पर रख दिए हैं। ये नाम उन चार सैनिकों के नाम पर रखे गए हैं, जो 2020 में गलवां घाटी में भारतीय सैनिकों के साथ संघर्ष में मारे गए थे। चीनी मीडिया की रिपोर्ट की मानें तो इन सैन्यकर्मियों के नाम अब तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र से शिनजियांग उइगुर स्वायत्त क्षेत्र तक जी-219 राजमार्ग के साथ सड़क के संकेतक पर दिखाई देते हैं। उन सैनिकों के गृहनगर के अलावा जी-219 राजमार्ग के साथ 11 पुलों का नामकरण इन सैन्यकर्मियों के नाम पर किया गया है। बता दें कि सैनिकों की याद में स्थानों के नामकरण के कुछ दिन पहले चीनी सैन्य कमांडर क्यूई फाबाओ सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) की कांग्रेस में एक प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुआ था। फाबाओ जून 2020 में भारतीय सैनिकों के साथ गालवां घाटी में हुए संघर्ष में घायल हो गया था। इससे पहले पीएलए के गलवां संघर्ष के वीडियो फुटेज का एक हिस्सा सीपीसी की कांग्रेस के उद्घाटन के दिन 16 अक्तूबर को 'ग्रेट हॉल ऑफ पीपल' में विशाल स्क्रीन पर दिखाया गया था। इस वीडियो में फाबाओ भी दिखा था। सीपीसी की कांग्रेस में राष्ट्रपति शी जिनपिंग को रिकॉर्ड तीसरे कार्यकाल के लिए पार्टी का महासचिव चुना गया। मामले में भारत लगातार कहता रहा है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अमन और चैन द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

### विक्रमसिंघे ने की भारत के लोगों की तारीफ, बोले- बुरे दिनों में की मदद, अंधकार में दीपक जलाया

**कोलंबो ।** देश की आजादी के बाद से सबसे बड़े आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका ने भारत के प्रयासों की सराहना की है। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने शुक्रवार को राजधानी कोलंबो और देश के दूसरे हिस्सों में रह रहे भारतीय की तारीफ की। उन्होंने कोरोना महामारी और वित्तीय संकट के दौरान भारतीयों के सहयोग को अंधकार में दीपक के समान बताया। भारतीयों को कोलंबो एक्सपैट कल्चरल एसोसिएशन (सीईसीए) के नाम से जाना जाता है। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने अपने संबोधन में बताया कि किस तरह से सीईसीए ने निराशा की स्थिति में वंचित बच्चों के जीवन को रोशन कर सबसे बुरे दिनों में श्रीलंका की मदद की। विक्रमसिंघ ने सीईसीए की श्रीलंका के प्रति निरंतर भागीदारी और प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए कहा, मैं केवल इतना कह सकता हूं कि अंधकार की घड़ी में आप श्रीलंका के लिए उस दीपक की तरह हैं, जिन्हें प्रकाश के लिए जलाया गया है। श्रीलंका और भारत, क्षेत्र में समान संस्कृति को साझा करते हैं।

# जिन ड्रोन्स ने खत्म किया था रूसी टैंकों का बेड़ा, यूक्रेन को फिर वही मुहैया कराएगा यूएस

**कीव ।**

**रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुए अब आठ महीने से ज्यादा समय बीत चुका है। हालांकि, इस जंग का अंत फिलहाल नजर नहीं आ रहा, बल्कि दोनों ही देशों के बीच युद्ध का स्तर और घातक होने का खतरा जताया जा रहा है। इस बीच अमेरिका और यूरोपीय देशों ने रूस के खिलाफ यूक्रेन को मदद देना जारी रखा है। हाल ही में अमेरिका ने एक बार फिर यूक्रेन के लिए 40 करोड़ डॉलर का सुरक्षा पैकेज आवंटित किया है। इसके तहत यूक्रेन की सेना को टी-72 टैंक और जमीन से हवा में मार करने वाली हॉक मिसाइलें मुहैया कराई जाएंगी। इतना ही नहीं यूक्रेन को एक बार फिर उन्हीं घोस्ट ड्रोन्स की खेप भी दी जाएगी, जिन्होंने मार्च-अप्रैल में डोनबास और कीव के बाहर जुटे रूसी टैंकों के बेड़े को तबाह कर के रख दिया था।**

इस बीच यह जानना अहम है कि आखिर यह घोस्ट ड्रोन्स हैं क्या ये कितने खतरनाक हैं और रूसी सेना इनका इस्तेमाल कैसे करती आ रही है इसके अलावा अमेरिका इस बार यूक्रेन को कितने ड्रोन्स मुहैया कराने की बात कह रहा है



### यूक्रेन को कितने घोस्ट ड्रोन देगा अमेरिका -

यह पहली बार नहीं है, जब अमेरिका ने यूक्रेन को फीनिक्स घोस्ट ड्रोन्स मुहैया कराए हैं। इससे पहले जब रूस ने यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र पर कब्जा करना शुरू किया और कीव के बाहर अपने टैंकों का बेड़ा भेज दिया, तब भी अमेरिका ने यूक्रेन को फीनिक्स घोस्ट ड्रोन देने का एलान किया था। शुरुआत में अमेरिका ने यूक्रेन को 120 ड्रोन्स ही मुहैया कराए थे। हालांकि, इस बार इनकी संख्या 1100 के करीब रहेगी।

### क्या है घोस्ट ड्रोन्स की खासियत

फीनिक्स घोस्ट को अमेरिकी रक्षा विभाग से जुड़ी कंपनी आइवेक्स एयरोस्पेस ने अमेरिकी वायुसेना के साथ मिलकर तैयार किया है। इस ड्रोन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह आत्मघाती हैं। यानी यह रूस के अड्डों, टैंकों, सैनिकों और विमानों को बर्बाद करने के लिए खुद भी शहीद हो जाते हैं। मजेदार बात यह है कि कुछ लाख डॉलर के यह ड्रोन्स दुश्मन को करोड़ों के जान-माल का नुकसान पहुंचा सकते हैं।

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन के मुताबिक, इसे चलाने के लिए बहुत ज्यादा ट्रेनिंग की जरूरत नहीं है। यूक्रेन के डोनबास इलाके में सबसे पहले इसका इस्तेमाल हुआ था। मैदानी क्षेत्र में इसकी मारक क्षमता की वजह से यह यूक्रेनी सेना के काफी काम आया था।

### सिंगल यूज ड्रोन्स हैं फीनिक्स घोस्ट

फीनिक्स घोस्ट ड्रोन्स एक बार में छह घंटे तक उड़ान भर सकते हैं। इनमें इंफ्रारेड सेंसर्स का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे यह रात में भी सैन्य अभियान में प्रयोग में लाए जा सकते हैं। इन सिंगल यूज ड्रोन्स को सीधे लॉन्च किया जाता है और ऑपरेशन खत्म करने के लिए इन्हें दुश्मन के किसी भी ठिकाने पर गिराकर नष्ट किया जा सकता है। बताया जाता है कि फीनिक्स ड्रोन बख्तरबंद गाड़ियों के खिलाफ काफी कारगर हैं। कीव के बाहर जुटे टैंकों के बेड़ों को नष्ट करने में इन ड्रोन्स की भूमिका काफी अहम थी, क्योंकि यह बख्तरबंद वाहनों को नष्ट करने में असरदार रहे थे। यूक्रेन में कम ट्रेनिंग पाने वाले सैनिकों को भी इन्हें ऑपरेट करने में कोई मुश्किल नहीं आई थी। तुर्की के बायरात्तर ड्रोन्स के साथ जुगलबंदी में इन ड्रोन्स ने रूसी बेड़े के सामने तबाही मचा दी थी।

# अंतरिक्ष से गिरा चीनी रॉकेट, प्रशांत महासागर में बिखरा 23 टन मलबा



**वॉशिंगटन।**

चीन का एक रॉकेट अंतरिक्ष में अपनी कक्षा से निकलकर धरती पर आ गिरा है। इस रॉकेट का मलबा प्रशांत महासागर में गिरा है। यूनाइटेड स्टेट्स स्पेस कमांड ने इस घटना की पुष्टि की है। यूनाइटेड स्टेट्स स्पेस कमांड के एक ट्वीट के अनुसार, एक चीनी रॉकेट से 23 टन का मलबा वापस प्रशांत महासागर में पृथ्वी पर गिर गया है।

उसने ट्वीट किया कि यूएस स्पेस कमांड पुष्टि कर सकता है कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना लॉन्ग मार्च 5बी रॉकेट दक्षिण-मध्य प्रशांत महासागर के ऊपर वायुमंडल में सुबह 4: 01 बजे एमडीटी/10: 01 यूटीसी 11/4 पर फिर से प्रवेश कर गया है। धरती के वातावरण में हुए इस अनियंत्रित पुनः प्रवेश के और अधिक विवरण और प्रभाव स्थल की जानकारी के लिए हम एक बार फिर आपको पीआरसी के लिए संदर्भित करते हैं। इस पुष्टि के तुरंत बाद अमेरिका के रक्षा विभाग में 11वीं लड़ाकू कमान ने एक और ट्वीट पोस्ट किया। इस ट्वीट में उसने पुष्टि की कि चीनी लॉन्ग मार्च 5 बी रॉकेट के साथ दूसरा हिस्सा वायुमंडल में प्रवेश कर गया। यह पहली घटना से ही जुड़ा हुआ था, परंतु यूएस स्पेस कमांड के क्षेत्र से बाहर था। यह भी पूर्वोत्तर प्रशांत महासागर क्षेत्र में 4 नवंबर को सुबह 4: 06 बजे एमडीटी/10: 06 यूटीसी पर गिरा है। यह चीन का अंतरिक्षीय घटनाक्रमों का नवीनतम दौर है, जिसमें जानबूझकर अनियंत्रित ढंग से वायुमंडल में पुनः प्रवेश जैसी घटनाएं शामिल हैं। रॉकेट निर्माण के दौरान इसे लोगों से दूर धरती पर एक विशिष्ट स्थान पर गिरने के लिए निर्देशित करने वाली प्रणाली से लैस नहीं किया गया था। यह चौथी बार है जब चीन का कोई रॉकेट पृथ्वी पर वापस गिरा है। इससे पहले 2020, 2021 और 2022 में तीन बार चीन का रॉकेट वापस धरती आकर गिरा है। चीन ने सोमवार को अपने तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के तीसरे और अंतिम मॉड्यूल को ले जाने के लिए लॉन्ग मार्च 5 बी रॉकेट लॉन्च किया था। यह रॉकेट आज के दौर के ऑपरेशनों में सबसे शक्तिशाली रॉकेटों में से एक है, जो एक अंतरिक्ष कार्यक्रम का अहम हिस्सा है। रिपोर्ट के मुताबिक यह नासा के बाद दूसरे नंबर है जो कि तकनीकी रूप से काफी परिष्कृत है। चीन ने हर बार यह जुआ खेला है कि रॉकेट के पुर्जे जमीन पर बैठे लोगों को चोट नहीं पहुंचाएंगे।

# नासा लॉन्च करने जा रहा है 14 नवंबर को चंद्र मिशन अंतिम पड़ाव की ओर चल पड़ा सबसे बड़ा रॉकेट

**वॉशिंगटन।**

नासा नवंबर माह के मध्य में अपना चंद्र मिशन लॉन्च करने जा रहा है। इसी क्रम में उसका अब तक का सबसे बड़ा रॉकेट उड़ान भरने के लिए अंतिम पड़ाव के लिए लॉन्च पैड की ओर चल पड़ा है। कई तकनीकी और मौसम संबंधी दिक्कतों का सामना करने के बाद आखिरकार नासा 14 नवंबर को अपने बहुप्रतीक्षित आर्टेमिस 1 चंद्रमा मिशन को लॉन्च करने के लिए आश्वस्त है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने अपने बड़े और अगली पीढ़ी के रॉकेटशिप को लॉन्च करने के तीसरे प्रयास के लिए 14 नवंबर की तारीख का लक्ष्य रखा है। तूफान इयान और बिगड़ती मौसम की स्थिति की वहज से पैदा हुए खतरे को देखते हुए सुरक्षा नियमों के तहत नासा को 29 अगस्त और 3 सितंबर के अपने दो प्रक्षेपण प्रयासों को रोकना पड़ा था। इसकी वजह से पिछले महीने विशाल रॉकेट को वापस उसके हैंगर में भेजने पर मजबूर होना पड़ा था।



आर्टेमिस 1 मिशन में विशाल स्पेस लॉन्च सिस्टम (एसएलएस) रॉकेट और ओरियन अंतरिक्ष यान शामिल है। फ्लोरिडा में कैनेडी स्पेस सेंटर (केएससी) में इसे लॉन्च के लिए नासा के वाहन असेंबली बिल्डिंग (वीएबी) से पैड 39 बी की तरह एक बार फिर ले जाया गया है। यह प्रक्रिया शुक्रवार (4 नवंबर) को रात 9: 30 बजे के करीब हुई। नासा ने एक बयान में लॉन्च की नई तारीख की घोषणा करते हुए बताया कि अभी भी इसके लॉन्च पैड पर मानक रखरखाव किया जाना है, जिसमें इन्सुलेशन सामग्री को हुई मामूली क्षति की मरम्मत करना और रॉकेट पर लगी बैटरी को रिचार्ज करना या बदलना जैसे काम शामिल हैं। साथ ही इसके उपग्रह पेलोड और उड़ान-समाप्ति प्रणाली को लेकर काम किया जाना है। नासा के अधिकारियों ने पहले कहा था कि एक हाइड्रोजन ईंधन रिसाव ने लिफ्टऑफ के लिए करीब तीन घंटे का समय बर्बाद कर दिया। अंतिम उलटी गिनती की गणना फिर से करनी पड़ी। नासा ने कहा कि 14 नवंबर को आर्टेमिस मिशन लॉन्च के लिए नई 69 मिनट की विंडो 12: 07 बजे ईएसटी (0407 जीएमटी) से खोला जाना तय किया गया है।

# राष्ट्रपति पुतिन ने फिर की भारत की तारीफ कहा- भारतीय प्रतिभाशाली और प्रेरित करने वाले

**मास्को।**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को एक बार फिर भारत की प्रशंसा की है। उन्होंने भारतीयों को प्रतिभाशाली और प्रेरित करने वाले लोग बताकर तारीफ की और कहा कि भारत में बहुत संभावनाएं हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत विकास के मामले में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करेगा। पुतिन के भाषण के रॉयटर्स अनुवाद में यह बात कही गई है।



चार नवंबर को रूस के एकता दिवस के अवसर पर रूसी राष्ट्रपति ने भारत की बहुत अधिक क्षमता वाले देश के रूप में प्रशंसा की। मूल रूप से रूसी में दिए गए पुतिन के अनुवादित भाषण के अनुसार, उन्होंने कहा कि भारत अपने विकास के मामले में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करेगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। और लगभग डेढ़ अरब लोगों में अब यह क्षमता है। पुतिन ने कहा, आइए भारत को देखें: आंतरिक विकास के लिए एक अभियान के साथ भारतीय प्रतिभाशाली और बहुत प्रेरित लोग है। यह (भारत) निश्चित रूप से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करेगा। भारत अपने विकास के मामले में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करेगा। इसमें कोई संदेह नहीं है। और लगभग डेढ़ अरब लोगों में अब यह क्षमता है। रूसी राष्ट्रपति ने अफ्रीका में उपनिवेशवाद, भारत की क्षमता और कैसे रूस एक अद्वितीय सभ्यता और संस्कृति है इस बारे में बात की। पुतिन ने अपने भाषण के दौरान रूसी और वैश्विक इतिहास के बारे में कहा कि पश्चिमी साम्राज्यों ने अफ्रीका को लूट लिया था। पुतिन ने कहा कि काफी हद तक, पूर्व औपनिवेशिक शक्तियों में हासिल की गई समृद्धि का स्तर अफ्रीका की लूट पर आधारित है। हर कोई यह जानता है। हां, वास्तव में यह है, और यूरोप के शोधकर्ता इसे छिपाते नहीं हैं, इसलिए यह ऐसा ही है। वे कहते हैं कि यह काफी हद तक अफ्रीकी लोगों के दुख और पीड़ा पर बनाया गया था- मैं पूरी तरह से नहीं कह रहा हूं - लेकिन काफी हद तक औपनिवेशिक शक्तियों की समृद्धि इस तरह से बनाई गई थी। यह एक स्पष्ट तथ्य है बेशक यह लूट-पाट और दास व्यापार पर आधारित है।

पुतिन ने कहा कि रूस एक बहुराष्ट्रीय देश और एक बहु-स्वीकारोक्ति देश था जिसकी अद्वितीय सभ्यता और संस्कृति थी। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि रूस महत्वपूर्ण तरीके से, यूरोपीय संस्कृति का हिस्सा है और धर्म के जरिये महाद्वीप से जुड़ा हुआ है।

उन्होंने कहा, रूस महत्वपूर्ण तरीके से ईसाई धर्म पर आधारित एक संस्कृति (यूरोपीय शक्तियों का) का हिस्सा है। लेकिन उन्होंने आगे कहा कि रूस संयुक्त रूप से प्रमुख विश्व शक्ति के रूप में बना एक बहुराष्ट्रीय और बहुत लोगों द्वारा स्वीकार किया गया एक देश भी है। और इसी में इसकी विशिष्टता निहित है। यह वास्तव में एक अनूठी सभ्यता और एक अनूठी संस्कृति है।

# उत्तर कोरिया मिसाइल परीक्षण संयुक्त राष्ट्र को मजाक बना रहे, अमेरिकी दूत ने चीन व रूस की आलोचना की

**न्यूयार्क।**

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का मजाक उड़ाते हैं। उन्होंने सभी देशों से उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण के खिलाफ एक होने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने उत्तर कोरिया का परोक्ष रूप से साथ देने के लिए चीन और रूस की आलोचना की।

**अमेरिका ने रूस और चीन पर लगाया आरोप** - अमेरिका ने रूस और चीन पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आगे की कार्रवाई से उत्तर कोरिया को सुरक्षा प्रदान करने का आरोप लगाया और कहा कि यह जोड़ी प्योंगयांग के बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण को सही ठहराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उत्तर कोरिया, जिसे औपचारिक रूप से डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) के रूप में जाना जाता है, ने कई मिसाइलें दागीं, जिनमें एक संभावित विफल अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक




मिसाइल भी शामिल है। इसके बाद अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, अल्बानिया, आयरलैंड और नॉर्वे ने सुरक्षा परिषद से शुक्रवार को एक बैठक बुलाने का अनुरोध किया था।

लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने रूस और चीन का जिक्र करते हुए परिषद में कहा कि आपको सुरक्षा परिषद की जिम्मेदारियों को छोड़ने की जरूरत नहीं है क्योंकि डीपीआरके यूक्रेन में आपके आक्रमण के युद्ध को बढ़ावा देने के लिए आपको हथियार बेच सकता है, या क्योंकि आपको लगता है कि वे अमेरिका के खिलाफ एक अच्छा क्षेत्रीय प्रतिरोध बनाते हैं।

**चीन और रूस ने अमेरिका पर लगाया यह आरोप** - राजनयिकों ने कहा कि रूस और चीन के उत्तर कोरिया की नवीनतम मिसाइल परीक्षण पर सुरक्षा परिषद की किसी भी कार्रवाई के लिए सहमत होने की संभावना नहीं है। वहीं, चीन और रूस के प्रतिनिधियों ने अमेरिका पर दक्षिण कोरिया के साथ बड़े पैमाने पर संयुक्त सैन्य अभ्यास कर तनाव भड़काने का आरोप लगाया।

**चीन ने अमेरिका को दी यह नसीहत** - चीन के संयुक्त राष्ट्र के राजदूत झांग जून ने कहा कि अमेरिका को तनाव बढ़ाने के बजाय उत्तर कोरिया के साथ सार्थक बातचीत की बहाली के लिए स्थितियां बनानी चाहिए। झांग ने कहा कि सुरक्षा परिषद पर हमेशा दबाव बनाने के बजाय रचनात्मक भूमिका निभानी चाहिए। मौजूदा परिस्थितियों में, परिषद को विशेष रूप से टकराव को कम करने, तनाव कम करने और राजनीतिक समाधान को बढ़ावा देने का प्रयास करना चाहिए।

**10 सदस्यों ने उत्तर कोरिया के मिसाइल प्रक्षेपण की निंदा की** - बैठक के बाद पत्रकारों को दिए गए एक संयुक्त बयान में सुरक्षा परिषद के निर्वाचित 10 सदस्यों ने उत्तर कोरिया के मिसाइल प्रक्षेपण की निंदा की और अंतरराष्ट्रीय निकाय से इस मामले पर एकजुट होकर आवाज उठाने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शुक्रवार को इससे पहले उत्तर कोरिया के मिसाइल प्रक्षेपण की निंदा की और प्योंगयांग से आग्रह किया कि वह तत्काल कोई भी भड़काऊ कार्रवाई करने से परहेज करें और कोरियाई प्रायद्वीप के परमाणु के उद्देश्य से वार्ता फिर से शुरू करने के लिए तत्काल कदम उठाएं।

**परमाणु और मिसाइल प्रौद्योगिकियों का प्रसार चिंता का विषय: भारत** - संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि परमाणु और मिसाइल प्रौद्योगिकियों का प्रसार चिंता का विषय है, और उनका भारत सहित अन्य क्षेत्रों में शांति और सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कंबोज ने कहा कि हमने अतीत में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) द्वारा लॉन्च की गई ।

# गरीब विरोधी मानसिकता के लोग इंदिरा रसोई के खिलाफ चला रहे हैं कैंपन : गहलोत

**जयपुर ( हिंस )।** भरतपुर में इंदिरा रसोई के बर्तनों को सूअर चाटने का वीडियो वायरल होने के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का बयान आया है। गहलोत ने बिना नाम लिए भाजपा पर निशाना साधा है। मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि गरीब विरोधी मानसिकता वाले लोग के साथ इंदिरा रसोई के खिलाफ कैंपन चला रहे हैं। सीएम गहलोत ने ट्वीट करते हुए लिखा कि इंदिरा रसोई में आठ रुपये में गुणवत्तापूर्ण एवं ताजा भोजन उपलब्ध करवाया जाता है। प्रदेश की 900 इंदिरा रसोइयों में अभी तक 7.75 करोड़ थाली भोजन लाभार्थियों ने खाई है। कोई भी शिकायत मिलने पर कार्रवाई भी की गई है। परन्तु, कुछ लोगों को इंदिरा रसोई की सफलता से परेशानी हो रही है। गहलोत ने कहा कि गरीब विरोधी मानसिकता वाले ऐसे लोग के साथ इंदिरा रसोई के खिलाफ कैंपन चला रहे हैं। उन्हें सोचना चाहिए कि इसमें जिन अच्छी संस्थाओं ने काम संभाला है, उनका हौसला टूटता है। हमारी सरकार कोई भूखा ना सोए के संकल्प को साकार कर रही है। मैं पुन:



सभी जनप्रतिनिधियों से अपील करना चाहूंगा कि महीने में कम से कम एक दिन इंदिरा रसोई में भोजन करें जिससे इनकी गुणवत्ता और अच्छी हो। हाल ही में भरतपुर में गरीबों की रसोई यानी इंदिरा रसोई के बाहर बर्तनों को सूअर चाटते दिखे थे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद गहलोत ने ट्वीट कर यह जवाब दिया हैं। पिछले दिनों चूरू में सभापति ने इंदिरा रसोई के खाने की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित अन्य भाजपा नेताओं ने भी गहलोत सरकार की योजना में बरती जा रही लापरवाही पर सवाल खड़े किए थे। राजे ने ट्वीट करते हुए लिखा था कि भाजपा सरकार की अन्नपूर्णा रसोई के भोजन में जो पौष्टिकता थी, वह कांग्रेस सरकार द्वारा संचालित इंदिरा रसोई में नहीं है। अब तो सूअर तक यहां के बर्तन चाट रहे हैं, मुख्यमंत्रीजी ! योजनाओं का नाम बदलने से कुछ नहीं होगा। सफल क्रियान्वयन के लिए हमारी सरकार जैसी दृढ़ इच्छाशक्ति भी होना चाहिए। भरतपुर और उसके बाद बगरू में इंदिरा रसोई योजना में काम के लिए लिए जाने वाले बर्तनों को अव्यवस्थित रूप से बाहर रखने और पशुओं की ओर से उसमें मुंह मारने की घटना के बाद स्वायत्त शासन विभाग ने अब एक साथ प्रदेश की सभी इंदिरा रसोइयों का औचक निरीक्षण किया। नगरीय निकायों के अधिकारियों के अलावा एलएसजी सचिव ने भी इन रसोइयों में पहुंच भोजन करने के साथ ही व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। नगरीय निकायों में संचालित 900 इंदिरा रसोईयों में गुणवत्ता अच्छी हो, साफ-सफाई और दूसरी व्यवस्थाएं समुचित हो, इसके लिए स्वायत्त शासन विभाग की ओर से प्रदेश में स्थित सभी इंदिरा रसोइयों का नगरीय निकायों के आयुक्त, अधिशासी अधिकारियों की ओर से आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान रसोई संचालकों को भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, पाने की पानी और अन्य सभी व्यवस्थाएं समुचित करने के निर्देश दिए गए। एलएसजी सचिव डॉ. जोगाराम ने उदयपुर में महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय में संचालित इंदिरा रसोई का निरीक्षण किया। रसोई में भोजन करने आने वाले व्यक्तियों की संख्या काफी अधिक होने से रसोई क्षेत्र का विस्तार करने के आयुक्त नगर निगम उदयपुर को निर्देश दिए। इंदिरा रसोई योजना के स्टेट नोडल अधिकारी नवीन भारद्वाज ने हेरिटेज नगर निगम में गुर्जर की थड़ी चौराहा पर संचालित रसोई का निरीक्षण किया। रसोई में समुचित व्यवस्थाएं नहीं पाए जाने पर संचालक संस्था टन स्टोन फाउंडेशन जयपुर को शीघ्र ठीक करने के निर्देश दिए गए।

## प्रधानमंत्री पहुंचे डेरा ब्यास राधा स्वामी प्रमुख गुरिंदर ढिल्लों से की मुलाकात

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को पंजाब राधा स्वामी संप्रदाय के डेरा ब्यास पहुंचे। उन्होंने यहां राधा स्वामी प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह से मुलाकात की। इससे पहले सुबह वो विशेष विमान से जालंधर के निकट आदमपुर हवाई अड्डे पहुंचे। यहां पंजाब के कैबिनेट मंत्री ब्रह्मशंकर जिंपा, केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश, पंजाब भाजपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा तथा पंजाब के डीजीपी गौरव यादव समेत कई नेताओं व अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी हेलीकाप्टर से डेरा ब्यास पहुंचे। पंजाब में विधानसभा चुनाव के दौरान गुरिंदर ढिल्लों ने दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात करके उन्हें डेराब्यास आने का निमंत्रण दिया था। प्रधानमंत्री ने डेरे का लंगर का निरीक्षण किया। लंगर तैयार करने में जुटीं महिलाओं से बातचीत की। संगत भवन पहुंचकर डेरा अनुयायियों का अभिवादन स्वीकार किया।

## बीएसएफ के वाहन-ट्रेलर की भिड़ंत में दो जवानों की मौत, पांच घायल

**बाड़मेर ( हिंस )।** राजस्थान के बाड़मेर जिले के चौहटन थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों के वाहन और ट्रेलर की भिड़ंत में बीएसएफ के दो जवानों की मौत हो गई, जबकि पांच जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी जवान 83वीं बटालियन के हैं और बॉर्डर से बाड़मेर आ रहे थे। गंभीर घायल चार जवान जिला अस्पताल और एक जवान चौहटन स्थित हॉस्पिटल में भर्ती हैं। चार जवानों में से दो जवानों के सिर एवं पैर में फ्रैक्चर है। हादसे के बाद चौहटन एसडीएम भागीरथ विश्नोई और चौहटन पुलिस मौके पर पहुंचे। वहीं जिला अस्पताल में कलेक्टर, डीआईजी, कमांडेंट, एएसपी एवं एसडीएम भी पहुंचे। घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात 83वीं बटालियन के सात जवान चौहटन से बाड़मेर सेक्टर मुख्यालय पर आ रहे थे। इस दौरान चौहटन से कुछ किलोमीटर निकलते ही सामने से आ रहे ट्रेलर ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। हादसे के बाद बीएसएफ की टाटा गाड़ी के परखच्चे बिखर गए। भीषण सड़क हादसे में दो जवान के टूडू और धीरज कुमार की मौत हो गई। वहीं, पांच जवान एन. सिलवास, कुंदन केआर दुबे, प्रहलाद जे, कन्हैयालाल और बलविंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चौहटन पुलिस मौके पर पहुंची। मृतकों के शव चौहटन हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाए गए। जिला कलेक्टर लोकबंधु के मुताबिक बीएसएफ 83वीं बटालियन के जवान अपने ऑफिशियल काम से जा रहे थे। बीएसएफ के वाहन एवं ट्रेलर के बीच टक्कर हुई है। इसमें दो जवान शहीद हो गए हैं। चार डिस्ट्रिक्ट हॉस्पीटल में भर्ती है। एक जवान चौहटन हॉस्पिटल में भर्ती है। चार जवानों में से दो जवान के सिर एवं पैर में फेक्चर है। एहतियात के तौर पर उन्हें हाई सेंटर रेफर किया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद चार घायलों को बाड़मेर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां चारों का इलाज जारी है।

## ग्रेटर नगर निगम महापौर चुनाव भाजपा की रश्मि और कांग्रेस की हेमा में सीधी टक्कर

**जयपुर ( हिंस )।** जयपुर नगर निगम ग्रेटर में महापौर पद का चुनाव 10 नवंबर को चुनाव होने जा रहा है। महापौर चुनाव अब पूरी तरह दिलचस्प हो गया है। शुक्रवार को जिन चार उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे थे। उनमें से दो के निरस्त हो गए है। ऐसे में अब भाजपा की रश्मि सैनी और कांग्रेस की हेमा सिंघानिया में सीधी टक्कर होगी। इस स्थिति को देखते हुए शनिवार को कांग्रेस भी अपने सभी पार्षदों की बाड़ेबंदी करते दिखी। सभी पार्षदों को दोपहर में सिविल लाईंस मंत्री प्रताप सिंह के निवास पर बुलाया गया है, जहां से उन्हें सांगानेर मुहाना रोड स्थित मैजेस्टिक रिसोर्ट ले जाया गया। महापौर पद पर चुनाव लड़ने के लिए शुक्रवार कांग्रेस के तीन और भाजपा के एक पार्षद ने नामांकन पत्र भरा था। इसमें से शनिवार कांग्रेस की वार्ड 130 पार्षद रजुला सिंह और वार्ड 32 पार्षद नसरीन बानो का नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी शंकर लाल सैनी ने खारिज कर दिया। जानकारी में सामने आया कि पार्षद रजुला सिंह को एक शपथ पत्र देना था,जो समय पर दे नहीं सकी थी, जबकि नसरीन बनो अपने आवेदन पत्र के साथ जमानत राशि की रसीद नहीं जमा करवा सकी थी। इसके चलते इन दोनों के ही नामांकन पत्रों को शनिवार खारिज कर दिया।

## किसान फिर से 24 को करेंगे आंदोलन की शुरुआत

**यमुनानगर ( हिंस )।** भारतीय किसान यूनियन चढूनी द्वारा शनिवार को अनाज मंडी जगाधरी में आगामी 24 नवंबर से एक बार फिर किसान आंदोलन की तैयारियों को लेकर बैठक की गई। इस मौके सभी किसानों की ड्यूटी भी लगाई गई। यूनियन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष करम सिंह मथाना भी इस बैठक में पहुंचें। कार्यकारी अध्यक्ष करम सिंह मथाना ने बताया कि दिल्ली में किसान आंदोलन को 1 साल 13 महीने हो गए है और आंदोलन को उठाने को लेकर सरकार से हुए लिखित समझौते को भी एक साल हो गया है और जनसूचना अधिकार के तहत पता चला है कि किसानों के खिलाफ रेल्वे में दर्ज मुकदमों को सरकार ने अभी तक वापिस नहीं लिया है, जोकि लिखित में वायदा किया था।

## छोटे विक्रेताओं और पर्यटकों के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की घोषणा

**जम्मू।** ट्रिबैज प्राइवेट लिमिटेड ने जम्मू के लोगों को उनके नए उत्पाद और वेंचर की एक झलक देने के लिए प्रेस क्लब जम्मू में एक प्रेस कांफ्रेंस की। गुरपाल सिंह, तजिंदर पाल सिंह (अमन) जिलाध्यक्ष वाईएनसी जम्मू और ट्राईबैज समूह के लवजीत सिंह ने प्रेस का प्रतिनिधित्व किया और लोगों को अपने नए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के बारे में एक विचार दिया जो जल्द ही लॉन्च किया जाएगा। 222.ट्रिबैजडॉटकॉम जम्मू और कश्मीर में स्थित एक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म है, जहां हम छोटे व्यवसायों और स्थानीय विक्रेताओं को पर्यटकों के साथ-साथ शहर में रहने वाले लोगों के लिए अधिक सुलभ बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हमारा मिशन यात्रियों, स्थानीय विक्रेताओं, छोटे हस्तशिल्प विक्रेताओं, खरीदारों और बोली लगाने वालों के लिए एक अनूठा और अविस्मरणीय अनुभव बनाना है। ट्रिबैज एक बाजार है जहां आप शहर के आस-पास के



सर्वोत्तम स्थानों का पता लगा सकते हैं और व्यक्तिगत टूर पैकेज, आवास और स्थान प्राप्त कर सकते हैं। एक ऐसा स्थान जहां छोटे व्यवसाय अपनी सेवाओं का विज्ञापन कर सकते हैं और स्थानीय विक्रेता सीधे उपभोक्ताओं से जुड़ सकते हैं और अपने उत्पादों को सूचीबद्ध कर सकते हैं। हमारी वेबसाइट ने जीपीएस कार्यक्षमता को अपडेट किया है जो पर्यटकों को किसी भी स्थान को खोजने में मदद करता है, और खरीदार आसानी से विक्रेताओं का पता लगा सकते हैं। हमारी अनूठी ई-मंडी अवधारणा के साथ, विक्रेता और कमीशन एजेंट उत्पादों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का पालन कर सकते हैं और उसके अनुसार बोली लगा सकते हैं, जिससे खरीदारों और विक्रेताओं दोनों के लिए बातचीत आसान हो जाती है। हमारी दृष्टि दो नारों *देखो अपना देश* और *वोकल फॉर लोकल* पर आधारित है। हमारा उद्देश्य स्थानीय कारीगरों, दुकानों, विक्रेताओं और उत्पाद विक्रेताओं को सशक्त बनाना है। ट्रिबैज उन्हें एक ऐसा मंच प्रदान करेगा जहां उन्हें लगता है कि वे नियंत्रण में हैं और उन्हें वरीयता के रूप में माना जाता है, जो अन्य बाजारों पर होने की संभावना कम है। केवल अपनी उंगलियों से ट्रिबैज की दुनिया को एक्सप्लोर करें।

## वेतन विसंगति को ले जम्मू-कश्मीर के सेवानिवृत्त पुलिस पेंशनरों का प्रदर्शन

**जम्मू।** वेतन विसंगति को लेकर जम्मू-कश्मीर के सेवानिवृत्त पुलिस पेंशनरों ने जम्मू प्रेस क्लब के समीप अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। पत्रकारों से बात करते हुए अजित सिंह ने कहा हम सरकार से वेतन विसंगति के संबंध में आदेश संख्या 229-एफ 2014 दिनांक 17-10-2014 प्रभाव संभावित रूप से दिया जा रहा है, अर्थात आदेश की तिथि से। जबकि, प्रभाव वर्ष 1996 से दिया जाना चाहिए था जब पूरे राज्य में 5 वेतन आयोग लागू किया गया था लेकिन केवल यह पुलिस विभाग को छोड़ कर दिया गया था। इनमें से कुछ की एक्सपायरी भी हो चुकी है। जीवित संघर्ष करने वालों को इसका लाभ मिलना चाहिए। अब




यूटी और इसलिए हमारे मेडिकल अलाउंस को भी बढ़ाकर रु. 1000/- जो अभी भी 300/- है, केवल 4-10 प्रतिशत आरक्षण प्रोफेशन कॉलेजों में प्रवेश के लिए और पुलिस के बच्चों के लिए भर्ती में कर्मियों को दियाजा सकता है। हमारे कर्मचारी जो पिछले 6 (छह) महीनों से सेवानिवृत्त हुए हैं, उन्हें अभी तक उनकी परिलब्धियां नहीं मिली हैं। इसलिए हम सरका धनराशि जारी करने का अनुरोध किया जाता है ताकि सेवानिवृत्त लोगों को उनकी परिलब्धियां मिलें और वे बच्चों की उच्च शिक्षा, शादी के खर्च आदि के लिए अपने खर्चों को पूरा करने में सक्षम हों। कृपया परिलब्धियों को यथाशीघ्र जमा किया जाए।

## एनआईटी श्रीनगर के स्कॉलर को ताइवान विवि में टीईईपी के लिए चयनित

**जम्मू-श्रीनगर।** एक पीएचडी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) श्रीनगर के स्कॉलर को छह महीने की अवधि के लिए नेशनल ताइवान यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल प्रोग्राम, ताइवान एजुकेशन एक्सपीरियंस प्रोग्राम (टीईईपी) में प्रतिष्ठित इंटर्नशिप के लिए चुना गया है। निसार राणा, पीएचडी भौतिकी विभाग, एनआईटी श्रीनगर में विद्वान वह सॉलिड-स्टेट लाइटिंग अनुप्रयोगों के लिए फॉस्फोरस सामग्री के विकास पर काम करेंगे। राणा वर्तमान में प्रो. सीमिन रुबाब और डॉ. विजय कुमार के साथ काम कर रहे हैं। उनकी शोध रुचियां मुख्य रूप



से फोटोल्यूमिनेसिसेंस स्पेक्ट्रोस्कोपी और डिस्प्ले डिवाइस अनुप्रयोगों और एलईडी फैब्रिकेशन के प्रति इसकी प्रयोज्यता हैं। निदेशक एनआईटी, प्रो. (डॉ.), राकेश सहगल ने पीएचडी विद्वान निसार राणा को प्रतिष्ठित इंटर्नशिप हासिल करने के लिए धन्यवाद दिया और आशा व्यक्त की कि वह एक गुणवत्तापूर्ण शोध परिणाम के साथ फेलोशिप को सही ठहराएंगे। यह पूरे संस्थान के लिए गर्व का आंदोलन है। किसी भी इंजीनियरिंग संस्थान के लिए अनुसंधान महत्वपूर्ण और महत्वपूर्ण है। अनुसंधान और जांच के बिना, कोई प्रगति नहीं होगी और हम प्रतिस्पर्धी बाजार में प्रासंगिक नहीं रह सकते हैं, उन्होंने कहा कि संस्थान के रजिस्ट्रार प्रो. सैयद कैसर बुखारी ने पीएचडी विद्वान। उन्होंने कहा कि यह प्रतिष्ठित इंटर्नशिप उन्हें एक्सपोजर प्रदान करेगी।

## खाद की कमी से जूझ रहे हैं किसान

**फरीदाबाद ( हिंस )।** जिले में गेहूं की बुआई शुरू हो चुकी है, लेकिन डीएपी खाद न मिलने के कारण किसानों की परेशानी बढ़ गई है। डीएपी खाद की कमी से फरीदाबाद नहीं, अपितु पलवल, गुरुग्राम, नूंह, नारनौल, रेवाड़ी, सोनीपत के किसान भी परेशान है। किसान इफको और कृभको के खाद बिक्री केंद्र पर आते हैं, पर उन्हें खाद नहीं होने का जवाब मिलता है। इससे वो निराशा के भाव लिए लौटने को मजबूर हो रहे हैं। फरीदाबाद जिले में करीब 35 हजार हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की बोआई का लक्ष्य रखा गया है। किसानों ने धान की कटाई के बाद गेहूं की बोआई पहली नवंबर से शुरू कर दी।

## जम्मू-कश्मीर के कई वकील आप में शामिल

**जम्मू।** दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की उपलब्धि से प्रेरित होकर कई वकीलों ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा और जम्मू-कश्मीर में भविष्य की राजनीति में सुधारों का हिस्सा बन। बता दें कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा किए गए कार्यों से प्रेरणा लेकर जम्मू-कश्मीर में नियमित रूप से वकील आए दिन पार्टी में शामिल हो रहे हैं। आप ने शनिवार को एक ज्वाइनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जिसका नेतृत्व आप के कानूनी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एडवोकेट अरविंद बंदराल एवं सचिव एडवोकेट जाहिद भाटी ने किया। इस कार्यक्रम के दौरान जम्मू



से कई वकील आम आदमी पार्टी में शामिल हुए और प्रवेशकों का स्वागत लीगल सेल के पार्टी नेताओं ने किया। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी में शामिल हुए लोगों ने कहा कि आम आदमी पार्टी में सभी क्षेत्रों के लोग शामिल हो रहे है और आप सरकार का मिशन सिर्फ और सिर्फ देश में अच्छा बदलाव लाना है और यही कारण है कि वह सभी जम्मू-कश्मीर में भी बदलाव लाने के लिए आप में शामिल हो रहे हैं। पार्टी में शामिल होने वाले वकीलों में शामिल हैं एडवोकेट अभिनव सिंह सम्ब्याल, एडवोकेट वसीम निसार, एडवोकेट सज्जाद सरवर डार, एडवोकेट सुरेश, एडवोकेट अफ्तार, एडवोकेट फरीद व अन्य हैं। आम आदमी पार्टी के कानूनी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एडवोकेट अरविंद बंद्राल ने पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि वकील समाज में एक महत्वपूर्ण हितधारक होते हैं। और उन्होंने हमेशा समाज के उत्थान के लिए हर संभव तरीके से काम किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के सभी जिलों के सैकड़ों वकील पिछले कुछ महीनों में आप में शामिल हुए हैं जो यह दर्शाता है कि वकील बिरादरी के लोग जम्मू-कश्मीर में आम आदमी पार्टी के तहत रचनात्मक क्रांति का हिस्सा बन रहे हैं।

## सुधीर सूरी की हत्या के विरोध में अमृतसर बंद

**चंडीगढ़( हिंस )।** शिवसेना नेता सुधीर सूरी की हत्या के विरोध में अमृतसर में आज बंद का आह्वान किया गया है। कुछ हिंदू संगठनों ने सुबह बाजारों पर पहुंचकर दुकानें बंद करा दीं। कई स्थानों पर लोगों ने प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया। संवेदनशील स्थानों पर कानून-व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने पुलिस बल को तैनात किया गया है। मेडिकल बोर्ड ने शनिवार सुबह सूरी के शव का पोस्टमार्टम किया। इस बोर्ड में शामिल डॉक्टर्स ने प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा है कि सूरी के शरीर में चार गोलियां लगी हैं। दो गोली छाती, एक कंधे और एक पेट में लगी है। उल्लेखनीय है कि सूरी शुक्रवार को अमृतसर में एक मंदिर कमेटी के विरोध में धरना दे रहे थे। तभी उन्हें गोली से भून दिया गया।

## पहाड़ी समुदाय को एसटी सूची में शामिल करने के फैसले की सराहना की

**जम्मू/श्रीनगर।** पहाड़ी समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की लंबे समय से लंबित मांग को स्वीकार करने के लिए अपनी पार्टी ने सरकार की सराहना की है। प्रासंगिक रूप से, भारत के रजिस्ट्रार जनरल (आरजीआई) और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) ने जनजाति को अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी में शामिल करने के लिए तीन सदस्यीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिशों को सील कर दिया। यहां जारी एक बयान में, अपनी पार्टी ने कहा है कि आखिरकार, पहाड़ी समुदाय द्वारा संघर्ष के वर्षों के परिणाम सामने आए हैं और सरकार ने समुदाय को एसटी का दर्जा देने की लंबे समय से लंबित मांग को स्वीकार कर लिया है। बयान में कहा गया है कि अपनी पार्टी ने पहाड़ी समुदाय को एसटी का दर्जा हासिल करने की सफलता के लिए बधाई दी, जिसके वह नि:संदेह हकदार थे। पार्टी को उम्मीद है कि पहाड़ी समुदाय को एसटी का दर्जा देने से पहाड़ी आबादी, विशेषकर युवाओं को एसटी का दर्जा मिलने में मदद मिलेगी और समुदाय की समृद्धि और विकास सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। अपनी पार्टी को उम्मीद है कि एसटी सूची में पहाड़ी समुदाय के शामिल होने से अन्य समुदायों के हितों को नुकसान नहीं होगा।

## पांच दिवसीय युवा महोत्सव संगम 2022 का समापन

**जम्मू।** भारतीय सेना के सहयोग से भद्रवाह कैंपस द्वारा आयोजित पांच दिवसीय युवा महोत्सव *संगम 2022* का समापन आज यहां मेगा इवेंट के अंतिम दिन बहुआयामी सांस्कृतिक उपहार और विजेताओं और प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर जम्मू विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो. उमेश राय ने कहा कि वह युवा महोत्सव *संगम 2022* के समापन समारोह का हिस्सा बनकर मंत्रमुग्ध हैं। प्रो. राय ने अपने संबोधन में कहा कि अत्याधुनिक कॉलेज विकास परिषद की वित्तीय सहायता से कंप्यूटर लैब की स्थापना की जाएगी और विश्वविद्यालय तत्कालीन चिनाब घाटी में लड़कियों की शिक्षा का भी समर्थन करेगा, जिसके लिए वित्तीय सहायता और संसाधन व्यक्ति यदि आवश्यक हो तो दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, जम्मू विश्वविद्यालय द्वारा भी प्रदान किया जाएगा। कुलपति ने इस लोकप्रिय वार्षिक




आयोजन के सुचारू और सफल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए रेक्टर प्रोफेसर राहुल गुप्ता और 4 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रजत परमार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और सराहना की। यहां यह उल्लेख करना उचित होगा कि संगम-2022 ने जम्मू प्रांत के विभिन्न हिस्सों से 34 कॉलेजों के 1200 से अधिक प्रतिभागियों को आकर्षित किया। समापन समारोह का समापन मुख्य अतिथि प्रोफेसर उमेश राय और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के अलावा विजेता और उपविजेता टीमों सहित सभी छात्रों को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। ओवरआल रनर-अप ट्रॉफी गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज डोडा ने हासिल की, जबकि जम्मू यूनिवर्सिटी ने प्रतिष्ठित ट्रॉफी *संगम-2022* जीती। समापन समारोह के दौरान छात्रों ने नृत्य और गायन में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इससे पहले, 4 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रजत परमार ने पांच दिवसीय यूथ फेस्टिवल के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्ट पढ़ी। समापन समारोह का संचालन डॉ. जतिंदर मन्हास, डॉ. नीरज शर्मा और डॉ. अंबीश मलिक ने किया।

GOVERNMENT OF ASSAM
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD GUWAHATI ELECTRICAL DIVISION
NO. T-1/GED/ELECT/2022-23/NIT-38/2224

**PRESS NOTICE**

The Executive Engineer, PWD Guwahati Electrical Division, Chandmari, Guwahati-03, on behalf of the Governor of Assam invites Sealed Tenders in prescribed form (subsequently to be drawn up in printed F-2) from APWD registered Class-I (A/B/C), Class-II, and Class-III contractors having valid registration under APWD (Electrical), and having valid supervisor license from the Secretary Licensing Board, Assam, for the following Electrification works.

Details may be seen in the office of the undersigned during office hours on **10.11.2022**

| Sl. No. | Name of Work | Approximate Work Value in (Rs.) | Cost of Tender Document (in Rs.) | Time of Completion | Date of Opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Installation of new air conditioners in the Court Room, Office Rooms and Chambers of Judicial Officers in the Court Premises of the District & Sessions Judge, Kamrup (M), Guwahati along with servicing/ repairing of the faulty air conditioners, Panbazar, Guwahati | ₹ **7,04,838.00** | ₹ 300.00 | 7 (SEVEN) Days | 15/11/2022 |

Necessary information and details may be seen in the office of the undersigned during office hours.

Sd/-
Executive Engineer PWD
Guwahati Electrical Division
Chandmari Guwahati-3

*-- Janasanyog/C/13389/22*



# एलन मस्क ने ट्विटर से 50 फीसदी कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया

**वॉशिंगटन ।**
एलन मस्क ने शनिवार को ट्विटर के करीब 50 फीसदी कर्मचारियों को कंपनी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। एक हफ्ते पहले ही इस माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म को 44 अरब डॉलर में खरीदने वाले मस्क ने बीते सात दिनों में ही कंपनी में कई आधारभूत बदलाव किए हैं। इनमें ट्विटर के दुनियाभर में 7500 कर्मचारियों में से करीब 3700 की छंटनी जैसा कदम भी शामिल रहा। बताया गया है कि जिन कर्मचारियों को निकाला गया, उनसे शुक्रवार को ही कंपनी के कंप्यूटर और ई-मेल का एक्सेस छीन लिया गया है। जहां एक तरफ ट्विटर में इस तरह कर्मचारियों को निकालने के लिए एलन मस्क की आलोचना हो रही है। वहीं, शुक्रवार देर रात टेस्ला चीफ ने खुद ट्वीट में इसे लेकर सफाई दी। उन्होंने कहा, जहां तक ट्विटर में कर्मचारियों को कम करने की बात है, दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे पास कोई विकल्प नहीं था। खासकर तब जब कंपनी हर दिन 40 लाख डॉलर (करीब 32 करोड़ रुपये) गंवा रही हो।

**ट्विटर में राजस्व की कमी का मुद्दा उठा चुके हैं मस्क** – मस्क ने शुक्रवार को ही ट्विटर के राजस्व में भी भारी कमी की शिकायत की थी और कहा था कि ऐसा कुछ एक्टिविस्ट समूहों की वजह से हो रहा है, जो कि एडवर्टाइजर्स पर दबाव बना रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने एक्टिविस्ट्स को मनाने की काफी कोशिश की। काफी गड़बड़ रहा। वे अमेरिका में स्वतंत्र अभिव्यक्ति को खत्म करना चाहते हैं। मस्क की इस टिप्पणी को हाल ही में उनकी नागरिक अधिकार समूहों के साथ हुई बैठक के साथ जोड़कर देखा जा रहा है, जहां टेस्ला प्रमुख को अपने नेतृत्व को लेकर सवालों का सामना करना पड़ा था। कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने चिंता जताई थी कि अमेरिका में मध्यावधि चुनाव से पहले ट्विटर नफरत भरे भाषणों (हेट स्पीच) का जरिया बन सकता है।

**मस्क के कमान संभालने के बाद यूजर्स डिएक्टिवेट कर रहे अकाउंट** – ट्विटर के ताजा डाटा के मुताबिक, एलन मस्क के कंपनी की कमान संभालने के बाद से ही इस प्लेटफॉर्म पर एक्टिव यूजर्स की संख्या में बड़ी कमी देखी गई। 27 अक्तूबर को मस्क के टेकओवर के बाद से एक नवंबर तक ट्विटर पर करीब 8.75 लाख यूजर्स ने अपना अकाउंट डिएक्टिवेट कर लिया। इसके अलावा ट्विटर पर करीब पांच लाख अकाउंट सस्पेंड भी हो गए।

## विदेशी मुद्रा भंडार 6.561 अरब डॉलर बढ़कर 531 अरब डॉलर हुआ, स्वर्ण भंडार में भी इजाफा



**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि 28 अक्टूबर को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 6.561 अरब डॉलर बढ़कर 531.081 अरब डॉलर हो गया है। बता दें कि इससे पिछले समीक्षाधीन सप्ताह में देश में विदेशी मुद्रा का समग्र भंडार 3.847 बिलियन डॉलर घटकर 524.52 डॉलर हो गया था। बता दें कि अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 बिलियन अमरीकी डालर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। उसके बाद वैश्विक परिस्थितियों के बीच केंद्रीय बैंक आरबीआई को गिरते रुपये को बचाने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग करना पड़ा है, जिससे इसमें गिरावट आई। शुक्रवार को आरबीआई की ओर से जारी साप्ताहिक सांख्यिकीय आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) जो समग्र भंडार का एक प्रमुख घटक है समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान 28 अक्टूबर तक 5.772 बिलियन अमरीकी डॉलर बढ़कर 470.847 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया है। इसके अंतर्गत डॉलर, यूरो व पाउंड जैसी विदेशी मुद्रा आते हैं। इसके तहत डॉलर के मुकाबले अन्य विदेशी मुद्राओं पर पड़ने प्रभावों की भी गणना की जाती है। 28 अक्तूबर को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान देश के स्वर्ण भंडार का मूल्य भी 556 मिलियन अमरीकी डॉलर बढ़कर 37.762 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया है। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 185 मिलियन अमरीकी डॉलर बढ़कर 17.625 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया।

## सोना 604 रुपये चढ़ा, चांदी में 2,061 रुपये की तेजी



**नई दिल्ली ।** मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच शुक्रवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोना 604 रुपये महंगा होकर 50,869 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव रहा। पिछले कारोबारी सत्र में यह 50,265 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह चांदी की कीमतें भी 2,061 रुपये महंगी होकर 59,477 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव रही। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी रिसर्च के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवनीत दमानी ने कहा, बाजार के भागीदार अमेरिका के नौकरी बाजार के आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच, अन्य मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में स्थिरता से सोने और चांदी की कीमतों में कुछ तेजी देखने को मिली। एक दिन पहले बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट रही थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1,648 डॉलर प्रति औंस रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, बृहस्पतिवार को छह सप्ताह का निचला स्तर छूने के बाद न्यूयॉर्क कमोडिटी एक्सचेंज कॉमेक्स पर सोने में तेजी रही। चीन में पीली धातु की खरीदारी में तेजी से भी सोने को समर्थन मिला। केडिया एडवाइजरी के निदेशक अजय केडिया ने कहा, अमेरिकी फेड रिजर्व के नीतिगत दरों में 0.75 फीसदी की बढ़ोतरी के बावजूद सोने और चांदी में तेजी रहेगी।

## यूरोपियन नियामकों ने भारत के छह प्रमुख संस्थानों को अयोग्य ठहराया




**नई दिल्ली ।** यरोप के वित्तीय नियामकों ने छह प्रमुख भारतीय आर्थिक संस्थानों को अयोग्य ठहरा दिया है। यूरोपीय संघ (ईयू) की फाइनेंशियल मार्केट्स अथॉरिटी (ईएसएमए) और बैंक ऑफ इंग्लैंड ने जिन प्रमुख भारतीय संस्थाओं की मान्यता समाप्त कर दी है उनमें क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआईएल), एनएसई क्लियरिंग लिमिटेड (एएससीसीएल) और इंडियन क्लियरिंग कॉर्प (आईसीसीएल) जैसे बड़े नाम शामिल हैं। बता दें इन संस्थानों के माध्यम से फॉरेन एक्सचेंज, डेरिवेटिव्स, सरकारी बॉन्ड और प्रतिभूतियों के ट्रेड का निपटान किया जाता है। यूरोपीय नियामकों के इस फैसले से भारत में काम कर रहे यूरोपीय बैंक संकट में आ गए हैं। बैंकिंग सेक्टर के जानकारों के मुताबिक भारतीय आर्थिक संस्थाओं को अयोग्य घोषित करने का फैसला भारतीय और विदेशी नियामकों के बीच गतिरोध के कारण लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एक बैंकर का मानना है कि भारतीय रिजर्व बैंक और सेबी इन प्रमुख भारतीय संस्थानों को विदेशी बाजार नियामकों की जांच और परीक्षण के दायरे में आने देने में सहज नहीं है।

# चौके-छक्के लगाने वाले 'चीकू' पर होती है पैसों की बारिश, होश उड़ा देगी सालाना कमाई

**नई दिल्ली ।**
क्रिकेट के मैदान में दर्शकों को अपने प्रदर्शन से कायल कर देने वाले भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली संपत्ति के मामले में भी अव्वल हैं। टीम इंडिया के धुरंधर बल्लेबाज कोहली का जन्म पांच नवंबर 1988 को नई दिल्ली में हुआ था। क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट चाहे वह टेस्ट हो, वनडे हो या ट्वेंवेंटी-20 सभी में उनका जलवा है। क्रिकेट के साथ-साथ पूर्व कप्तान विज्ञापन से भी करोड़ों की कमाई करते हैं। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के लिए भी कोहली करोड़ों रुपये लेते हैं। कोहली क्रिकेट के साथ-साथ कई कंपनियों के ब्रांड एंबेसडर हैं। कई कंपनियों में उन्होंने निवेश किया हुआ है और सोशल मीडिया के जरिए भी उनकी अच्छी खासी कमाई होती है।

### दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेटरों की लिस्ट में शुमार हैं विराट कोहली

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान को दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेटरों की लिस्ट में शुमार किया जाता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 34 वर्षीय विराट कोहली की कुल नेटवर्थ करीब 127 मिलियन डॉलर यानी करीब 1046 करोड़ रुपये है। एक वर्ष में विराट की औसत कमाई करीब 15 करोड़ रुपये हैं। एक ही महीने में वे करीब सवा करोड़ रुपये कमाते हैं। हफ्तेभर में कोहली 28,84,615 रुपये की कमाई करते हैं। ऐसे में एक दिन में उनकी कमाई करीब 5,76, 923 रुपये की है। कोहली की गिनती दुनिया के सबसे शानदार बल्लेबाजों में होती है। कोहली बीसीसीआई के क्रिकेटरों के ग्रेड ए+ के कॉन्ट्रैक्ट में शामिल है। इन कॉन्ट्रैक्स के जरिए उन्हें सालाना सात करोड़ रुपय मिलते हैं। हर वर्ष होने वाले आईपीएल में भी मोटी फीस चार्ज करते हैं। इसके अलाव गेम के फॉर्मेट के हिसाब से उन्हें मैंच फीस भी दी जाती है।

### क्रिकेट के अलावे विज्ञापन और सोशल मीडिया से भी अच्छी कमाई करते हैं चीकू

सोशल मीडिया के इस्तेमाल से भी भारतीय टीम के पूर्व कप्तान अच्छी खासी कमाई करते हैं। यह नहीं इस दिग्गज भारतीय क्रिकेटर ने कई कंपनियों में निवेश भी किया हुआ है, जहां से उन्हें बढ़िया रिटर्न मिलता है। साथ ही उनकी कमाई में एक बड़ा हिस्सा विज्ञापन या प्रोडक्ट एंडोर्समेंट से भी आता है। विराट जिन प्रोडक्ट्स को इंडोर्स करते हैं उनमें मान्यवर, एमपीएल, पेप्सी, फिलिप्स, फस्टट्रैक, बूस्ट, ऑडी, एमआरएफ, हीरो, वॉल्वोलिन, पूमा जैसे ब्रांड्स शामिल हैं। वहीं उन्होंने ब्लू ट्राइब, चीसेल फिटनेस, नुएवा, गलैक्टस फनवेयर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, स्पोर्टो कॉन्वो और डिजिट जैसे ब्रांड्स में निवेश किया हुआ है। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने हाल ही में दिवंगत सिंगर किशोर कुमार का बंगला किराए पर लिया था। जिसमें उन्होंने एक शानदार रेस्टोरेंट खोला है। कोहली के इस रेस्टोरेंट का नाम वन8 कम्यून है।



### कोहली इंस्टाग्राम पर 220 मिलियन फॉलोअर्स के साथ फेमस सेलिब्रिटी लिस्ट में शामिल

विराट कोहली की सोशल मीडिया से होने वाली कमाई की बात करें तो 220 मिलियन फॉलोअर्स के साथ वे इंस्टाग्राम पर सबसे फेमस सेलिब्रिटी की लिस्ट में शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विराट इंस्टाग्राम की सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले स्पोर्ट्स सिलिब्रिटी की लिस्ट में लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बाद तीसरे नंबर पर आते हैं। इंस्टाग्राम रिच लिस्ट पर गौर करें तो टॉप-20 में भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा के बाद विराट कोहली अकेले एशियाई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कोहली अपनी एक इंस्ट्राग्राम पोस्ट के लिए करीब 8.9 करोड़ रुपये चार्ज करते हैं।

### कोहली के पास मौजूद हैं एक से बढ़कर एक लग्जरी कारें

कोहली के पास करीब छह लग्जरी कार हैं। कोहली के पास ऑडी क्यू 7 (70 से 80 लाख रुपये), ऑडी आरएस5 (करीब 1.1 करोड़ रुपये), ऑडी आर8 (करीब 2.97 करोड़ रुपये), ऑडी ए8एल डब्ल्यू 12 क्वात्रो (करीब 1.98 करोड़ रुपये), लैंड रोवर वोग (करीब 2.26 करोड़ रुपये) जैसी कारें हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया गया है उनके पास (करीब 1.70- 3.41 करोड़ रुपये) और (करीब 3.29-4.04 करोड़ रुपये) जैसी कार भी है। हालांकि, ये कारें उनके भाई के नाम पर निबंधित हैं।

**एपल ने चीन को दिया झटका**

# भारत सरकार की विदेशी कंपनियों को आकर्षित करने की नीतियों का दिखने लगा असर



**नई दिल्ली ।**
दिग्गज अमेरिकी कंपनी एपल ने चीन को एक और झटका दिया है। उसकी एक और आपूर्तिकर्ता कंपनी पेगाट्रॉन ने भारत में आईफोन-14 बनाने (असेंबल) की शुरुआत कर दी है। यह एपल की दूसरी आपूर्तिकर्ता और कुल तीसरी कंपनी है, जो भारत में आईफोन-14 बना रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत सरकार की विदेशी कंपनियों को आकर्षित करने की नीतियों और कोविड को लेकर चीन की सख्त पॉलिसी का असर दिखने लगा है। दरअसल, एपल चीन पर अपनी निर्भरता घटाने की कोशिश कर रहा है। इसके अलावा, कोरोना के बढ़ते मामले की वजह से चीन में लॉकडाउन लग रहा है। एपल की सबसे बड़ी मैन्युफैक्चरिंग इकाई फॉक्सकॉन के हजारों कर्मचारी कोरोना से पीड़ित हैं। इसलिए वहां काम ठप है। उत्पादन घटने की आशंका से फॉक्सकॉन सितंबर से ही भारत में आईफोन-14 बना रही है। एपल फिलहाल भारत में आईफोन एसई, आईफोन-12, आईफोन-13 और आईफोन-14 मॉडल बनाती है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की विनिर्माण क्षमता के प्रतिद्वंदी के रूप में भारत खुद को स्थापित कर रहा है। इसके अलावा, अमेरिका एवं चीन के बीच बढ़ते तनाव और बीजिंग की कोविड जीरो नीति की वजह से एपल वैकल्पिक उत्पादन केंद्रों की तलाश कर रही है। भारत सरकार ने उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की घोषणा कर एपल के लिए केंद्र के चुनाव को आसान कर दिया। भारत में आईफोन बनाने वाली कंपनियां फॉक्सकॉन, विस्ट्रॉन और पेगाट्रॉन विस्तार के चरण में हैं। चीन में नव वर्ष से पहले कंपनियां आईफोन उत्पादन बढ़ाना चाह रही हैं, लेकिन कोरोना की वजह से यह संभव नहीं है। फॉक्सकॉन और पेगाट्रॉन की तमिलनाडु में उत्पादन इकाई है।

# डीजल महंगा होने से ट्रक से माल ढुलाई 91प्रतिशत तक बढ़ी, कितना पड़ेगा आपकी जेब पर असर

**नई दिल्ली ।**
कोरोना के बाद अर्थव्यवस्था के खुलने व डीजल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि से ट्रक माल ढुलाई महंगी हो गई है। कुछ रूट पर इसके किराये में 91 फीसदी तक की बढ़त हुई है। इससे सामानों की कीमतें भी बढ़ गई हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा की एक रिपोर्ट के अनुसार, 15 टन सामान वाले ट्रक का दिल्ली से किराया इस समय 22,000 रुपये है जो 2016-17 में 11,517 रुपये था। यानी यह 91 फीसदी बढ़ गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली से बंगलूरू का किराया 35.1प्रतिशत बढ़कर 82,936 रुपये, जबकि हैदराबाद का किराया 10.2प्रतिशत बढ़कर 64,300 रुपये हो गया है। चेन्नई का 10.5 फीसदी बढ़कर 86,116 रुपये जबकि त्रिवेंद्रम का किराया 11.7प्रतिशत बढ़कर 89,779 रुपये हो गया है। गुवाहाटी का किराया 10.7प्रतिशत बढ़त के साथ 90,015 रुपये है। हालांकि, पटना के किराये में 24.2 फीसदी की कमी आई है और यह 46,201 से घटकर 35,000 रुपये रह गया है।

हालांकि, हाल में डीजल की कीमतों में नरमी के बाद सरकार द्वारा 6 रुपये प्रति लीटर की उत्पाद शुल्क में कटौती ने भी इसी अवधि में माल ढुलाई दरों में कमी में योगदान दिया है। बैंक की हालिया जारी इस विस्तृत रिपोर्ट में कहा गया है कि जब-जब डीजल की कीमतें घटी हैं, तब-तब ट्रकों की माल ढुलाई के किराये भी घटे हैं। लेकिन देश में लंबे समय से डीजल की कीमतें ऊपर बनी हुई हैं।



### 16 रूट वाले इंडेक्स में 14 फीसदी की बढ़त

रिपोर्ट के अनुसार, 16 रूट वाले इंडेक्स पर 2016-17 की तुलना में किराया औसत 14 फीसदी बढ़ा है जबकि इसी दौरान डीजल की कीमतें 56.9 रुपये लीटर से 67 फीसदी बढ़ कर 95.1 रुपये लीटर हो गई हैं। वित्त वर्ष 2020 और 2021 में कोरोना के लॉकडाउन और अर्थव्यवस्था में धीमेपन के कारण शीर्ष 3 महानगरों में ट्रकों के किराये में कमी आई थी।

# महानगर गैस ने दिया जनता को महंगाई का झटका, सीएनजी और पीएनजी के दाम फिर बढ़ाए

**मुंबई ।**
महानगर गैस ने शुक्रवार को बढ़ती लागत और गैस की कम आपूर्ति का हवाला देते हुए एक बार फिर आम जनता को महंगाई का झटका दिया। महानगर गैस ने ऑटो ईंधन और रसोई गैस की खुदरा कीमतों में एक और बढ़ोतरी की घोषणा की। सीएनजी की कीमत 3.50 रुपये प्रति किलो और पीएनजी की कीमत 1.50 रुपये प्रति किलो बढ़ाई गई है। अक्टूबर के बाद से यह दूसरा संशोधन है जब केंद्र ने घरेलू स्तर पर उत्पादित गैस की कीमत में वित्त वर्ष की दूसरी छमाही के लिए 40 प्रतिशत तक की वृद्धि की। 1 अप्रैल को सीएनजी की कीमत 60 रुपये प्रति किलोग्राम और पाइप्ड रसोई गैस की कीमत 36 रुपये प्रति एससीएम थी। राज्य सरकार द्वारा इन ईंधनों पर वैट 13.5 प्रतिशत से घटाकर 3.50 प्रतिशत करने के बाद कीमतें कम थीं। एमजीएल ने सीएनजी की कीमत में 6 रुपये प्रति किलोग्राम और पीएनजी में 3.50 रुपये की कटौती की थी। रुपये में गिरावट के साथ मूल्य वृद्धि को उचित ठहराते हुए एमजीएल ने कहा है कि वह सीएनजी के खुदरा मूल्य को 3.50 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाकर 89.50 रुपये और घरेलू पाइप प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के खुदरा मूल्य में 1.50 रुपये प्रति एससीएम बढ़ोतरी कर 54 रुपये कर रहा है, जो इस मध्यरात्रि से प्रभावी होगा। एपीएम गैस की आपूर्ति में कमी पर एमजीएल ने कहा कि आपूर्ति में 10 प्रतिशत की कटौती की गई है, जिससे उसे बाहर से ईंधन की आपूर्ति काफी अधिक कीमत पर करनी पड़ी क्योंकि गैस की मांग अभी कम नहीं हुई है। एमजीएल ने दावा किया कि संशोधित स्तर पर भी सीएनजी महानगर में पेट्रोल की तुलना में लगभग 42 प्रतिशत सस्ता है, जबकि पीएनजी मौजूदा एलपीजी की तुलना में लगभग 8 प्रतिशत सस्ता है। वहीं, गोवा सरकार ने शुक्रवार को अपनी प्रमुख मध्याह्न भोजन योजना के लिए प्रति छात्र खाना पकाने की लागत में वृद्धि की, जिसे 7 नवंबर से लागू किया जाएगा।



# इमरान पर हमले के बाद पाक का शेयर बाजार फिसला, पूर्व पीएम की सेहत पर आया बड़ा अपडेट

**इस्लामाबाद ।**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर हुए जानलेवा हमले और देश में अनिश्चित माहौल के बीच शुक्रवार को वहां के निवेशक सहम गए हैं। जुमे के दिन कराची स्टॉक एक्सचेंज लाल निशान पर कारोबार करते हुए 300 अंकों की कमजोरी के साथ बंद हुआ। पाकिस्तानी मुद्रा भी डॉलर के मुकाबले कमजोर हो गया है। बता दें कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर हुए हमले के बाद उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने पूरे देश में जुमे की नमाज के बाद प्रदर्शन करने की घोषणा की है। पीटीआई की ओर से कहा गया है कि उनकी पार्टी देशभर में प्रदर्शन कर चुनाव कराने के लिए दबाव बनाएगी। बता दें कि गुरुवार हो एक जानलेवा हमले में पूर्व पीएम इमरान खान घायल हो गए थे, गोली उनके पैर में लगी थी। 70 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर गुरुवार को एक सभा के दौरान गोलीबारी की गई थी। इस घटना में एक गोली इमरान के दाहिने पैर में लगी थी। हमरान खान पर यह हमला पंजाब प्रांत के वजीराबाद इलाके में किया गया था। वहां वह सरकार के खिलाफ एक प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे। शुक्रवार के दिन केएसई-100 इंडेक्स लाल निशान पर खुला था। बाजार में कारोबार शुरू होने के बाद यह नीचे ही फिसलता गया। दिन के मध्य तक यह 306.45 अंकों यानी 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 41,784.26 अंकों पर पहुंच गई। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तानी रुपया भी डॉलर के मुकाबले कमजोर हो गया। बाजार की शुरुआत में यह हरे निशान पर 225.75 अंकों पर कारोबार करता दिखा। एक फॉरेन करेंसी डीलर का कहना है कि बाजार का रुझान मंदी की ओर है क्योंकि यह इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं है कि आने वाले कुछ दिनों में क्या होने जा रहा है एक कैपिटल इन्वेस्टमेंट फर्म के इक्विटीज हेड मोहम्मद जुबैर का कहना है कि जब तक देश की राजनीति के बारे में सब कुछ साफ नहीं हो जाता है तब तक बाजार में कोई भी निवेश मुश्किल है। उनका मानना है कि देश में हर कोई इमरान खान और उनकी पार्टी की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा है। हम देखना चाहते हैं कि क्या इमरान खान देश की सत्ता के खिलाफ आने वाले दिनों में राजनीतिक प्रतिरोध और तेज करते हैं या नहीं अगर ऐसा होता है तो देश की आर्थिक स्थिति और खराब होगी।



विश्लेषकों ने उल्लेख किया कि सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अब्दुलजीज अल-सऊद की देश की आगामी यात्रा और प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी परियोजनाओं) को पुनर्जीवित करने के लिए हाल ही में चीन की यात्रा के कारण, खान की हत्या के प्रयास से पहले बाजार ने सकारात्मक संकेत दिए थे।

इमरान खान की पार्टी पीटीआई के मुताबिक जनलेवा हमले के बाद पूर्व पीएम को सड़क मार्ग से उनके अपने शौकत खानम अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका एक ऑपरेशन किया गया, फिलहाल उसके बाद उनकी हालत स्थिर है। उनकी पार्टी ने साथ ही यह भी कहा है कि इमरान अपना विरोध मार्च जारी रखने के लिए दृढ़ हैं।

शौकत खानम अस्पताल के डॉक्टरों ने इमरान खान के स्वास्थ्य की हेल्थ बुलेटिन जारी की वहीं, शौकत खानम अस्पताल के डॉक्टरों ने मेडिकल बुलेटिन में बताया है कि इमरान खान को चलने और शौचालय का उपयोग करने की अनुमति दे दी गई है। पीटीआई अध्यक्ष अस्पताल से छुट्टी मांग रहे थे लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें एक दिन के आराम की सलाह दी है। अस्पताल प्रशासन ने कहा है कि इमरान खान को और टेस्ट कराने की जरूरत नहीं है, उन्हें कुछ भी खाने-पीने से भी नहीं रोका गया है। मेडिकल बोर्ड के सूत्रों के अनुसार, इमरान खान के दाहिने पैर का दो घंटे तक ऑपरेशन किया गया, अध्यक्ष पीटीआई को पैर में चार चोटें आईं, हड्डी में कोई क्षति नहीं हुई। पाकिस्तान के गृह मंत्री बोले- इमरान पर हमला देश में धार्मिक चरमपंथ की अभिव्यक्ति इस बीच पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने कहा कि इमरान खान पर हमला देश में धार्मिक चरमपंथ की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री को दुश्मन नहीं है, बल्कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी है। सनाउल्लाह ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हमलावर के दूसरे वीडियो से पता चलता है कि उसे चरमपंथियों ने सिखाया था। उन्होंने कहा कि हमलावर को जांचकर्ताओं के साथ बहस करते हुए देखा गया है, उन्होंने कहा कि सरकार ने सोशल मीडिया साइटों से इसकी सामग्री को हटाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि वीडियो में संदिग्ध के बयान बहुत ही चिंताजनक और खतरनाक हैं। इस तरह के आरोप पहले भी लगाए गए थे। और वीडियो के वायरल होने के बाद यह संभव है कि इस तरह के बयानों को हवा दी जाए।

# भोजपुरी अभिनेत्री रानी चटर्जी अपनी फिटनेस को लेकर सजग

**मुंबई (ईएमएस)।** अमूमन भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्रियां का फिल्मों में प्रोजेक्शन एक अभिनेत्री की बॉडी के मानकों से अलग ही रहा है। भोजपुरी फिल्मों में अभिनेत्रियां स्लिम-ट्रीम नहीं दिखती हैं। इस ट्रेंड को लेकर लोगों की कई तरह की धारणाएं हैं, लेकिन रानी चटर्जी बताती हैं कि इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि जिन इलाकों में भोजपुरी फिल्म की शूटिंग होती हैं, वहां जिम की व्यवस्था नहीं होती है, इसकारण वजन पर कंट्रोल कर पाना मुश्किल होता है। इससे इतर रानी अपनी फिटनेस को लेकर हमेशा से सजग रही हैं, इसके बावजूद उनके करियर में इस तरह के कई मोड़ आए हैं, जहां फिल्मों से इसकारण निकाल दिया गया क्योंकि वहां एक्टर्स को 'ओवरवेट' लगी हैं। अपनी डायट रूटीन और वजन से जुड़े कुछ दिलचस्प किस्से रानी हमसे शेयर करती हैं। मैं बहुत ज्यादा फिट या फिर ऐसी डायट पर यकीन नहीं करती जिसमें कार्ब्स या फाइबर ही न हो। जब भी मुझे वेट लॉस करना होता है, तब मैं हाई प्रोटीन डायट पर होती हूं। उस दौरान मैं बॉइल्ड चिकन, ग्रील्ड फिश, एग वाइट, पालक, सोयाबीन, ककड़ी, दही जैसी चीजों का सेवन करती हूं। वहीं जब मुझे वेट को मेंटेन करना होता है, तब उस वक्त मैं ग्राम के हिसाब से खाना खाती हूं। जैसे 100 ग्राम चावल के साथ 100 ग्राम दही ले लिया। मैं कार्ब्स के साथ



वेजिटेबल, सलाद और दाल जरूर जोड़ती हूं। दाल मेरे डायट में हमेशा से होता है। वर्कआउट के दौरान मेरा हाई प्रोटीन डायट ही होता है। जब मैं मुंबई में अपने घर पर होती हूं, तब मेरी एक्सरसाइज रूटीन बहुत अच्छी जा रही होती है। मैं 90 मिनट्स कार्डियो और हल्का सा वर्कआउट करती हूं। मैं ज्यादा हेवी वर्कआउट का लोड नहीं लेती हूं। बस कोशिश यही होती है, कि बॉडी टोन्ड रहे। हां, जब शूटिंग के लिए बाहर जाना होता है, तब उस वक्त फ्लोर वर्कआउट से ही काम चलाना होता है। दरअसल मेरी शूटिंग जिन इलाकों पर होती है, वहां न जिम की सुविधा होती है और न ही कोई खुला गार्डन मिलता है। तब होटल के रूम पर ही फ्लोर वर्कआउट करती हूं. इसके अलावा सीढ़ीयों पर क्रॉसफिट, बाल्टी उठाकर स्क्वाट करना, जंपिंग व माउंटेन जैक आदि एक्सरसाइज करती हूं। अगर आपने छोले भटूरे, बिरियानी खाती हूं, तब फिर एक्सरसाइज से परहेज बिलकुल नहीं करती। मेरी रूटीन बहुत ही सिंपल है। मेरे दिन की शुरूआत ही ब्लैक कॉफी से होती है। दो एग वाइट खाकर मैं जिम जाती हूं। जिम में दो घंटे बिताती हूं। फिर घर आकर प्रोटीन लेती हूं, सब्स्टीट्यूट नहीं बल्कि ऑर्गैनिक प्रोटीन पर ज्यादा भरोसा है! पपाया मेरी रोजाना की फ्रूट में है! दोपहर में हाई प्रोटीन संग थोड़ा सा कार्ब्स ले लेती हूं। शाम को स्नैक्स में हल्का कुछ लेती हूं। बाहर निकलती हूं, तब कंट्रोल नहीं कर पाती, तब सैंडविज जरूर ले लेती हूं।

## राजीव ने तोड़ी चुप्पी, चारू असोपा का टीवी अभिनेता करण मेहरा के साथ अफेयर



**मुंबई (ईएमएस)।** अभिनेत्री सुष्मिता सेन के भाई राजीव सेन और उनकी पत्नी चारू असोपा के वैवाहिक जीवन की तकरार अब जग जाहिर हो चुकी है। दोनों लगातार एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। चारू जहां हर बिगड़ी बात का जिम्मेदार राजीव को बता रही हैं। वहीं, अब राजीव ने चारू के अतिरिक्त् मैरिटल अफेयर पर चुप्पी तोड़ी है। राजीव के अनुसार चारू का अफेयर टीवी अभिनेता करण मेहरा के साथ था। राजीव और चारू असोपा ने जितने धूम धाम से शादी की थी उतनी ही हलचल के साथ उनका ब्रेकअप भी हो रहा है। दोनों ने तलाक लेने का फैसला कर लिया है और इसके बाद से दोनों ने एक दूसरे पर आरोपों की झड़ी लगा रखी है। राजीव को इस्-ाका दुख है कि चारू को परिवार की तरफ से इतना प्यार और सपोर्ट मिला फिर भी वे ऐसा कर रही हैं। चारू ने हाल ही में आरोप लगाया था कि प्रेग्नेंसी के दौरान राजीव ने उन्हें धोखा दिया था। इस पर राजीव ने कहा, वह अपना संतुलन खो बैठी हैं और एक इंसान के तौर पर सम्मान भी। जो भी आरोप चारू ने लगाए हैं, उनका उनके पास कोई सबूत नहीं है। इतना प्यार देने के बाद भी वे हमारे साथ ऐसा कर रही है। मैं यह सब डिजर्व नहीं करता और मैं उसे इन सबके लिए कभी भी माफ नहीं करूंगा। उनका कहना है कि चारू की मां ने ही उनके और करण मेहरा के अफेयर के बारे में बताया था। वॉइस नोट में एक बात साफ है कि उसका करण मेहरा के साथ रोमांस चल रहा था। चारु ने करण के साथ रोमांटिक रील बनाई थी। ये सब चारू की मां ने मुझे बताया था। वह मुझ पर आरोप लगा रही हैं जबकि वह खुद शक के घेरे में हैं। बता दें राजीव सेन ने 2019 में चारू असोपा से शादी की थी। चारू की यह दूसरी शादी थी। राजीव के अनुसार, चारू ने यह बात सबसे छिपाकर रखी थी।

## राजस्थान के जवाई लेपर्ड सफारी पहुंची काजोल

**-बेटे युग संग लेपर्ड सफारी का लिया आनंद**



**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही में बालीवुड एक्ट्रेस काजोल राजस्थान के जवाई लेपर्ड सफारी पहुंची। यहां उन्होंने अपने बेटे युग के साथ काफी एंजॉय किया और अपने खूबसूरत पलों की एक झलक इंस्टाग्राम पर शेयर की। काजोल ने जंगल के वीडियो के साथ लिखा कि यहां हम सितारे नहीं हैं। काजोल को घूमने का शौक है और वे हमेशा अपने काम के बीच परिवार के साथ घूमने निकल पड़ती हैं। इस कड़ी में हाल ही में उन्होंने राजस्थान को हॉलिडे के लिए चुना। काजोल ने राजस्थान के बीजापुर स्थित जवाई लेपर्ड सफारी का मजा लिया। यहां उन्होंने अपनों के संग सुकून के कुछ पल बिताए। काजोल ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें उन्होंने वीडियोज और फोटोज के जरिए अपनी पूरी यात्रा को दिखाने की कोशिश की है। वीडियो में बेटा युग भी कैंडल की रोशनी के बीच पहाड़ियों पर बैठा नजर आ रहा है। इस वीडियो के साथ काजोल ने कैप्शन दिया है, एक ऐसा हॉलिडे जहां हम लोग शो के सितारे नहीं थे काजोल अक्सर कोशिश करती हैं कि अपने काम के बीच कुछ पल अपने लिए निकाल सकें। सनराइज से इस वीडियो की शुरूआत होती है और जंगल में लेपर्ड समेत और भी कई जानवर दिखाई देते हैं। साथ ही वीडियो का अंत में सनसेट दिखाई देता है।

## सामंथा ने अपनी हेल्थ को लेकर पोस्ट किया शेयर



आज के डिजिटल दुनिया के युग में, जहां हर कोई अपने जीवन की उपलब्धियों के बारे में बात कर रहा है और कंटेंट पोस्ट कर रहा है, वहीं लोगों के लिए अपनी कमियों या चुनौतियों का सामना करना अभी भी एक कम देखी जाने वाली बात है। लेकिन वहीं अगर बात करे सामंथा की, जो अपनी अपार लोकप्रियता, अपने काम, अपने आत्मविश्वास जैसे चीजों के लिए हर तरफ चर्चा का विषय रही हैं, ने अपने सोशल मीडिया पर अपने एक साहसी पोस्ट में अपने कमजोर साइड को साझा किया हैं। कैप्शन में उन्होंने लिखा, "यशोधा ट्रेलर के लिए आपकी प्रतिक्रिया जबरदस्त थी। यह प्यार और कनेक्शन है जो मैं आप सभी के साथ साझा करती हूं, जो मुझे जीवन में आने वाली अंतहीन चुनौतियों से निपटने की ताकत देता है। कुछ महीने पहले मुझे मायोसिटिस नाम की एक ऑटोइम्यून कंडीशन डायग्नोस की गई था। मैं इसमें सुधार आने के बाद इसे साझा करने की उम्मीद कर रही थी। लेकिन मुझे उम्मीद से थोड़ा ज्यादा समय लग रहा है। मैं धीरे-धीरे महसूस कर रही हूं कि हमें हमेशा अपनी मजबूत साइड रखने की जरूरत नही है। इस भेद्यता को स्वीकार करना कुछ ऐसा है जिससे मैं अभी भी संघर्ष कर रही हूं। डॉक्टरों को भरोसा है कि मैं बहुत जल्द पूरी तरह से ठीक हो जाऊंगी। मेरे अच्छे दिन और बुरे दिन रहे हैंङ्कफिजिकली और इमोशनली रूप सेङ्कऔर यहां तक कि जब यह ऐसा लगता है कि मैं इसका एक और दिन नहीं संभाल सकती, किसी तरह वह पल बीत जाता है। मुझे लगता है कि इसका मतलब केवल यह हो सकता है कि मैं ठीक होने के करीब एक दिन और हूं। आई लव यू.. यह भी गुजर जाएगा" वर्कफ्रंट पर, सामंथा अपनी अपकमिंग बहुभाषी फिल्म, 'यशोधा' के साथ दर्शकों को एक बार फिर से लुभाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसका ट्रेलर हाल ही में जारी किया गया था और जिसे सभी भाषाओं में अपार प्यार मिला था।

## पठान' के टीजर को लोगों बताया हॉलीवुड कॉपी



शाहरुख खान ने अपने जन्मदिन पर अपनी आने वाली फिल्म 'पठान' के टीजर का अनावरण किया, जिसको लेकर कुछ लोग तो बहुत खुश है और कुछ ने ना-राजगी जाहिर किया हैं। नाराज लोगों का कहना है कि यह हॉलीवुड फिल्मों की कॉपी है। शाहरुख की आने वाली फिल्म 'पठान' एक भारतीय जासूस की कहानी पर आधारित है। अभिनेता के लिए चार साल से अधिक के अंतराल के बाद तीन फिल्मों में से यह पहली फिल्म है। टीजर को लेकर एक नेटिजन ने 'पठान' के एक सीन की तुलना प्रभास की 2018 की फिल्म 'साहो' से की। सीन में शाहरुख जेटपैक का इस्तेमाल करते हुए उड़ते नजर आ रहे हैं। एक सोशल मीडिया यूजर ने 2005 की फिल्म 'दस' के एक दृश्य की ओर इशारा किया, जिसमें जायद खान ने बाइक चलाते समय एक टैंक को उड़ाने के लिए ग्रेनेड का इस्तेमाल किया था। वहीं किसी ने ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ अभिनीत 'वॉर' के ध्श्यों की तुलना की और तस्वीरें साझा की।

## नाज को परफॉर्मेंस के लिए बादशाह ने किया प्रोत्साहित

रैपर बादशाह ने नाज से कहा कि वह अपनी रैपिंग शैली और रचनात्मकता में बहुत विकसित और बेहतर हैं। बादशाह ने विकल्प द्विवेदी के बीच प्रतियोगिता का आनंद लिया, जिसे उनके स्टेज नाम विकेड सनी और नाज के नाम से जाना जाता है। एक के बाद एक हुई दोनों परफॉर्मेंस ने जज और दर्शकों का ध्यान खींचा। लेकिन बाद में, नाज ने अपनी रैप रचना 'किसी का हाथ अपने सर पे ना' के साथ अपनी योग्यता साबित की और विजेता बने। उन्होंने अपने रैपिंग स्टाइल और लिरिक्स से सभी को मदहोश कर दिया। उन्होंने आगे कहा, "आप किस स्तर पर सोच रहे हैं यह मेरी समझ से परे है लेकिन यह एक बड़ी लड़ाई थी। मुझे लगता है कि यह भारतीय हिप-हॉप की अब तक की सबसे दिलचस्प



लड़ाइयों में से एक है।" बता दें कि लोकप्रिय रैपर बादशाह 'हसल एमटीवी 2.0' निहार होदावड़ेकर के प्रदर्शन को देखकर पूरी तरह से चकित थे, जिन्हें उनके मंच नाम नाज से जाना जाता था।

## प्रियंका ने किया अपने हेयर प्रोडक्ट का प्रमोशन

**-वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से हो रहा वायरल**



**मुंबई (ईएमएस)।** कड़ी सुरक्षा के दौरान ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने मुंबई में अपने हेयर प्रोडक्ट का प्रमोशन किया। इस दौरान का एक्ट्रेस का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस दौरान प्रियंका से कहीं ज्यादा उनके उनके बॉडीगार्ड हर किसी नजरें ठहर गईं। दर-असल, गुरुवार को प्रियंका मुंबई के ताज में स्पॉट हुईं जहां पूरी मीडिया उन्हें कवर करने पहुंची थीं। इस दौरान प्रियंका के साथ उनका बॉडीगार्ड भी था, जो बेहद ही स्टाइलिश था। उनके बॉडीगार्ड ने पूरी कोशिश थी की वो पीसी को मीडिया से दूर रखे। ऐसे में उनके बॉडीगार्ड का बेबाक अंदाज, लुक्स, तेवर सब कैमरों में कैद हो गया और देखते ही देखते वो सोशल मीडिया सेंसेशन बन गया। हर तरफ बस प्रियंका के बॉडीगार्ड की ही चर्चा हो रही है। प्रियंका के बॉडीगार्ड को लेकर फैंस खूब कमेंट करते हुए उनके लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे। एक यूजर ने लिखा- प्रियंका का बॉडीगार्ड रायन रेनोल्ड्स जैसा दिख रहा है। वहीं दूसरे यूजर ने उन्हें डेडपूल जैसा बताया। वहीं एक अन्य यूजर ने कहा, 'प्रियंका बॉडीगार्ड भी अमेरिका से लेकर आई हैं। बता दें कि रॉयन रेनोल्ड्स बॉलीवुड एक्टर हैं जो फिल्म डेडपूल में थे। रायन मार्वल के सुपरहीरो हैं। अब तक इस वीडियो को काफी बार देखा जा चुका है। बता दें कि इस दौरान प्रियंका का लुक भी चर्चा में रहा। लोग उनकी तारीफ करते हुए बोले कि अब वो इंडियन नहीं लगती हैं। बता दें कि ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इन दिनों भारत आई हैं। एक्ट्रेस के भारत लौटते ही उनके फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं हैं। प्रियंका करीब तीन सालों के बाद मुंबई लौटीं हैं। यहां पर वो अपने हेयर प्रोडक्ट का प्रमोशन करने आई हैं।

## सफल कॅरियर हेतु बदलना पड़ा फ्लोरेंस पुघ को



26 वर्षीय अभिनेत्री फ्लोरेंस पुघ ने खुलासा किया कि जब वह एक किशोरी के रूप में लॉस एंजिल्स चली गईं तो वह डर गई थीं और उद्योग के मालिकों ने उन्हें अपनी उपस्थिति में कई बदलाव करने के लिए कहा था। अभिनेत्री फ्लोरेंस पुघ ने मनोरंजन उद्योग में अपने शुरूआती दिनों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने साझा किया कि अगर वह हॉलीवुड में एक सफल करियर चाहती है तो उन्हें "वजन कम करने" और उनके चेहरे का "आकार बदलने" के लिए कहा गया था। उन्होंने बताया, "मैं बहुत भाग्यशाली और आभारी महसूस कर रही थी, और मुझे विश्वास नहीं हो रहा था कि मुझे यह सबसे अच्छी नौकरी मिल गई है, वे सभी चीजें जो वे मेरे बारे में बदलने की कोशिश कर रहे थे - चाहे वह मेरा वजन हो, मेरा लुक हो, मेरे चेहरे का आकार हो, मेरी भौंहों का आकार हो - ऐसा नहीं था जो मैं करना चाहती थी, या जिस उद्योग में मैं काम करना चाहती थी।" अभिनेत्री की पहली बड़ी भूमिका 2014 की फिल्म 'द फॉलिंग' में आई और उन्होंने "स्टूडियो सिटी" नामक एक टीवी फिल्म में एक भूमिका निभाई, लेकिन फ्लोरेंस ने राज्यों में अपने अनुभव से निराश महसूस किया और चिंतित थी कि उन्होंने गलत कैरियर विकल्प चुना है।

### सूडोकु नवताल- 6243

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6242 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### शब्दजाल - 6990

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नी | म | गा | ई | ड | र | रे | फा | न | प | खा |
| न | ल | क | प | इं | डो | श | शि | या | ड़ | मो |
| अ | दा | क | ला | र | ग | मा | द | प्रे | प | शी |
| ती | ग | ल | म | ब | दू | औ | प | म | लि | ला |
| त | स | अ | सौ | ल | जा | र | कि | पु | ला | स |
| आ | इ | री | मो | व | आ | शे | त | जा | लू | पा |
| ग | जी | ल | क | व | प | रा | न | री | प्र | स |
| र | रि | भा | र | स | प | स | द | र | रा | वा |
| को | ह | रा | ना | थ | म | ज | जी | न | खी | न |
| न | ट | प | त्थ | र | के | स | न | म | प | श |
| ब | बी | स | सा | ल | बा | द | त्ता | प | क | र |

*शब्दजाल में 'वहीदा रहमान' अभिनीत 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.*

गाईड,नीलकमल,प्रेम पुजारी,रेशमा और शेरा,खामोशी,पत्थर के सनम,तीसरी कसम,कोहरा,राखी,बीस साल बाद

### शब्दजाल - 6989 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | मु | ग | अ | ए | अ | बा | ग | बां | ट |
| द | ज | ल | श | ज | मे | स | द | ह | कां | मो |
| र | स | न | रा | दी | छ | ज | आ | र्म | ख | ह |
| इं | स | ल | बी | दि | वा | स | र | ल | श | ब्ब |
| डि | आ | दो | ग | बो | ज | ना | प | सा | झ | तें |
| य | को | द | र | दि | ग | उ | खु | ण | ब | क |
| ती | व | लि | मी | या | प | र | दा | नां | व | सु |
| अं | एं | अ | या | द | ब | क | ग | ए | श | हा |
| क | ग | ल | प | र | गी | स | वा | औ | प | ग |
| अं | धा | का | नू | न | जी | त | ह | ओ | प | र |
| क | अ | म | रा | व | ती | स | आं | खें | प | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### अष्टयोग-5943

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 3 | | 4 | 6 |
| 6 | 34 | | 40 | 7 | 33 | |
| 3 | 1 | 5 | | | 2 | |
| | 22 | | 34 | 5 | 34 | 4 |
| | | 4 | 6 | | 7 | |
| 4 | 30 | | 30 | | 33 | |
| 7 | | 2 | 5 | 1 | | 3 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

अष्टयोग 5942 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 5 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 1 | 33 | 2 | 28 | 5 | 30 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 2 | 36 | 4 | 33 | 6 | 23 | 1 |
| 5 | 6 | 7 | 4 | 1 | 2 | 3 |
| 6 | 36 | 6 | 33 | 3 | 31 | 4 |
| 3 | 2 | 1 | 4 | 7 | 6 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# सुतीर्था मुखर्जी 68वीं अखिल भारतीय रेलवे टेबल टेनिस चैंपियनशिप की महिला चैंपियन, पोयमंती वैश्य पराजित

**प्रयागराज।**
68वीं अखिल भारतीय रेलवे टेबल टेनिस चैंपियनशिप की महिला वर्ग में सुतीर्था मुखर्जी चैंपियन बनीं। सात सेट के फाइनल मैच में मेट्रो की पोयमंती वैश्य को उन्होंने 4-2 से पराजित किया। हालांकि पोयमंती वैश्य ने पांचवें राउंड में सुतीर्था को कड़ी चुनौती दी थी। प्रयागराज के सूबेदारगंज स्थित रेलवे स्टेडियम में आज दोपहर 12 बजे के बाद व्यक्तिगत चैंपियन का फाइनल खेला गया।

**चैंपियनशिप का समापन :** 68वीं अखिल भारतीय रेलवे टेबल टेनिस चैंपियनशिप का समापन है। सेमीफाइनल मैच महिला व पुरुष वर्ग दोनों का आज हो रहा है। पिछले पांच दिनों से देश भर के रेलवे के टेबल टेनिस दिग्गज यहां खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं।

**सागरिका, सुतीर्था, प्राप्ति व पीबी के बीच सेमीफाइनल :** सूबेदारगंज स्थित रेलवे स्टेडियम में चल रही 68वीं अखिल भारतीय रेलवे टेबल टेनिस चैंपियनशिप की व्यक्तिगत स्पर्धा के सेमीफाइनल में सागरिका, सुतीर्था, प्राप्ति व पोयमंती वैश्य के बीच खेला गया। पुरुष वर्ग में ओमकार, अनिर्बान केपी व रोनित अपना दमखम दिखा रहे हैं।

**सात जोन की 29 महिला खिलाड़ी भी प्रतियोगिता में शामिल हैं :** चैंपियनशिप में उत्तर मध्य रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे, दक्षिण रेलवे, पश्चिम रेलवे, दक्षिण पश्चिम रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे, उत्तर सीमांत रेलवे, सीएलडब्ल्यू चितरंजन, मध्य रेलवे, उत्तर रेलवे, उत्तर पश्चिम रेलवे, पूर्व तटीय रेलवे, मेट्रो रेलवे, आइसीएफ चेन्नई के खिलाड़ी शामिल हैं। इसमें सात जोन की 29 महिला खिलाड़ी भी खेलीं। टेबल टेनिस में पांच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व इंडिया टाप टेन रैकिंग वाले कई खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे हैं। चैंपियनशिप में उत्तर मध्य रेलवे के पांच टेबल टेनिस खिलाड़ी इसमें हिस्सा लिए।

**एनसीआर पहली बार राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप का है मेजबान :** उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) की मेजबानी में पहली बार अखिल भारतीय स्तर पर कोई चैंपियनशिप का आयोजन हुआ है। टेबल टेनिस चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहे उत्तर मध्य रेलवे को इस चैंपियनशिप में कोई पदक तो नहीं मिलेगा लेकिन, शानदार आयोजन के लिए बोर्ड स्तर पर प्रोत्साहन मिलेगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान को 4 रन से हराया : राशिद खान की 23 बॉल में 48 रन की पारी भी एजीएफ को जीत नहीं दिला पाई



**नई दिल्ली ।** टी-20 वर्ल्ड कप के 38वें मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान को 4 रन से हरा दिया है। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 168 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 164 रन ही बना सकी। कंगारू टीम के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने सबसे ज्यादा 54 रन बनाए। उन्होंने 32 गेंद की पारी में छह चौके और दो छक्के लगाए। वहीं, मिचेल मार्श ने 30 गेंद पर 45 रनों की पारी खेली। अफगानिस्तान के लिए नवीन उल हक ने तीन और फजहलहक फारूकी ने दो विकेट लिए। राशिद खान और मुजीब उर रहमान को एक-एक सफलता मिली। अफगानिस्तान के लिए सबसे ज्यादा रन राशिद खान ने बनाए। उन्होंने 23 बॉल में 48 रन की पारी खेली। उनके बल्ले से 3 चौके और 4 छक्के निकले। उनका स्ट्राइक रेट 208.69 का रहा। अफगानिस्तान: रहमनुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), उस्मान गनी, इब्राहिम जादरान, गुलबदीन नायब, दरवेश रसूली, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी (कप्तान), राशिद खान, मुजीब उर रहमान, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी। ऑस्ट्रेलिया: कैमरून ग्रीन, डेविड वार्नर, मिचेल मार्श, स्टीवन स्मिथ, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड (कप्तान), पैट कमिंस, केन रिचर्डसन, एडम जम्पा, जोश हेजलवुड।

### किदांबी श्रीकांत ने किया बड़ा उलटफेर, सातवें नंबर के खिलाड़ी को रौंदा, सेमीफाइनल में पहुंचे



**सारब्रूकेन (जर्मनी) ।** भारत के अनुभवी खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने हाइलो ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने जर्मनी के सारब्रूकेन में विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को रौंदकर पुरुष एकल के सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया। 11वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने इस मैच को 21-13, 21-19 से अपने नाम कर लिया। श्रीकांत ने 2017 में यह खिताब अपने नाम किया था। उन्होंने जोनाथन क्रिस्टी को 39 मिनट में ही हरा दिया। इस जीत के बाद उनके फिर से चैंपियन बनने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। दोनों खिलाड़ियों के बीच यह 11वां मैच था। इससे पहले श्रीकांत और क्रिस्टी ने पांच-पांच मैच जीते थे। भारतीय खिलाड़ी ने क्वार्टर फाइनल को जीतकर क्रिस्टी को ऊपर पर 6-5 की बढ़त बना ली है। किंदाबी ने पिछले साल वर्ल्ड चैंपियनशिप में रजत पदक अपने नाम किया था। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला दुनिया के छठे नंबर के खिलाफ एंथनी सिनिसुका गिनटिंग से होगा। दोनों के बीच अब तक पांच मैच खेले गए हैं। एंथनी ने श्रीकांत पर 3-2 की बढ़त रखी है। श्रीकांत सेमीफाइनल को जीतकर खिताबी मुकाबले में अपना स्थान पक्का करने के साथ-साथ एंथनी के खिलाफ रिकॉर्ड को बराबरी पर भी लाना चाहेंगे। इससे पहले महिला युगल क्वार्टर फाइनल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने चीनी ताइपे की सू या चिंग और लिन वान चिंग को 21-17, 18-21, 21-8 से हराया। सेमीफाइनल में दोनों का सामना थाईलैंड की बेन्यापा एम्सार्ड और नुंतकर्ण एम्सार्ड की जोड़ी से होगा। वहीं, पुरुष युगल के क्वार्टरफाइनल में चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी की जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा। दोनों के इंग्लैंड के बेन लेन और सीन वेंडी ने मिलकर 21-17, 21-14 से हराया।

### धोनी ने आईपीएस पर लगाया कोर्ट की अवमानना का आरोपः मैच फिक्सिंग से जुड़े मामले में अदालत पहुंचे

**नई दिल्ली।** इंडियन क्रिकेट टीम के पूर्व कैप्टन महेंद्र सिंह धोनी ने मैच फिक्सिंग से जुड़े मामले में आईपीएस अधिकारी संपत कुमार के खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में उन्होंने संपत पर सुप्रीम कोर्ट और राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। धोनी ने कोर्ट से संपत के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने और समन जारी करने की मांग की है। कोर्ट में धोनी की इस याचिका को स्वीकार कर मामले को लिस्टेड कर लिया है, लेकिन इस पर सुनवाई नहीं हो पाई। धोनी ने 2014 में तत्कालीन संपत कुमार के खिलाफ दीवानी मुकदमा दायर किया था। यह मुकदमा संपत कुमार को मैच फिक्सिंग और स्पॉट फिक्सिंग में धोनी से जुड़ा कोई भी बयान देने से रोक लगाने के लिए दायर किया था। पूर्व कप्तान ने अदालत से हर्जाने के तौर पर 100 करोड़ रुपए का भुगतान करने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया था।

क्या भारत और इंग्लैंड का सेमीफाइनल होगा

# श्रीलंका को हरा इंग्लैंड अंतिम-4 में अब ग्रुप-2 के टॉपर से होगी भिड़ंत

**नई दिल्ली ।**
**इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराकर टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इस नतीजे के साथ ही सुपर-12 ग्रुप-1 की तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है। न्यूजीलैंड की टीम 7 पॉइंट्स के साथ टॉप पर रही है। इंग्लैंड के भी 7 पॉइंट्स हैं, लेकिन नेट रन रेट कमजोर होने की वजह से उसे दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा है।**



### 6 नवंबर को तय होगा सेमीफाइनल लाइनअप

ग्रुप-1 की टीमें तो डिसाइड हो गई हैं, ग्रुप-2 की स्थिति रविवार को साफ होगी। अभी भारत, साउथ अफ्रीका और पाकिस्तान की टीमें सेमीफाइनल में पहुंचने की होड़ में हैं। इनमें से किस टीम के क्या चांस हैं यह हम आगे जानेंगे। उससे पहले ग्रुप-2 की मौजूदा पॉइंट्स टेबल देख लेते हैं।

### साउथ अफ्रीका की टीम जीती तो सेमीफाइनल पक्का

रविवार को पहला मैच साउथ अफ्रीका और नीदरलैंड के बीच होगा। इस मैच में जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका की सेमीफाइनल में एंट्री पक्की हो जाएगी। इस स्थिति में उसके सात पॉइंट्स होंगे। हालांकि, उसे ग्रुप में अपना पोजीशन जानने के लिए दिन के आखिरी मैच यानी भारत और जिम्बाब्वे मुकाबले तक इंतजार करना होगा। अगर साउथ अफ्रीका को इस मैच में हार मिलती है तो भी उसके सेमीफाइनल में प्रवेश की उम्मीद कायम रहेगी। इसके लिए जरूरी होगा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश मैच बारिश में धुल जाए।

### पाकिस्तान की उम्मीद नीदरलैंड और जिम्बाब्वे से

पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए बांग्लादेश के खिलाफ हर हाल में जीत हासिल करनी होगी। इसके अलावा उसे साउथ अफ्रीका या भारत में से किसी एक की हार की दुआ करनी होगी। साउथ अफ्रीका का मैच नीदरलैंड से और भारत का मुकाबला जिम्बाब्वे से है। अगर पाकिस्तान की टीम बांग्लादेश से हार जाती है तो वह रेस से बाहर हो जाएगी। बांग्लादेश पर जीत के बावजूद पाकिस्तान बाहर हो जाएगा अगर साउथ अफ्रीका और भारत दोनों अपने-अपने मुकाबले जीत लें।

### भारत जीता तो इंग्लैंड से सेमीफाइनल

भारतीय टीम अपने आखिरी लीग मैच में जिम्बाब्वे को हरा देती है तो उसके आठ पॉइंट्स हो जाएंगे। इस स्थिति में टीम का ग्रुप-2 में नंबर-1 पर रहना पक्का हो जाएगा। इस स्थिति में 10 नवंबर को भारत का सेमीफाइनल मुकाबला इंग्लैंड से होगा। अगर साउथ अफ्रीका और पाकिस्तान दोनों अपने-अपने आखिरी मैच जीत जाते हैं तो जिम्बाब्वे से हार की स्थिति में भारतीय टीम टूर्नामेंट से लगभग बाहर हो जाएगी। भारत-जिम्बाब्वे मुकाबला अगर बारिश से धुल जाता है तो भी भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। ऐसे में टीम इंडिया की ग्रुप में पोजीशनिंग साउथ अफ्रीका और पाकिस्तान के आखिरी मैचों के नतीजों पर निर्भर होगी।

# स्कूलों में फुटबाल को बढ़ावे के लिए एक और कदम, अरुण मल्होत्रा ने फीफा अध्यक्ष से मुलाकात की



**जम्मू।**
अरुण मल्होत्रा ने एआईएफएफ के नए पदाधिकारियों, कार्यकारी समिति के सदस्यों और फीफा अध्यक्ष के सम्मान में तकनीकी समिति द्वारा आयोजित भारत में स्कूल के लिए फुटबॉल कार्यक्रम शुरू करने के अवसर पर फीफा अध्यक्ष गियानी इन्फेंटिनो से मुलाकात की। भारत में स्कूलों के लिए फुटबॉल कार्यक्रम शुरू करने के लिए फीफा, शिक्षा मंत्रालय और एआईएफएफ के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। जिससे देश भर में बड़ी संख्या में स्कूलों में फुटबॉल के खेल का प्रचार किया जाएगा। इन्फेंटिनो ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से पहले कहा कि वह भारत की क्षमता में बहुत विश्वास करते हैं।

भारत एक महान राष्ट्र है। यह अपने आप में बहुत सारे कौशल वाला एक महाद्वीप है, न कि केवल फुटबॉल में। सबसे अहम चीज है देश में जो दिल और जज्बा है। हमें फुटबॉल में इसकी जरूरत है। विश्व फुटबॉल पर शासन करने वाले लोगों से मिलना सौभाग्य और सम्मान की बात है और हम एएफसी और फीफा के समर्थन से आशान्वित और आश्वस्त हैं। भारतीय फुटबॉल हमारे अध्यक्ष कल्याण चौबे के नेतृत्व और मार्गदर्शन में आने वाले भविष्य में नई ऊंचाइयों को छुएगा इस मौके पर धरती पुत्र अरुण मल्होत्रा ने कहा कि वह ओएनजीसी के आभारी हैं, जो हमेशा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित और प्रेरित करती है। अरुण मल्होत्रा जम्मू-कश्मीर के युवाओं की सच्ची आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करेंगे और इस स्तर पर उनका होना इस क्षेत्र के सभी इच्छुक खिलाड़ियों के लिए फायदेमंद साबित होगा। जैसा कि जम्मू के एक फुटबॉलर ने कहा है। फुटबॉल बिरादरी ने उम्मीद जताई है कि अरुण, जो तकनीकी सदस्य हैं। एआईएफएफ जम्मू-कश्मीर में फुटबॉल में क्रांति लाएगा।

प्रासंगिक रूप से हाल ही में समाप्त हुए फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की तर्ज पर, फीफा अध्यक्ष के साथ आज की बैठक फुटबॉल दिग्गजों के साथ बैठक की एक सतत प्रक्रिया के रूप में हुई है।

# बेल्जियम-नीदरलैंड मिलकर पुरुष और महिला हॉकी वर्ल्ड कप की करेंगे मेजबानी, 2026 में होंगे टूर्नामेंट

**नई दिल्ली ।**
**बेल्जियम और नीदरलैंड को 2016 पुरुष और महिला हॉकी वर्ल्ड कप की मेजबानी संयुक्त रूप से मिली है। दोनों देश मिलकर इन दोनों टूर्नामेंट का आयोजन करेंगे। एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) ने इसकी जानकारी दी। एफआईएच के कार्यवाहक अध्यक्ष सैफ अहमद की अध्यक्षता में कार्यकारी बोर्ड की वर्चुअल बैठक के दौरान यह फैसला लिया गया।**



अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने एक बयान में कहा, संयुक्त आयोजन जुलाई या अगस्त 2026 में एम्स्टर्डम/एम्स्टेलवीन (नीदरलैंड) और वावरे (बेल्जियम) में होगा। इसमें महिला और पुरुष टीमें दोनों स्थानों पर खेलेंगी। सीईओ थियरी वेइल ने कहा, एफआईएच की ओर से मैं उन सभी राष्ट्रीय संघों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मेजबानी के लिए बोली लगाई।

थियरी वेइल ने आगे कहा, हमें कई अच्छे प्रस्ताव मिले और इसलिए यह निर्णय लेना एक विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण काम था। हम मौजूदा महिला और पुरुष विश्व और ओलंपिक चैंपियंस क्रमशः नीदरलैंड और बेल्जियम के राष्ट्रीय संघों के साथ काम करने के लिए बहुत उत्सुक हैं। निस्संदेह दोनों मिलकर एक शानदार टूर्नामेंट का आयोजन करेंगे। अगले साल पुरुष वर्ल्ड कप का आयोजन भारत में होना है। ओडिशा के राउरकेला और भुवनेश्वर को टूर्नामेंट की मेजबानी सौंपी गई है। नीदरलैंड को चौथी बार पुरुष वर्ल्ड कप मेजबानी मिली है। वह इससे पहले 1973, 1998 और 2014 में मेजबानी कर चुका है। महिला वर्ल्ड कप की बात करें तो वह 1986, 2014 और 2022 में इसका आयोजन कर चुका है। बेल्जियम में पहली बार पुरुष और महिला वर्ल्ड कप के मैच होंगे।

# क्या वेटरन धवन पंजाब को दिला पाएंगे आईपीएल का ताज: किंग्स ने 15 कप्तान बदले; युवराज, गिलक्रिस्ट, सहवाग जैसे दिग्गजों ने संभाली कमान

**चंडीगढ़।**
दुनिया की सबसे बड़ी लीग इंडियन प्रीमियर लीग का नया सीजन करीब 4 माह दूर है। फिलहाल, मिनी ऑक्शन की तैयारी चल रही है। 15 नवंबर प्लेयर रीटेन करने की आखिरी तारीख है। लेकिन, टीमें अभी से नए सीजन की तैयारियों में जुट गई हैं। इसी के चलते पंजाब किंग्स ने अपना कप्तान बदल दिया है। फ्रेंचाइजी ने शिखर धवन को नया कप्तान बनाया है।

36 साल के धवन युवा मयंक अग्रवाल की जगह लेंगे। वे फ्रेंचाइजी के 15वें कप्तान होंगे। लेकिन, क्या वेटरन क्रिकेटर धवन पंजाब की टीम को आईपीएल का ताज दिला पाएंगे... हम इस स्टोरी में इस सवाल का जवाब ढूंढने की कोशिश करेंगे।

फ्रेंचाइजी ने 12 साल के सफर में 15 कप्तान बदले हैं। लेकिन, एक बार भी चैंपियन नहीं बनी। सिक्सर किंग युवराज सिंह प्रीति जिंटा की ओनरशिप वाली टीम के पहले कप्तान थे। उसके बाद एडम गिलक्रिस्ट और वीरेंद्र सहवाग जैसे बड़े नाम इस सूची में जुड़ते चले गए। लेकिन, सफलता किसी को नहीं मिली। हां, 2014 में टीम ने फाइनल तक का सफर तय किया।



एक दशक लंबे इंटरनेशनल करियर के बाद पिछले साल धवन को पहली बार टीम इंडिया की कमान मिली थी। वे श्रीलंका दौरे के लिए कप्तान बनाए गए थे। कोलंबों में धवन ने वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम की। हालांकि, टी-20 सीरीज में उन्हें शिकस्त झेलनी पड़ी। इसके बाद उन्हें जुलाई-2022 में वेस्टइंडीज दौरे के लिए दोबारा कप्तान बनाया गया। इस दौरे में युवाओं से भरी टीम इंडिया ने धवन की कप्तानी में कमाल कर दिया। टीम कैरेबिया से 3-0 से क्लीन स्वीप करके लौटी। उसके बाद घर में साउथ अफ्रीका पर जीत के साथ ही धवन ने वनडे कप्तान के रूप में अपनी प्रोफाइल को मजबूत किया। हालांकि, उनके नाम कोई बड़ी खिताब नहीं है।

### धवन ने पंजाबी में शुक्रिया अदा किया

पंजाब किंग्स ने एक ट्विट के जरिए यह जानकारी साझा की। उसने एक वीडियो पोस्ट किया। जिसमें शिवर धवन पंजाबी में फैंस का शुक्रिया अदा करते नजर आए। उन्होंने कहा- मुझे बहुत गर्व है कि मैं पंजाब टीम का कप्तान बना। आप सभी की दुआओं और प्यार के कारण मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। तो मैं बहुत खुश हूं, मैं पूरी टीम का धन्यवाद करना चाहता हूं। हम लोग नए सीजन की ओर देख रहे हैं। पूरी टीम अच्छी तैयारी करेगी और जरूर चैंपियन बनेगी।

शरत कमल का नाम खेल रत्न के लिए प्रस्तावित

# अर्जुन अवॉर्ड की सूची में किसी भी क्रिकेटर का नाम नहीं

**नई दिल्ली ।**
भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल का नाम खेल रत्न पुरस्कार के लिए प्रस्तावित किया गया है। वहीं, अर्जुन अवॉर्ड के लिए बैडमिंटन के युवा स्टार लक्ष्य सेन और महिला मुक्केबाज निकहत जरीन सहित 25 खिलाड़ियों के नाम को भेजा गया है। अचंता शरत कमल ने इस साल राष्ट्रमंडल खेलों में तीन स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, खेल रत्न पुरस्कार के लिए सिर्फ शरत कमल के नाम को भेजा गया है। वह दो बार एशियाई खेलों में पदक जीत चुके हैं।कमल दो बार के एशियाई खेलों के पदक विजेता भी हैं। शरत के नाम राष्ट्रमंडल खेलों में कुल सात स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदक हैं। एशियाई खेलों और एशियन चैंपियनशिप में उन्होंने दो-दो कांस्य जीत हैं। शरत कमल खेल रत्न पाने वाले दूसरे टेबल टेनिस खिलाड़ी हो सकते हैं। उनसे पहले मनिका बत्रा को यह पुरस्कार दिया जा चुका है। अर्जुन अवॉर्ड की बात करें तो मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लक्ष्य सेन, निखहत जरीन, शतरंज खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंद, पहलवान अंशु मलिक और सरिता मोर सहित कुल 25 नामों की सिफारिश की गई है। गौरतलब है कि इस साल अर्जुन अवॉर्ड के लिए किसी क्रिकेटर के नाम की सिफारिश नहीं की गई है।



### लक्ष्य और निकहत की उपलब्धियां

लक्ष्य सेन ने पिछले साल वर्ल्ड चैंपियनशिप में पुरुष एकल का कांस्य पदक जीता था। वह ऑल इंग्लैंड ओपन में उपविजेता भी रहे। वह थॉमस कप में स्वर्ण जीतने वाली पुरुष बैडमिंटन टीम का भी हिस्सा थे। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुष एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और उन्होंने मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक भी अपने नाम किया। वहीं, मुक्केबाज निकहत जरीन ने राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था और इससे पहले उन्होंने इस्तांबुल विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।

### खेल रत्न पुरस्कारः अचंता शरत कमल

**अर्जुन अवॉर्डः** सीमा पुनिया (एथलेटिक्स), एल्धोस पॉल (एथलेटिक्स), अविनाश साबले (एथलेटिक्स), लक्ष्य सेन (बैडमिंटन), एचएस प्रणय (बैडमिंटन), अमित पंघाल (मुक्केबाजी), निकहत जरीन (मुक्केबाजी), भक्ति कुलकर्णी (शतरंज), आर प्रज्ञानानंद (शतरंज), दीप ग्रेस एक्का (हॉकी), सुशीला देवी (जूडो), साक्षी कुमारी (कबड्डी), नयन मोनी सैकिया (लॉन बॉल), सागर ओवलकर (मल्लखंब), इलावेनिल वालारिवन (शूटिंग), ओम प्रकाश मिथरवाल (शूटिंग), श्रीजा अकुला (टेबल टेनिस), विकास ठाकुर (वेटलिफ्टिंग), अंशु मलिक (कुश्ती), सरिता मोर (कुश्ती), परवीन (वुशु), मानशी जोशी (पैरा बैडमिंटन), तरुण ढिल्लों (पैरा बैडमिंटन), स्वप्निल पाटिल (पैरा स्विमिंग), जेरलिन अनिका जे (बधिर बैडमिंटन)।

## अच्छा सोचें और सिर दर्द घटाएं



सरदर्द, आज की जीवनशैली में होने वाली सबसे आम समस्या है और इसका कारण तनाव से लेकर माइग्रेन तक हो सकता है। तनाव की स्थिति में गर्दन की मांस पेशियों में सिकुड़न हो जाती है। शायद आपको यह आश्चर्यजनक लगे कि, अपनी प्रतिदिन की दिनचर्या में थोड़ा सा बदलाव लाकर आप सरदर्द से बच सकते हैं। अगर आपके सरदर्द का कारण भी तनाव है, तो तनाव का मुकाबला करना सीखें।

## साफ हवा सुधारती है बच्चों के फेफड़ों की सेहत

साफ हवा में सांस लेना अमूमन सभी के लिए सेहतमंद माना जाता है, लेकिन बच्चे के लिए एक और भी फायदेमंद है। ताजा शोध के मुताबिक साफ हवा बच्चे के फेफडे की बेहतर सेहत के लिए लाभदायक है। शोध के अनुसार बच्चे के आसपास साफ हवा मुहैया कराने की कोशिश बचपन में उसके फेफडे की सेहत के लिए अच्छा तो है ही, यह भविष्य में भी उसके लिए फायदेमंद रहता है।

## डायलिसिस से बचा सकती है स्टेम सेल थैरेपी



शोधकर्ताओं ने ऐसी चिकित्सा पद्धति ईजाद की है, जिसके प्रयोग से डायलिसिस या किडनी प्रत्यारोपण की स्थिति से बचा जा सकता है। वैज्ञानिकों ने अपने शोध में पहली बार एंटी स्कैरिंग एजेंट के साथ स्टेम सेल थैरेपी के प्रभाव का अध्ययन किया। इसके माध्यम से किडनी के क्षतिग्रस्त होने के संकेतों को बदलना संभव है। परिपक्व स्टेम सेल सेरेलेक्सिन प्रोटीन से मिलकर क्षतिग्रस्त किडनी को ठीक कर सकता है।

स्पेशल ट्रीटमेंट

# कब होती है नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की जरूरत...



**बीते** कुछ वर्षों में नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की प्रक्रिया काफी प्रचलित हो गई है। केवल अमेरिका में ही हर साल लगभग 600,000 लोगों की नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की जाती है। भारत में भी इसका आंकड़ा काफी बड़ा है। लेकिन आप कैसे जानेंगे कि आपको वाकई नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की जरूरत है। क्योंकि नी रिप्लेसमेंट से कई जोखिम भी जुड़े होते हैं। इसलिए आपके लिए ये जानना जरूरी होता है कि सर्जरी में कुछ गड़बड़ होने पर आपको किन जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है। चलिए जानें नी रिप्लेसमेंट सर्जरी करने से पहले जान लेने वाली 5 बेहद जरूरी बातें -

**रिप्लेसमेंट सर्जरी के साइड इफेक्ट:** डॉक्टरों के अनुसार घुटनों में अर्थराइटिस होने या फिर किसी चोट आदि से कई बार बेहद मुश्किल स्थिति पैदा हो जाती है और बेहद दर्द होने लगता है। और फिर जैसे-जैसे घुटने जवाब देने लगते हैं, चलना-फिरना, उठना-बैठना, यहां तक कि बिस्तर से उठ पाना भी मुश्किल हो जाता है। तो ऐसे में दोनों घुटनों का नी-रिप्लेसमेंट ऑपरेशन किया जाता है। इस सर्जरी में इसमें जांघ वाली हड्डी, जो घुटने के पास जुड़ती है और घुटने को जोड़ने वाली पैर वाली हड्डी, दोनों के कार्टिलेज काट कर उच्चस्तरीय तकनीक से प्लास्टिक फिट किया जाता है।

**एनेस्थीसिया साइड इफेक्ट्स :** कुछ बड़ी सर्जरी में बेसुध करने के लिए एनेस्थीसिया दिया जाता है ताकि रोगी को ऑपरेशन के दौरान दर्द का आहसास न हो। अधिकांश मामलों में एनेस्थीसिया सुरक्षित होता है और कोई समस्या पैदा नहीं करता है, लेकिन फिर भी कहीं न कहीं इसके साइड इफेक्ट की गुंजाइश रहती ही है। इसके प्रतिकूल प्रभाव निम्न प्रकार से हो सकते हैं- ■ मतली और उल्टी, ■ चक्कर आना, ■ उनींदापन, ■ सांस की नली की सूजन, ■ दांतों को नुकसान, ■ वोकल कॉर्ड्स को चोट, ■ धमनियों में चोट

**सर्जरी में डीप वेन थ्रंबोसिस का जोखिम:** डीप वेन थ्रंबोसिस और पल्मोनरी एम्बोलिस्म दोनों ही टर्म फेफड़ों में रक्त के थक्के जमने वाली स्थिति लिए प्रयोग की जाती हैं। सभी सर्जरी खून के थक्कों के बनने के जोखिम को बढ़ाती हैं, लेकिन नी रिप्लेसमेंट सर्जरी जैसी आर्थोपेडिक प्रक्रियाओं में जोखिम बढ़ जाता है। आमतौर पर सर्जरी के बाद के पहले दो हफ्तों के भीतर रक्त के थक्के ज्यादा जमते हैं। इसलिए इनके लक्षणों के प्रति सचेत रहना चाहिए ताकि आपातकाल की स्थिति में समय से चिकित्सकीय मदद ली जा सके।

**इंप्लांट विफल हो सकता है:** कृत्रिम घुटने कई तरह से विफल हो सकते हैं, जैसे सर्जरी के बाद उनका न मुड़ पाना, दर्द बना रहना या ढीला हो जाना। घुटना ढ़ीला रह जाए तो इसे समायोजित करने की जरूरत पड़ती है।

**ओस्टियोलिसिस हो सकता है:** कुछ मरीजों में इंप्लांट वाले प्लास्टिक (पॉलीथीन) के टुकड़े शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को सक्रिय करने वाले कणों को उत्पन्न कर सकते हैं। ऐसे में वाइट ब्लड सेल इन कणों पर हमला कर उन्हें पचा सकती हैं। दुर्भाग्यवश वाइट ब्लड सेल हड्डियों को भी कमजोर बना सकती है।

**क्या करें:** जिन्दगी की भागदौड़ में घुटने अकसर कमजोर पड़ ही जाते हैं, इसलिए चलते-फिरते और यहां तक कि आराम के वक्त भी इनकी सेहत का ध्यान रखें। घुटनों ने यदि दर्द, सूजन या टेढ़ेपन जैसा कोई संकेत दिया है तो इसे नजरअंदाज न करें। दवाई, एक्सरसाइज और चिकित्सकीय मदद आदि विकल्प आपके घुटनों की उम्र बढ़ा सकते हैं।




# बुढ़ापे से मुक्ति दिलाता है उषा पान...



**काकचण्डीश्वर** कल्पतन्त्र नामक आयुर्वेदीय ग्रन्थ में रात के पहले प्रहर में पानी पीना विषतुल्य बताया गया है। मध्य रात्रि में पिया गया पानी दूध के सामान लाभप्रद बताया गया हैं। प्रातःकाल यानी सूर्योदय से पहले पिया गया जल मां के दूध के समान लाभप्रद कहा गया है। यह इतना लाभप्रद है कि रोग और बुढ़ापे से मुक्ति दिला सकता है। लोहे के बर्तन में रखा हुआ दूध और तांबे के बर्तन में रखा हुआ पानी पीने वाले को कभी लिवर और रक्त संबंधी रोग नहीं होते और रक्त हमेशा शुद्ध बना रहता है। उषा पान के लिए पिया जाने वाला जल तांबे के बर्तन में रात भर रखा जाए, तो उससे और भी स्वस्थ्य लाभ प्राप्त हो सकेंगे। जल से भरा तांबे का बर्तन सीधे भूमि के संपर्क में नहीं रखना चाहिए, अपितु इसको लकड़ी के टुकड़े पर रखना चाहिए। और पानी हमेशा नीचे उकड़ू बैठकर यानी घुटनों के बल उत्कर आसान में बैठकर पीना चाहिए। ऐसे लोग जिन्हें यूरिक एसिड बढ़े होने की शिकायत है उनके लिए तो सुबह उषा पान करना किसी रामबाण औषिधि से कम नहीं है।

### क्या है उषा पान

प्रातः काल यानी रात्रि के अंतिम प्रहार में पिया जाने वाल जल, दूध इत्यादि को आयुर्वेद और भारतीय धर्म शास्त्रों में उषा पान शब्द से संबोधित किया गया है। सुप्रसिद्ध आयुर्वेदीय ग्रन्थ 'योग रत्नाकर' सूर्य उदय होने के निकट समय में जो मनुष्य आठ प्रसर मात्रा में जल पीता हैं, वह रोग और बुढ़ापे से मुक्त होकर सौ वर्ष से भी अधिक जीवित रहता है।

### कब करें उषा पान

प्रातःकाल बिस्तर से उठ कर बिना मुख प्रक्षालन यानी कुल्ला इत्यादि बिना किए हुए ही पानी पीना चाहिए। कुल्ला करने के बाद पिए जाने वाले पानी से सम्पूर्ण लाभ नहीं मिल पाता। ध्यान रहे पानी मल मूत्र त्याग के भी पहले पीना है।

### उषा पान के फायदे

सवेरे तांबे के बर्तन में रखा हुआ पानी पीने से अर्श यानी बवासीर, शोथ(सोजिश), ग्रहणी, ज्वर, पेट के रोग, बुढ़ापा, कोष्ठगत रोग, मोटापा, मूत्राघात, रक्त पित्त यानी शरीर के किसी भी मार्ग में होने वाला रक्त स्त्राव, त्वचा के रोग, कान नाक गले सिर एवं नेत्र रोग, कमर दर्द तथा अन्यान्य वायु, पित्त, रक्त और कफ, मासिक धर्म, कैंसर, आंखों की बीमारी, डायरियां, पेशाब संबंधी बीमारी, किड़नी, टीबी, गठिया, सिरदर्द आदि से संबंधित अनेक व्याधियां धीरे धीरे समाप्त हो जाती हैं।

### जल की नैसर्गिक शक्ति



जल में एक नैसर्गिक विद्युत होती है, जो रोगों का विनाश करने में समर्थ होती हैं। इसलिए जल के विविध प्रयोगों से शरीर के सूक्ष्म अति सूक्ष्म, ज्ञान तंतुओ के चक्र पर अनूठा प्रभाव पड़ता है, जिस से शरीर के मूल भाग मस्तिष्क की शक्ति और क्रियाशीलता में चमत्कारिक बढ़ोतरी होती है। एक कहावत हैं-प्रातः काल खाट से उठकर, पिए तुरतहि पानी। उस घर वैद्य कबहुं नहीं आए बात घाघ ने जानी।

**साफ जल के नुकसान** मगर आज एक सोची समझी साजिश के तहत हमारे जल को भी अति दूषित कर दिया गया है और इसको साफ करने के लिए जो विधियां हम इस्तेमाल करते हैं वे पानी को साफ तो करती हैं मगर साथ में पानी में मौजूद मिनरल्स भी निकाल देती हैं। इसलिए जब हम पहाड़ों पर कभी जाते हैं तो वहां के पानी में बहुत बढ़िया स्वाद आता है।



इम्पोर्टेंट फेक्ट्स

# दिल में आक्सीजन की कमी एन्जाइना का संकेत



**कंठ-शूल** (एन्जाइना) सीने में होने वाला दर्द या दबाव है जो हृदय में रक्त के प्रवाह में कमी के कारण उत्पन्न होता है। आपकी बांहों, जबड़े या पीठ के ऊपरी भाग में भी दर्द महसूस हो सकता है। यह दर्द इस बात का संकेत है कि आपके हृदय को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल रही है। यह इस बात का लक्षण है कि आपको दिल का दौरा रोकने के लिए उपचार की आवश्यकता है।



### कंठ-शूल के लक्षण

एन्जाइना के लक्षण काफी कुछ दिल के दौरे के लक्षणों जैसे हो सकते हैं।

- सीने, बांहों, जबड़े, कंधों या गर्दन में दर्द या दबाव, या खिंचाव अथवा भारीपन महसूस होना।
- पसीना आना।
- सांस फूलना।
- मितली या उल्टी आना।
- पेट में दर्द।
- बेहद थकान लगना, चक्कर या बेहोशी महसूस करना।

कुछ लोगों को कोई लक्षण महसूस नहीं होते। अगर आप जो कुछ कर रहे हैं उसे रोककर आराम करें तो अक्सर एन्जाइना के दर्द में आराम मिल जाता है। अगर आपके डॉक्टर ने आपको बताया है कि आपको एन्जाइना है, तो आपको दर्द होने पर दवा दी जा सकती है। इस दवा को नाइट्रोग्लिसरीन कहते हैं।

### कब कराएं उपचार

एन्जाइना के लक्षण महसूस हो रहे हों और उसका उपचार करने के लिए दवा न हो। अपनी दवा ले ली हो लेकिन आपके लक्षण दूर न हो रहे हों या आपको ऐसे नए लक्षण महसूस हो रहे हों जो पहले कभी न हुए हों। आपातचिकित्सा टीम के आने तक बैठें या लेट जाएं। गाड़ी चलाकर अस्पताल न जाएं और न ही अपने डॉक्टर को फोन कर देर करें।

### जरूरी सुझाव

आपको हृदय की समस्या है या नहीं यह देखने के लिए आपकी जांच की जाएगी। आपको दवाएं देनी शुरू की जा सकती हैं या आपके हृदय को रक्त प्रवाह में सुधार के लिए अन्य प्रक्रियाएं की जा सकती हैं। आपके डॉक्टर आपको कम वसा वाला भोजन करने और अपने हृदय का स्वास्थ्य बेहतर बनाने के लिए व्यायाम करने का सुझाव भी दे सकते हैं। अगर आपके डॉक्टर नाइट्रोग्लिसरीन सुझाते हैं, तो अपने डॉक्टर के आदेश के अनुसार दवा का प्रयोग करें। अधिक जानकारी के लिए, नाइट्रोग्लिसरीन हैंडआउट मांगें।

## जान सकेंगे शादी के बाद की जिंदगी कैसे जीएं?

# वैडिंग कोचिंग से हल होंगी परेशानियां

शादी का नाम सुनकर जहां दिल में गुदगुदी होती है, वहीं नए रिश्ते की शुरुआत के बारे में सोच कर मन आशंकाओं के समुद्र में गोते खाता रहता है। युवितयों के मन में अनेक सवाल जैसे शादी के बाद ससुराल में जींस पहनने देंगे या नहीं, पहली बार कौन सी डिश पकवाएंगे, पति को जाने मेरी किस बात का बुरा लग जाए, मायके ज्यादा आने देंगे कि नहीं, सासू मां का स्वभाव कैसा होगा, नौकरी करने देंगे या नहीं... आदि जहां परेशान करते हैं, वहीं निजी समस्याओं का भी डर सताता है, परंतु इन बातों का समाधान कहीं से नहीं मिलता। कौन समझे मन की बातें घर में दादी-नानी, मां, दीदी और भाभी की नसीहतें सुन-सुन कर दिल कई बार डरता है। सहेलियां हमउम्र होने के कारण उसकी परेशानियों को सुनकर भी कोई राय नहीं दे पातीं। ऐसे में आजकल वैडिंग कोचिंग का प्रचलन बढ़ता जा रहा है, कोचिंग में जाकर शादी से पहले हम खुद को मानसिक तौर पर तैयार कर लेते हैं।



### मिल जाते हैं सवालों के जवाब

विवाह से पहले ही रिश्तों और उनकी मर्यादाओं के साथ अन्य पहलुओं को भी समझ लिया जाए तो विवाह में बिखराव और अलगाव की नौबत नहीं आती। इसके लिए घर की किसी बुजुर्ग महिला की नसीहतों के अलावा दुल्हन के लिए वैडिंग कोचिंग बढ़िया रहती है, जहां उसे पति-पत्नी के संबंधों से ताल्लुक रखने वाले छोटे से छोटे सवालों के जवाब काउंसिलिंग में मिल जाते हैं। क्या है वैडिंग कोचिंग विदेशों की तर्ज पर अब महानगरों में भी वैडिंग स्ट्रेस कोचिंग सेंटर खुलने लगे हैं, जिससे विवाह के बाद ही नहीं, विवाह से पहले भी एक-दूसरे की पसंद-नापसंद, इच्छा-अनिच्छा आदि को समझने में आसानी हो। दोनों एक-दूसरे की जरूरतें समझने के साथ फैमिली प्लानिंग पर भी विचार कर सकें। सिर्फ 2-3 सिटिंग ही इसके लिए काफी हैं।

### मानसिक तौर पर खुद को करें तैयार

मैरिज काउंसलर की मानें तो आज की पीढ़ी में पहले की तुलना में समर्पण, धैर्य और त्याग जैसी भावनाएं काफी कम होने लगी हैं, सो ऐसी कोचिंग उन्हें एक-दूसरे को समझने में मदद करती है। कामकाजी दुल्हनों को कई बार एकल परिवार के ही दायित्व निभाने में भी दिक्कत आती है। पति के साथ अहं का टकराव होने से भी वैवाहिक जीवन को संभाल पाना कठिन हो जाता है। सफल वैवाहिक रिश्ते के लिए युगल स्वयं को मानसिक स्तर पर पहले तैयार करें। विवाह से पहले घर बसाने के लिए व्यावहारिक बातों की शिक्षा परिवार के बुजुर्गों द्वारा जरूर दी जाती है, लेकिन उसमें भी अहम बातें छूट जाती हैं। प्री-मैरिटल काउंसिलिंग में विवाह योग्य लड़के-लड़कियों को एक-दूसरे के विचारों से सामंजस्य बैठाना सिखाया जाता है।

# स्किन से जुड़ी प्रॉब्लम्स को दूर करती है, सुपारी

अक्सर देखा गया है कि सुपारी का इस्तेमाल ज्यादातर पूजा में किया जाता है। यह गर्ण तासीर की होती है। इसे जलाकर उसकी राख को दांतों को साफ किया जाता है और दांत चमकीले होते हैं। सुपारी बड़ी और छोटी होती है। आज हम आपको इसे इस्तेमाल करने पर होने वाले लाभ के बारे में बताएगें।



- अगर आपके मसूड़ों से खून है तो सुपारी लेकर उसका मोटा कूटकर काढ़ा बना लें। इस काढ़े से रोज कुल्ला करने पर मसूड़ों से खून आना बंद हो जाता है।
- अगर आपको बहुत ज्यादा यूरिन की समस्या हो रहा है तो ऐसे में सुपारी का पाउडर लेकर 1 या 2 ग्राम गाय के घी के साथ इस्तेमाल करें।
- हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में सुपारी में मौजूद टैनिन बहुत ही उपयोगी होती है।
- इसका अधिक प्रयोग रक्तभार को कम करता है तथा चक्कर आने लगता है।
- सुपारी का इस्तेमाल दांतों की सड़न को रोकने के लिए मंजन के रूप में किया जाता है क्योंकि इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं।
- अगर आपके दांतों में कीड़ा लगा है तो सुपारी को जलाकर उसका पाउडर बना लें और इससे रोजाना ब्रश करें।
- अगर आपको कही चोट लगने से घाव हो गया हो और खून बह रहा है तो ऐसे में इसका बारीक पाउडर लगाने से खून बहना बंद हो जाता है।
- जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या है और उसका मुंह सूखे तो वह एक सुपारी का टुकड़ा मुंह में रख लें। ऐसी करने से मुंह बार-बार नही सूखेगा।
- दाद, खाज, खुजली और चकत्ते होने पर सुपारी को पानी के साथ घिसकर लेप करने से फायदा होता है। बहुत ज्यादा खुजली होने पर सुपारी की राख को तिल के तेल में मिलाकर लगाने से लाभ होता है।

रेसिपी



### फ्रूट क्रीम

**सामग्री**

400 ग्राम क्रीम, 100 ग्राम चीनी, 100 ग्राम सेब (कटा हुआ), 50 ग्राम अनार, 50 ग्राम पपीता(कटा हुआ), 50 ग्राम आड़ू (कटा हुआ), 50 ग्राम अनानास (कटा हुआ), 35 ग्राम बादाम (कटे हुए)

**विधि**

सबसे पहले एक बाऊल में क्रीम और चीनी को अच्छी तरह मिक्स कर लें। मिक्स करने के बाद इसमें सेब, अनार, पपीता, आड़ू, अनानास और बादाम डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। अब इसे 30 मिनट के लिए फ्रीज करें। फ्रीज करने के बाद पिस्ता और चेरी के साथ गार्निश करके सर्व करें।



### रवा उत्तपम

**सामग्री**

1 कप रवा या सूजी, 1 छोटा चम्मच नमक, तीन चौथाई कप दही, आधा कप पानी, आधा छोटा चम्मच फ्रूट सॉल्ट, 1 छोटा टमाटर, 1 छोटा प्याज, 1 छोटी शिमला मिर्च, 2 कटी हरी मिर्च, 1 बड़ा चम्मच हरा धनिया, डेढ़ बड़े चम्मच तेल

**विधि**

बर्तन में सूजी, नमक और दही लें, थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए सभी सामग्रियों को आपस में मिला लें। मिश्रण को 10 मिनट के लिए अलग रखें। 10 मिनट बाद सूजी काफी पानी सोख लेगी, सूजी हल्की होनी चाहिए। उसमें चम्मच चलाएं, यदि जरूरत लगे तो थोड़ा पानी और मिलाएं। हरी मिर्च का डंठल हटा कर उसे अच्छे से धोकर काट लें। प्याज को धो लें और फिर इसे बारीक काट लें। टमाटर को भी छोटा-छोटा काट लें। शिमला मिर्च को बीच से दो भागों में काट लें तथा इसका डंठल और बीज हटा दें। अब शिमला मिर्च को धोकर छोटा-छोटा काट लें। सूजी के घोल में कटी हरी मिर्च, हरा धनिया, टमाटर, प्याज और शिमला मिर्च डाल कर अच्छे से मिलाएं। सूजी के मिश्रण में ईनो डालें और उसके ऊपर एक छोटा चम्मच पानी डाल कर घोल को अच्छे से एक दिशा में एक मिनट तक फेंटें। अब मध्यम आंच पर एक तवा गर्म करें और जब तवा गर्म हो जाए तो इसको गीले कपड़े या फिर किचन पेपर से पोंछ लें। एक चम्मच कटोरी में सूजी का घोल लेकर लगभग 4 इंच का उत्तपम फैलाएं। दोनों तरफ से थोड़ा तेल लगा कर इसे अच्छे से सेकें। इसमें 2-3 मिनट का समय लगता है। स्वादिष्ट और पौष्टिक उत्तपम तैयार है। सर्व करने के लिए, अब इसे सांभर और नारियल की चटनी के साथ सर्व करें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**